Website- Edristi.in

# नवम

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 1 अंक - 2 अक्टूबर, 2017 ₹ 50.00

## 9वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन, 2017



## केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार

## तीन तलाक असंवैधानिक करार

## निजता का अधिकार मौलिक अधिकार

# प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए। दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (**1** अगस्त से **31** अगस्त, **2017**) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

# Contents


राष्ट्रीय परिदृश्य ..... 8

नौवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2017 ..... 8

केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार ..... 9

उच्चतम न्यायालय द्वारा निजता का अधिकार मौलिक अधिकार घोषित ..... 10

तीन तलाक पर उच्चतम न्यायालय के संवैधानिक पीठ का ऐतिहासिक निर्णय ..... 11

नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत की राजकीय यात्रा ..... 13

'मेंटर इंडिया' अभियान ..... 14

उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति, 2017 ..... 14

भूजल संरक्षण मिशन ..... 15

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2017 ..... 16

स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण-2017 ..... 17

वेंकैया नायडू देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित ..... 17

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य ..... 19

विश्व में 100 सबसे अमीर टेक अरबपतियों की सूची-2017 ..... 19

विश्व के उच्चतम भुगतान पाने वाले अभिनेताओं की सूची, 2017 ..... 20

फॉर्च्यून '40 अंडर 40' सूची-2017 ..... 20

विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की सूची-2017 ..... 21

बिम्सटेक की 15वीं मंत्रिस्तरीय बैठक ..... 21

विश्व की सर्वाधिक अभिनव कंपनियों की सूची-2017 ..... 22

ब्रिक्स देशों के व्यापार मंत्रियों की सातवीं बैठक ..... 23

ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक ..... 23

आर्थिक परिदृश्य ..... 24

वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का चौथा अग्रिम अनुमान ..... 24

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 200 रु. के नए बैंकनोट जारी होंगे ..... 25

तृतीय द्विमासिक मौद्रिक नीति-2017-18 ..... 25

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक पहली बार 10,000 अंक के आंकड़े से ऊपर ..... 26

वैज्ञानिक परिदृश्य ..... 26

विश्व का सबसे छोटा सर्जिकल रोबोट ..... 26

ग्लो-इन-द-डार्क शार्क की खोज ..... 27

घावों की चिकित्सा हेतु जैव-गोंद ..... 27

'आईएन एलसीयू एल-52' नौसेना में शामिल ..... 28

भारत का पहला मानव रहित युद्धक टैंक ..... 28

आईसीजीएस शौर्य भारतीय तटरक्षक बल में शामिल ..... 29

आरडीईएल द्वारा दो नौसैनिक अपतटीय गश्ती जहाज लांच ..... 29

मेढक की 3 नयी प्रजातियों की खोज ..... 30

खेल परिदृश्य ..... 30

टेनिस ..... 30

सिटी ओपन, 2017 ..... 31

स्विस ओपन गैस्टेड, 2017 ..... 31

स्वीडिश ओपन, 2017 ..... 32

जर्मन ओपन, 2017 ..... 32

क्रोएशिया ओपन उमाग, 2017 ..... 33

हॉल ऑफ फेम टेनिस चैंपियनशिप, 2017 ..... 33
क्रिकेट ..... 34
भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरा, 2017 (टेस्ट शृंखला) ..... 34
भारत की U-19 क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा, 2017 ..... 34
हॉकी ..... 35
भारतीय हॉकी टीम का यूरोप दौरा, 2017 ..... 35
महिला हॉकी वर्ल्ड लीग-2016-17 ..... 35
फुटबॉल ..... 36
स्पेनिश सुपर कप, 2017 ..... 36
शतरंज ..... 36
55वीं राष्ट्रीय शतरंज चैलेंजर प्रतियोगिता, 2017 ..... 36
बैडमिंटन ..... 37
यूरेशिया बुल्गारियन ओपन, 2017 ..... 37
न्यूजीलैंड ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड ..... 37
रशिया ओपन ग्रैंड प्रिक्स, 2017 ..... 38
यूएस ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड, 2017 ..... 39
मुक्केबाजी ..... 40
6वां गोल्डेन क्लब ऑफ वोज्वोदीनाः युवा महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट ..... 40
48वीं ग्रां. प्री. उस्ती नाद लाबेम चैंपियनशिप ..... 40
फॉर्मूला वन ..... 41
हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2017 ..... 41
एथलेटिक्स ..... 42
वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2017 ..... 42
खेल विविध ..... 43
ग्रामीण (देहाती) खेलों का आयोजन ..... 43
हैंडीकैप इंटरनेशनल के सद्भावना राजदूत ..... 43
राष्ट्रमंडल युवा खेल, 2017 ..... 44
इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कप्तान का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ..... 45
क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच मैचों के लिए प्रतिबंधित ..... 45
हैंडीकैप इंटरनेशनल के सद्भावना राजदूत ..... 46
संक्षिप्तियां ..... 46
चर्चित व्यक्ति ..... 46
डॉ. आर.के. राघवन ..... 46
एयर इंडिया के अंतरिम अध्यक्ष ..... 47
टीसीआईएल के नए सीएमडी ..... 47
जनरल मोटर्स इंडिया के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ..... 48
आईबीबीआई के नए कार्यकारी निदेशक ..... 48
एम.के. दामोदरन ..... 48
फिरोज मर्चेंट ..... 49
इंफोसिस लि. बोर्ड के नए गैर-कार्यकारी अध्यक्ष ..... 49
रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष ..... 49
टाटा संस के नए मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त ..... 50
रेलवे सुरक्षा बल के नए महानिदेशक ..... 50

श्रीलंका के नए नौसेना प्रमुख ..... 50
राज्य सभा के नए महासचिव ..... 51
भारत में रूस के नए राजदूत ..... 51
एस. पॉल ..... 51
डॉ. रुथ कैथेरिना मार्था फॉव ..... 52
विशाल सिक्का ..... 52
भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त ..... 52
टाटा मोटर्स के नए मुख्य वित्तीय अधिकारी ..... 53
दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र शारीरिक गतिविधि हेतु डब्ल्यूएचओ के नए सद्भावना राजदूत ..... 53
डॉ. चंद्रकांत देवताले ..... 53
भारत पर्यटन विकास निगम के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ..... 54
हुसैन सईदुद्दीन डागर ..... 54
रॉबर्ट हार्डी ..... 55
संतोष मोहन देव ..... 55
उहुरु केन्याटा ..... 55
दिलीप चौहान ..... 56
केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष ..... 56
जेट एयरवेज के नए सीईओ ..... 57
सांवर लाल जाट ..... 57
पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष ..... 57
नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष ..... 58
विश्व बैंक की नयी कार्यकारी निदेशक ..... 58
रवि बांगर ..... 59
एफबीआई के नए निदेशक ..... 59
सिडबी के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ..... 59
हसन रुहानी ..... 60
पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री ..... 60
सैम शेपर्ड ..... 61
उत्तर प्रदेश के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर ..... 61
एन. धरम सिंह ..... 62
**चर्चित स्थल** ..... 62
इको-पार्क ..... 62
राष्ट्रीय खेल संग्रहालय ..... 62
पूर्वोत्तर में दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास ..... 63
स्पेन ..... 63
चीन द्वारा विदेश में पहला सैन्य अड्डा स्थापित ..... 63
**योजना/परियोजना** ..... 64
निधि-ई.आई.आर.योजना ..... 64
क्लाइमेट-स्मार्ट हिम तेंदुआ परिदृश्य प्रबंधन योजना ..... 64
सीसीईए द्वारा संपदा योजना के पुनः नामकरण को मंजूरी ..... 65
छात्रों हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना ..... 66
हमराज ऐप ..... 66
वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना ..... 67

मोटरबाइक एंबुलेंस सेवा ..... 67
संचार क्रांति योजना ..... 68
वर्षाधारी परियोजना ..... 69
डिजिटल पुलिस पोर्टल ..... 69
मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना ..... 69
मोबाइल ऐप माइफास्टैग और फास्टैग पार्टनर का शुभारंभ ..... 70
भारत बिल भुगतान प्रणाली ..... 70
जियो पारसी पब्लिसिटी फेज-2 ..... 71
भारत की पहली मोबाइल टिकटिंग प्रणाली ..... 71
भारत की पहली हेली-टैक्सी सेवा के शुभारंभ की घोषणा ..... 72
अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना ..... 72
उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की वेबसाइट का लोकार्पण ..... 73
भारत की पहली हेली-टैक्सी सेवा के शुभारंभ की घोषणा ..... 73
अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना ..... 74
उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की वेबसाइट का लोकार्पण ..... 74
मोबाइल ऐप 'आरंभ' ..... 75
यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक्स-बॉक्स (एसएचई-बॉक्स) ..... 75
राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना ..... 76
ऑपरेशन/अभियान ..... 76
स्कूलों में ई-कचरे के निपटान हेतु अभियान ..... 76
भारत-बांग्लादेश के तटरक्षकों का संयुक्त अभ्यास ..... 77
विशेष स्वच्छता अभियान ..... 77
'हरित दिवाली, स्वस्थ दिवाली' अभियान का शुभारंभ ..... 78
एमएमआर टीकाकरण अभियान ..... 78
तीव्र मिशन इंद्रधनुष ..... 79
आयोग/समिति ..... 80
भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिवार वित्त समिति की रिपोर्ट प्रकाशित ..... 80
आर्थिक बदलाव के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस पर कार्यबल का गठन ..... 80
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के उपश्रेणीकरण की समीक्षा आयोग के गठन को मंजूरी ..... 81
सेबी द्वारा उचित बाजार व्यवहार पर समिति का गठन ..... 81
डेटा संरक्षण फ्रेमवर्क पर विशेषज्ञ समूह का गठन ..... 82
जीएसटी परिषद द्वारा मुनाफाखोरी के खिलाफ राष्ट्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति हेतु समिति ..... 82
सम्मेलन/समारोह ..... 83
पैन इंडिया हथकरघा और हस्तशिल्प शिविर ..... 83
दिल्ली पुस्तक मेला, 2017 ..... 84
शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के सरकार के प्रमुखों की 9वीं बैठक ..... 84
प्रथम राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा महोत्सव ..... 84
विश्व शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा हेतु वार्ताः संवाद-II ..... 85
बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने पर राष्ट्रीय कार्यशाला ..... 85
8वीं विश्व नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कांग्रेस-2017 ..... 86
अकाल मुक्त भारत के लिए राष्ट्रीय जल सम्मेलन ..... 86
वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017 ..... 87
लाइफ स्टाइल एंड फूड फेस्टिवल ..... 87

भारत-आसियान युवा सम्मेलन-2017 ..... 87
मेकांग-गंगा सहयोग की 8वीं मंत्रिस्तरीय बैठक ..... 88
सार्क देशों के कलाकार शिविर और पेंटिंग प्रदर्शनी का 7वां संस्करण ..... 89
सार्क देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की छठी बैठक ..... 89
बैकिंग लोकपाल का वार्षिक सम्मेलन-2017 ..... 90
राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के युवा पुलिस अधीक्षकों और सीएपीएफ के कमांडेंटों का राष्ट्रीय सम्मेलन ..... 90
ब्रिक्स यूथ फोरम- 2017 ..... 91
संधि/समझौता ..... 91
कर्नाटक कृषि विभाग और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया में समझौता ..... 91
अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान के साथ समझौता ..... 92
रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड में समझौता ..... 92
चीन और श्रीलंका के मध्य समझौता ..... 93
बीएसई और मिस्र एक्सचेंज में समझौता ..... 93
पंजाब नेशनल बैंक और बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस में समझौता ..... 94
राजस्थान सरकार और एचपीसीएल में समझौता ..... 94
भारत व स्वीडन के मध्य समझौता ..... 95
ईईएसएल और तीन तेल विपणन कंपनियों में समझौता ..... 96
इंजेक्शन सुरक्षा कार्यक्रम ..... 96
महाराष्ट्र महिला आयोग और यूएनडीपी में समझौता ..... 97
भारत और सोमालिया में समझौता ..... 98
भारत और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों के बीच एमओयू ..... 98
बीएसएफ और एनएसडीसी में समझौता ..... 99
दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संकुलों को मंजूरी ..... 99
भारतीय विमानन प्राधिकरण एवं उत्तराखंड सरकार में समझौता ..... 100
इराक-ईरान में समझौता ..... 100
भारत और बांग्लादेश में समझौता ..... 101
संघ/संगठन ..... 101
यूएसआईएसपीएफ की स्थापना ..... 101
केंद्र सरकार द्वारा एनसीआरबी का बीपीआरडी के साथ विलय ..... 102
विधि/न्याय ..... 103
राज्यसभा चुनाव में नोटा विकल्प के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ..... 103
वक्फ अधिनियम में संसोधन ..... 103
भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) विधेयक, 2017 ..... 104
उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (तैतालीसवां संशोधन) नियमावली, 2017 ..... 104
भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान विधेयक, 2017 ..... 105
उच्चतम न्यायालय द्वारा दहेज उत्पीड़न मामले में पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तारी से रोक पर दिशा-निर्देश ..... 105
मंत्रिमंडल द्वारा संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) आदेश, 1954 में संशोधन को पूर्वव्यापी मंजूरी ..... 106
आर्किटेक्ट्स (संशोधन) विधेयक, 2010 ..... 106
वर्ष/दिवस/सप्ताह ..... 107
राष्ट्रीय खेल दिवस-2017 ..... 107
परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस ..... 107
संस्कृत दिवस ..... 108
विश्व मानवतावादी दिवस ..... 108

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस ..... 108
विश्व अंगदान दिवस ..... 109
विश्व हाथी दिवस ..... 109
विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस ..... 110
अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस ..... 110
विश्व जैवईंधन दिवस ..... 111
राष्ट्रीय हथकरघा दिवस ..... 111
विश्व स्तनपान सप्ताह ..... 111
विश्व हेपेटाइटिस दिवस ..... 112
विविध ..... 113
ओबीसी क्रीमिलेयर आय सीमा में वृद्धि ..... 113
खेल प्रतिभा खोज पोर्टल का शुभारंभ ..... 113
सदी का सबसे बड़ा सूर्यग्रहण ..... 114
37वीं इंडिया डे परेड ..... 114
शगुन का डिजिटल संस्करण 'पोस्टकार्ड' लांच ..... 114
होंडा का विश्व का सबसे बड़ा दुपहिया वाहन संयंत्र ..... 115
महिलाओं हेतु मुफ्त यात्रा की घोषणा ..... 115
उत्तर प्रदेश सचिवालय में पत्रावलियों के रख-रखाव हेतु ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने का निर्णय ..... 116
सकल घरेलू उत्पादन में पर्यटन क्षेत्र का योगदान ..... 116
हैटांग तूफान ..... 117
व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन ..... 118
सोवरन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के दिशा-निर्देशों में संशोधन को स्वीकृति ..... 118
'इंडिया क्वेक' और 'सागरवाणी ऐप' लांच ..... 119
सीआरपीएफ की 78वीं वर्षगांठ ..... 119
माइक्रोसॉफ्ट 'कैजाला' (Kaizala) ..... 120
'राष्ट्रीय गीत' के संदर्भ में मद्रास हाईकोर्ट का निर्णय ..... 120
सिडबी द्वारा मर्चेंट बैंकिंग परिचालन की शुरूआत ..... 121
चाय बैग में स्टेपलर पिन पर प्रतिबंध ..... 122
प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निजी भूमि पर सस्ते आवासों के निर्माण को मंजूरी ..... 122
मेट्रो में मुफ्त पानी और शौचालय की सुविधा ..... 123
द्वीप विकास एजेंसी (IDA) की पहली बैठक ..... 123
मल्टी करेंसी फोरेक्स कार्ड ..... 124
विश्व का सबसे छोटा अंतरिक्षयान ..... 124
राष्ट्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय व परिसर का उद्घाटन ..... 125
शौर्य पुरस्कार विजेताओं हेतु वेबसाइट लांच ..... 125
सरल बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट योजना की राशि स्वीकृत ..... 126
नमामि गंगे जागृति यात्रा ..... 126
विश्व की पहली ग्रीन मेट्रो ..... 127
नाइट्रोजन वाले ड्रिंक पर रोक ..... 127
'ग्लोबल टाइगर डे' कार्यक्रम ..... 128
सांकेतिक भाषा में बना भारतीय राष्ट्रगान वीडियो लांच ..... 128
मृत्यु पंजीकरण हेतु 'आधार संख्या' अनिवार्य ..... 129
सैनिक रेस्ट हाउस का उद्घाटन ..... 129

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## नौवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2017

**प्रश्न-10वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन कहां किया जायेगा?**

(a) नई दिल्ली

(b) जोहान्सबर्ग

(c) नानजिंग

(d) सेंटपीटर्सबर्ग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3-5 सितंबर, 2017 के मध्य 9वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन (9th BRICS Summit) का आयोजन झियामेन (Xiamen), चीन में किया गया।
- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व तीसरा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन अप्रैल, 2011 में सान्या, चीन में आयोजित हुआ था।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने की।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'ब्रिक्सः एक उज्ज्वल भविष्य के लिए मजबूत साझेदारी' (BRICS: Stronger Partnership for Brighter Future) था।
- तीन दिवसीय 9वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में मेजबान राष्ट्र चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील के राष्ट्रपति मिशेल टेमर, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन एवं दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा ने प्रतिभाग किया।
- इस शिखर बैठक में सदस्य देशों के बीच आर्थिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई।
- इस शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद को संपूर्ण विश्व के लिए खतरा बताते हुए इससे कड़ाई से निटपने पर जोर दिया।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान 4 सितंबर, 2017 को ब्रिक्स सदस्य देशों ने 71 बिंदुओं वाला 'झियामेन घोषणा पत्र' स्वीकार किया।
- संयुक्त घोषणा पत्र में पाकिस्तान का नाम लिए बिना सदस्य देशों में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हुए कहा गया है कि 'यह संगठन ब्रिक्स देशों सहित विश्व भर में आतंकवाद के प्रत्येक स्वरूप की निंदा करता है, हमले चाहे जहां हुए हों, जिसने भी किए हों, आतंकी कार्यवाहियों को किसी भी तरह सही नहीं माना जा सकता है।
- पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद पर भारत की चिंता को समझते हुए ब्रिक्स शिखर बैठक में, पाकिस्तान से सक्रिय आतंकी गुटों लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हक्कानी नेटवर्क और कुछ अन्य ऐसे ही संगठनों को सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए हिंसा का दोषी ठहराया गया है।
- जिन अन्य गुटों के नाम लिए गए हैं उनमें तालिबान, आईएसआईएस/दायश (DAISH) तथा अलकायदा शामिल हैं।
- यह पहला मौका है जब ब्रिक्स घोषणा पत्र में किसी आतंकी गुट का नाम लेकर उसकी हरकतों पर चिंता जताई गई।
- **ब्रिक्स शिखर सम्मेलन-2017 के दौरान 4 सितंबर, 2017 को ब्रिक्स नेताओं की उपस्थिति में निम्नलिखित 4 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए-**

  (i) आर्थिक और व्यापार सहयोग पर ब्रिक्स एक्शन एजेंडा।

(ii) नवाचार सहयोग (वर्ष 2017-2020) के लिए ब्रिक्स एक्शन प्लान।
(iii) ब्रिक्स सीमा शुल्क सहयोग की कूटनीतिक संरचना।
(iv) ब्रिक्स बिजनेस काउंसिल और न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB) के बीच समझौता ज्ञापन।

- गौरतलब है कि ब्रिक (BRIC) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम गोल्डमैन साक्स (Goldman Sachs) द्वारा वर्ष 2001 में आगामी अर्ध शताब्दी में वैश्विक आर्थिक प्रवृत्तियों के अध्ययन के संदर्भ में अपने वैश्विक आर्थिक पत्र 'द वर्ल्ड नीड्स बेटर इकोनॉमिक ब्रिक्स' (The World Needs Better Economic BRICs) में किया था।
- प्रारंभ में इस समूह में भारत, ब्राजील, रूस एवं चीन ही शामिल थे।
- वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका को भी इस समूह में सम्मिलित करने पर सहमति बनी थी।
- परिणामस्वरूप दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2011 में सान्या, चीन में आयोजित तीसरे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुआ।
- जिससे ब्रिक (BRIC) से ब्रिक्स (BRICS) बन गया।
- ब्रिक्स पांच प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जहां विश्वभर की 42.58 प्रतिशत आबादी रहती है, जहां विश्व का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 22.53 प्रतिशत है।
- जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2018 में अपनी अध्यक्षता में '10वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन' की मेजबानी करेगा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170490

## केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार

**प्रश्न-3 सितंबर, 2017 को हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल के विस्तार के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

(i) केंद्रीय मंत्रिमंडल में 4 कैबिनेट तथा 9 राज्य मंत्री शामिल किए गए।
(ii) पीयूष गोयल देश के नए रेल मंत्री बने।
(iii) नितिन गडकरी देश के नए रक्षा मंत्री बने।
(iv) धर्मेंद्र प्रधान देश के नए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बने।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

(a) केवल (i) एवं (iii)
(b) केवल (i) एवं (ii)
(c) केवल (i), (ii), (iii) एवं (iv)
(d) केवल (ii) एवं (iv)

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 सितंबर, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार एवं फेरबदल किया गया।
- मंत्रिमंडल विस्तार में 4 मंत्रियों को प्रोन्नत कर कैबिनेट मंत्री तथा 9 नए राज्यमंत्री बनाए गए।
- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में इन सभी नए मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।
- जिन 4 मंत्रियों को प्रोन्नत कर केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। उनमें धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, निर्मला सीतारमण एवं मुख्तार अब्बास नकवी शामिल हैं।
- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेदारी संभाल रही निर्मला सीतारमण को देश का नया रक्षा मंत्री बनाया गया।
- गौरतलब है कि 35 वर्षों के बाद देश को महिला रक्षा मंत्री मिली हैं।

- इससे पूर्व प्रधानमंत्री रहते हुए इंदिरा गांधी रक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल चुकी हैं।
- लेकिन स्थायी महिला रक्षा मंत्री की यह पहली नियुक्ति है।
- इसके अलावा पीयूष गोयल को रेल एवं कोयला मंत्री, धर्मेंद्र प्रधान को पेट्रोलियन एवं प्राकृतिक गैस एवं कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री तथा मुख्तार अब्बास नकवी को अल्पसंख्यक कार्य मंत्री बनाया गया है।
- 9 नए बनाए गए राज्य मंत्रियों में से 3 मंत्रियों को स्वतंत्र प्रभार दिया गया है।
- हरदीप सिंह पुरी को आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राजकुमार सिंह को बिजली राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), तथा अलफोंस कन्नथानम को पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री बनाया गया।
- इसके अलावा राजेंद्र सिंह शेखावत को कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री, डॉ. सत्यपाल सिंह को मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री और जल संसाधन, नदी विकास व गंगा संरक्षण मंत्रालय में राज्य मंत्री, शिव प्रताप शुक्ला को वित्त राज्य मंत्री, डॉ विरेंद्र कुमार को महिला व बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री और अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय में राज्य मंत्री, अश्विनी कुमार चौबे को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा अनंत कुमार हेगड़े को कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय में राज्यमंत्री बनाया गया।
- इस मंत्रिमंडल विस्तार के पश्चात कुछ प्रमुख मंत्रियों के विभाग में बदलाव किया गया जो इस प्रकार है-

  (i) सुरेश प्रभु-वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

  (ii) उमा भारती-पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

  (iii) नितिन गडकरी- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार

  (v) गिरिराज सिंह-सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार)।

  (vi) कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर-युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री।
- इस विस्तार के उपरांत अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कुल 76 मंत्री हो गए हैं।
- इसमें से 27 कैबिनेट मंत्री, 11 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा 37 राज्य मंत्री शामिल हैं।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/narendramodi/status/904220665267445760

## उच्चतम न्यायालय द्वारा निजता का अधिकार मौलिक अधिकार घोषित

**प्रश्न-24 अगस्त, 2017 को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर की अध्यक्षता वाली कितनी सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार घोषित किया?**

(a) 5 (b) 8 (c) 9 (d) 6

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को उच्चतम न्यायालय ने देश के प्रत्येक नागरिक को प्रभावित करने वाले अपने ऐतिहासिक फैसले में निजता के अधिकार (Right to Privacy) को भारतीय संविधान के तहत मौलिक अधिकार घोषित किया।
- मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर की अध्यक्षता वाली 9 सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मत से अपने निर्णय, में कहा कि "निजता का अधिकार" भारतीय संविधान के भाग तीन का स्वाभाविक अंग है जो कि अनुच्छेद 21(जीवन के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) के तहत आता

है।संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में न्यायमूर्ति जे. चेलामेशवर, न्यायमूर्ति एस.ए. बोबडे, न्यायमूर्ति आर.के. अग्रवाल, न्यायमूर्ति आर.एफ. नरीमन, न्यायमूर्ति ए.एम. सप्रे, न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति एस. अब्दुल नजीर शामिल हैं।

- उल्लेखनीय है कि यह निर्णय विभिन्न जन-कल्याण कार्यक्रमों का लाभ उठाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा आधार कार्ड को अनिवार्य करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं से जुड़ा हुआ है।निजता के अधिकार का मुद्दा केंद्र सरकार की तमाम समाज कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आधार को अनिवार्य करने संबंधी सरकार के कदम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान उठा था।प्रारंभ में तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने 7 जुलाई, 2017 को कहा कि अंतिम व्यवस्था बृहद पीठ देगी और संविधान पीठ के गठन की जरूरत पर निर्णय मुख्य न्यायाधीश करेंगे।इसके बाद, मुख्य न्यायाधीश के समक्ष इसका उल्लेख किया गया तो उन्होंने इस मामले में सुनवायी के लिए 5 सदस्यीय संविधान पीठ गठित की थी|18 जुलाई, 2017 को 5 सदस्यीय संविधान पीठ ने उच्चतम न्यायालय की 6 और 8 सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा क्रमशः खड़क सिंह (1960) और एम.पी. शर्मा (1950) प्रकरण में दी गई व्यवस्थाओं के सही होने की विवेचना के लिए 9 सदस्यीय संविधान पीठ गठित करने का निर्णय किया था।
- उपरोक्त दोनों प्रकरणों में हुए निर्णय के अनुसार, निजता का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है।19 जुलाई, 2017 को केंद्र ने उच्चतम न्यायालय में कहा कि निजता का अधिकार पूर्ण नहीं हो सकता, इसका नियमन किया जा सकता है।
- केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा कि निजता का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं है।26 जुलाई, 2017 को कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, पंजाब और पुडुचेरी, गैर-भाजपा शासित चार राज्य निजता के अधिकार के पक्ष में न्यायालय पहुंचे।1 अगस्त, 2017 को उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सार्वजनिक मंच पर व्यक्ति की निजी सूचनाओं की सुरक्षा के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश होने चाहिए।
- 2 अगस्त, 2017 को न्यायालय ने कहा कि प्रौद्योगिकी के दौरान निजता की सुरक्षा का सिद्धांत एक 'हारी हुई लड़ाई' है और फैसला सुरक्षित रखा था।

**संबंधित लिंक**

http://www.bhasha.ptinews.com/news/1629454_bhasha

## तीन तलाक पर उच्चतम न्यायालय के संवैधानिक पीठ का ऐतिहासिक निर्णय

**प्रश्न-हाल ही में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) को समाप्त कर दिया। तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला विश्व का पहला देश कौन-सा था?**

(a) ईरान (b) मिस्र (c) इराक (d) बांग्लादेश

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे.एस. खेहर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अपने ऐतिहासिक निर्णय में 18 माह की सुनवाई के बाद 3-2 के बहुमत से तीन तलाक (तलाक-ए-बिद्दत) की प्रथा को समाप्त कर दिया।उच्चतम न्यायालय ने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 के तहत असंवैधानिक कहा है।

- इस पांच सदस्यीय संविधान पीठ में मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर के अलावा न्यायमूर्ति रोहिंटन फली नरीमन, न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ, न्यायमूर्ति यू.यू. ललित तथा न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर शामिल थे।
- न्यायमूर्ति जे.एस. खेहर और न्यायमूर्ति अब्दुल नजीर ने अल्पमत निर्णय में तीन तलाक को गलत माना, लेकिन इसे रद्द करने से इंकार कर दिया।
- उच्चतम न्यायालय ने (बहुमत की राय में) कहा कि 'तीन तलाक गैरकुरानी और गैर इस्लामी है। यह इस्लाम का अभिन्न अंग नहीं है। कोई भी ऐसी चीज जो गैरकुरानी है, उसकी इजाजत नहीं दी जा सकती। जो धर्म में गलत है, वह कानून में सही नहीं हो सकता है।न्यायमूर्ति जे.एस. खेहर ने कहा कि 6 माह के दौरान कोई पति-पत्नी को तीन तलाक नहीं देगा।उच्चतम न्यायालय ने संसद को इस पर कानून बनाने का निर्देश भी दिया।ज्ञातव्य है कि वर्ष 2016 में देहरादून के मुस्लिम समुदाय की एक महिला 'शायरा बनो' द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाई करते हुए 30 मार्च, 2017 को उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय पीठ द्वारा तीन तलाक के मामले को पांच न्यायाधीशों की संवैधानिक पीठ को सौंप दिया गया था।
- 11 मई, 2017 से तीन तलाक के मुद्दे पर संवैधानिक पीठ ने सुनवाई शुरू की।
- न्यायालय मित्र (Amicus Curiae) सलमान खुर्शीद ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस्लाम के तहत निकाह में एक पुरुष और एक महिला के अधिकार एवं उत्तरदायित्व विभाजित हैं। कुरान, तलाक के लिए मध्यस्थता और सुलह के अवसर प्रदान करने के लिए तीन महीने की प्रक्रिया निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अनुसार, तीन तलाक पाप है, फिर भी वैध है।
- **सुनवाई शुरू होते ही मुख्य न्यायाधीश जे.एस. खेहर ने स्पष्ट किया कि इस मामले को तीन बिंदुओं के तहत समझा जा सकता है-**

  (i) क्या तीन तलाक इस्लाम के मूल में है, अगर ऐसा है, तो हमें यह देखना होगा कि क्या हम हस्तक्षेप कर सकते हैं?(ii) क्या यह सांस्कारिक है या नहीं?

  (iii) क्या एक प्रवर्तनीय मौलिक अधिकार का उल्लंघन हो रहा है?
- **केंद्र सरकार द्वारा उच्चतम न्यायालय के समक्ष निम्न प्रश्न उठाए गए-**

  (i) संविधान के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार (अनु. 25) के तहत तीन तलाक निकाह-हलाला और बहुविवाह की इजाजत दी जा सकती है या नहीं?

  (ii) समानता का अधिकार (अनु.14) और गरिमा के साथ जीने का अधिकार (अनु.21) तथा धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार (अनु.25) में किसे प्राथमिकता प्रदान की जाए?(iii) पर्सनल लॉ को संविधान के अनु. 13 के तहत कानून माना जाएगा या नहीं?(iv) क्या तीन तलाक, निकाह-हलाला और बहुविवाह उन अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत सही हैं, जिस पर भारत ने भी हस्ताक्षर किए हैं।
- मिस्र पहला देश था जिसने वर्ष 1929 में इस प्रथा को समाप्त किया था।

**संबंधित लिंक**

http://www.bbc.com/news/world-asia-india-41008802

## नेपाल के प्रधानमंत्री की भारत की राजकीय यात्रा

**प्रश्न-23-27 अगस्त, 2017 के मध्य नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा भारत की राजकीया यात्रा पर रहे। इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के मध्य कितने समझौता ज्ञापन/समझौतों पर हस्ताक्षर हुए?**

(a) 11 (b) 8 (c) 13 (d) 15

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23-27 अगस्त, 2017 के मध्य नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा अपनी पत्नी डॉ. अरजू देउबा के साथ भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- जून, 2017 में नेपाल के प्रधानमंत्री का पद ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली विदेश यात्रा है।24 अगस्त, 2017 को प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा का राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया।
- इसके बाद उन्होंने राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस यात्रा के दौरान उन्होंने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू तथा विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मुलाकात की।
- 24 अगस्त, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के मध्य प्रतिनिधि-मंडल स्तर की द्विपक्षीय वार्ता संपन्न हुई।
- **वार्ता के बाद दोनों देशों के मध्य 8 समझौता ज्ञापन/समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए-** (1) 50,000 घरों के पुनर्निर्माण का समर्थन करने के लिए भारत के आवास अनुदान के उपयोग पर समझौता ज्ञापन।(2) नेपाल में भूकंप के बाद शिक्षा के क्षेत्र में पुनर्निर्माण के लिए भारत के अनुदान को लागू करने पर समझौता ज्ञापन।(3) नेपाल में भूकंप के बाद सांस्कृतिक विरासत के क्षेत्र में भारत के अनुदान को लागू करने पर समझौता ज्ञापन।(4) नेपाल में भूकंप के बाद स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के अनुदान को लागू करने पर समझौता ज्ञापन।(5) एडीबी के एसएएसईसी रोड कनेक्टिविटी प्रोग्राम (भाग 2) के अंतर्गत मेची ब्रिज के निर्माण के लिए लागत साझाकरण, अनुसूचियां और सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन। (भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित)(6) मादक पदार्थों की मांग में कमी, नशीली दवाओं, नशीले पदार्थों, अग्रगामी रसायन और संबंधित मामलों की अवैध तस्करी के रोकथाम पर समझौता ज्ञापन।(7) मानकीकरण और अनुकूलता के क्षेत्रों में सहयोग पर समझौता(8) इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ नेपाल के बीच समझौता ज्ञापन।
- इस यात्रा के दौरान वह हैदराबाद, तिरुपति और बोध गया भी गए।

**संबंधित लिंक**

http://www.mea.gov.in/incoming-visit-info.htm?1/982/State+Visit+of+Prime+Minister+of+Nepal+to+India+August+2327+2017

## 'मेंटर इंडिया' अभियान

**प्रश्न-हाल ही में किस संस्था ने राष्ट्रव्यापी 'मेंटर इंडिया' अभियान की शुरूआत की?**

(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय (b) प्रधानमंत्री कार्यालय

(c) नीति आयोग (d) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) द्वारा राष्ट्रव्यापी पहल 'मेंटर इंडिया' अभियान का शुभारंभ।
- इस अभियान का लक्ष्य अटल टिंकरिंग लैब के प्रभाव को अधिकतम बनाना है।
- यह अभियान अटल नवाचार मिशन के एक हिस्से के रूप में देश भर में स्थापित 900 से अधिक अटल टिंकरिंग लैबों में छात्रों के मार्गदर्शन के काम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों को शामिल करने की एक रणनीतिक पहल है।
- यह संभवतः विश्वभर में औपचारिक शिक्षा के सबसे बड़े प्रसार के अभियान की पहल है।इस अभियान के तहत नीति आयोग ऐसे अग्रणी लोगों की तलाश में है जो कहीं भी प्रत्येक सप्ताह एक से दो घंटे के बीच एक या अधिक ऐसे लैबों में छात्रों को अनुभव लेने, सीखने तथा डिजाइन और गणनात्मक सोंच जैसे भविष्य के कौशल अभ्यास में समर्थ बनाएंगे।उल्लेखनीय है कि अटल टिंकरिंग लैब ऐसे वर्क स्टेशन हैं, जहां छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा के छात्र नवीन कौशल सीखेंगे और ऐसी अवधारणाएं विकसित करेंगे जिससे भारत की तस्वीर बदले।
- ये लैब छात्रों को थ्री डी प्रिंटरों, रोबोटिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स औजारों इंटरनेट और सेंसरों आदि जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के बारे में जानकारी देंगे।
- ज्ञातव्य है कि नीति आयोग का 'अटल नवाचार मिशन', भारत सरकार के उन फ्लैगशिप कार्यक्रमों में से एक है। जिससे देश भर में अटल टिंकरिंग लैबों की स्थापना होगी। जिससे नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा मिलेगा।
- इस मिशन के तहत देशभर में 900 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना हो चुकी है अथवा होने वाली है।
- इसका लक्ष्य वर्ष 2017 के अंत तक ऐसे 2000 लैब स्थापित करना है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170154

## उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति, 2017

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश नागर विमानन प्रोत्साहन नीति, 2017 के संबंध में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने 23 अगस्त, 2017 की इस नीति को मंजूरी प्रदान की।

(b) नागर विमानन अवसंरचना के विकास हेतु पर्याप्त सहायता प्रदान करना।

(c) एयर कार्गो हब के विकास को प्रोत्साहन देना।

(d) राज्य के कृषि उत्पादों के निर्यात आदि को बढ़ावा देना।

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा 'उत्तर प्रदेश नागर विमानन नीति, 2017' को मंजूरी प्रदान की गई।
- इसका उद्देश्य-राज्य में नागर विमानन क्षेत्र को बढ़ावा देना है।

- **इस नीति में निम्नलिखित प्रावधान सम्मिलित हैं-**
  (1) नागर विमानन अवसंरचना के विकास हेतु पर्याप्त सहायता प्रदान करना।(2) निवेश को आकर्षित करना।(3) रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत नए मार्गों का विकास कर एअर कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहन प्रदान करना।(4) राज्य के नॉन-आर.सी.एस. हवाई अड्डे के मध्य इंटर कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदत्त करना।(5) एयर कार्गो हब के विकास को प्रोत्साहन देना।(6) राज्य के कृषि उत्पादों के निर्यात आदि को बढ़ावा देना।(7) एम.आर.ओ. सुविधाओं के विकास हेतु विभिन्न प्राविधान करना।
- प्रस्तावित निर्णय से राज्य के नागर विमानन क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधियों को प्रोत्साहन तथा जनसामान्य को वायुसेवा का लाभ रियायटी दरों पर मिलेगा।

**संबंधित लिंक**

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=545

## भूजल संरक्षण मिशन

**प्रश्न-भूजल संरक्षण मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में कुल कितने विकासखंडों और शहरों को चयनित किया गया है?**

(a) 240 विकासखंड, 15 शहर (b) 255 विकासखंड, 18 शहर
(c) 271 विकासखंड, 22 शहर (d) 285 विकासखंड, 22 शहर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा भूगर्भ जल विभाग द्वारा राज्य भूजल संरक्षण मिशन संचालित किए जाने के निर्णय को स्वीकृति प्रदान की गई।भूजल संरक्षण हेतु प्रदेश स्तर पर संचालित किया जाने वाला यह इस प्रकार का पहला मिशन होगा।इसका उद्देश्य वर्षा जल संचयन तथा भूजल संसाधनों के समेकित प्रबंधन के प्रेरिपेक्ष्य में रिचार्ज के विभिन्न कार्यक्रमों को जन-सहभागिता के साथ मिशन मोड में लागू करना है।
- इस मिशन के तहत प्रदेश के समस्याग्रस्त कुल 271 विकासखंड और 22 शहर चयनित किए गए हैं।यह मिशन वित्तीय वर्ष 2017-18 में बुंदेलखंड क्षेत्र के 15 विकासखंडों, पूर्वी क्षेत्र के 7 विकासखंडों में संचालित होगा इन चयनित विकासखंडों में वाटरशेड सिद्धांत के आधार पर रिचार्ज हेतु मास्टर प्लान बनाया जाएगा।भूजल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने हेतु जिला स्तर पर भूजल सेना और ग्राम्य स्तर पर पानी पंचायत गठित की जा रही है।भूजल सेना जन सामान्य के बीच भूजल के महत्व का प्रसार और जनजागरूकता सृजित करने का काम करेगी।पानी पंचायत का मुख्य उद्देश्य पुनर्विकसित किए गए तालाबों में पानी संवर्धन एवं उसका सही ढंग से उपयोग सुनिश्चित करना है।जिसके लिए सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित कर तालाबों के दीर्घकालीन रख-रखाव को सुनिश्चित किया जाएगा।पानी पंचायत के सदस्यों में अधिकांशतः सदस्य महिलाएं तथा 10-20 प्रतिशत पुरुष सदस्य होंगे।मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु भूगर्भ जल विभाग द्वारा संबंधित विभागों को महत्वपूर्ण डेटा एवं मास्टर प्लान उपलब्ध कराया जाएगा।विभिन्न विभागों द्वारा सहभागिता के माध्यम से विभिन्न योजनाओं (मनरेगा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, बुंदेलखंड पैकेज और राष्ट्रीय पेयजल कार्यक्रम) के तहत तालाब पुनर्विकास, चैक डेम निर्माण, खेत तालाब निर्माण, बंधियों, के पुररुद्धार, कान्टूर/पैरीफेरल बैंड आदि का निर्माण होगा।

**संबंधित लिंक**

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=531

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कार-2017

**प्रश्न-वर्ष 2017 में निम्न में से किस खिलाड़ी को राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा?**

(a) दीपा कर्माकर एवं मिताली राज

(b) देवेंद्र झाझरिया एवं सरदार सिंह

(c) दीपा मलिक एवं मारियप्पन थंगावेलु

(d) देवेंद्र झाझरिया एवं मरियप्पन थंगावेलु

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2017 के विजेताओं की घोषणा की गयी।वर्ष 2017 का राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार पैराएथलीट देवेंद्र झाझरिया तथा हॉकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी सरदार सिंह को संयुक्त रूप से प्रदान किया जाएगा।
- रियो पैरालंपिक (वर्ष 2016) में स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र झाझरिया जेवलिन थ्रो की एफ 46 स्पर्धा में भाग लेते हैं। वह एंथेस पैरालंपिक (वर्ष 2004) में भी इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।खेल प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाने वाला द्रोणाचार्य पुरस्कार, 2017 एथलेटिक्स के लिए स्व. डॉ. आर. गांधी को, बैडमिंटन के लिए जी.एस.एस.वी. प्रसाद (आजीवन) और बॉक्सिंग के लिए बृज भूषण मोहंती (आजीवन) को, हॉकी के लिए पी. ए. राफेल (आजीवन) को, संजॉय चक्रवर्ती (आजीवन) को निशानेबाजी तथा रोशन लाल (आजीवन) को कुश्ती के लिये प्रदान किया जाएगा।
- **इस वर्ष 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गयी है जो इस प्रकार हैं-**
- वी.जे. सुरेखा (तीरंदाजी), खुशबीर कौर (एथेलेटिक्स), अरोकिया राजीव (एथलेटिक्स), प्रशांती सिंह (बॉस्केटबाल), लैशराम देबेंद्रो सिंह (बॉक्सिंग), चेतेश्वर पुजारा (क्रिकेट), हरमनप्रीत कौर (क्रिकेट), ओइनम बेम्बम देवी (Oinam Bembem) (फुटबॉल), एस.एस.पी. चौरसिया (गोल्फ), एस.वी. सुनील (हॉकी), जसवीर सिंह (कबड्डी), पी.एन. प्रकाश (शूटिंग), ए. अमलराज (टेबल टेनिस), साकेत मायनेनी (टेनिस), सत्यव्रत कादियान (कुश्ती), मरियप्पन थंगावेलु (पैरा-एथलीट) तथा वरूण सिंह भाटी (पैरा-एथलीट)।
- **इस वर्ष ध्यान चंद पुरस्कार विजेता निम्नलिखित हैं-**
  (i) भूपेंद्र सिंह (एथलेटिक्स)(ii) सैयद शाहिद हाकिम (फुटबॉल)
- (iii) सुमराय टेटे (हॉकी)।
- ध्यातव्य है कि उपरोक्त पुरस्कारों का वितरण 29 अगस्त, 2017 को मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति द्वारा दिया जाती है।राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के तहत खिलाड़ी को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र एवं 7.5 लाख रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ी को अर्जुन की प्रतिमा, प्रशस्ति पत्र एवं 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।
- द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता तथा ध्यानचंद पुरस्कार विजेता को प्रशस्ति पत्र, प्रतिमा एवं 5 लाख रुपये पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170149

## स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण-2017

**प्रश्न-हाल ही में किस मंत्रालय ने ग्रामीण भारत में स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति का जायजा लेने हेतु तृतीय पक्ष द्वारा सत्यापित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण-2017' जारी की?**

(a) ग्रामीण विकास मंत्रालय (b) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(c) पंचायती राज मंत्रालय (d) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अगस्त, 2017 को केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री नरेंद्र तोमर ने ग्रामीण भारत में स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति का जायजा लेने हेतु तृतीय पक्ष द्वारा सत्यापित सर्वेक्षण रिपोर्ट 'स्वच्छ ग्रामीण सर्वेक्षण-2017' जारी की।
- भारतीय गुणवत्ता परिषद (QCI) ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ग्रामीण स्वच्छता की वर्तमान स्थिति का एक पारदर्शी तृतीय पक्ष मूल्यांकन किया है।
- इस सर्वेक्षण के अंतर्गत, क्यूसीआई ने 4626 गांवों में 1.4 लाख ग्रामीण घरों का सर्वेक्षण किया और कुल 62.45 प्रतिशत घरों को शौचालय युक्त पाया।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के प्रबंधन सूचना तंत्र (MIS) ने मई-जून, 2017 के सर्वेक्षण के समय कुल 63.73 प्रतिशत क्षेत्र के शौचालय युक्त होने की जानकारी दी।इसके अनुसार, 91.29 प्रतिशत लोगों की शौचालय तक पहुंच है और लोग इसका उपयोग करते हैं।इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि सभी राज्यों और जिलों को स्वच्छता और ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन (SLWUM) को बेहतर बनाने व प्रोत्साहित करने हेतु मंत्रालय प्रत्येक तिमाही में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन सूचना प्रणाली पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर भारत के सभी जिलों की रैंकिंग आरंभ करेगा।
- रैंकिंग में प्रदर्शन, स्थायित्व और पारदर्शिता के पैमानों पर आधारित होगी और जुलाई-सितंबर, 2017 की तिमाही की पहली रैंकिंग की घोषणा 2 अक्टूबर, 2017 को की जाएगी।जिलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के लिए उनको इस रैंकिंग के आधार पर प्रत्येक तिमाही में पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।
- इस रैंकिंग की गणना करने का सूत्र निम्नलिखित है-
  कुल अंक (100) = प्रदर्शन (50) + स्थायित्व (25) + पारदर्शिता (25)।
- स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 70 वें स्वतंत्रता दिवस पर "खुले में शौच से आजादी" सप्ताह का नेतृत्व करेगा।उल्लेखनीय है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की शुरूआत से अभी तक 4.54 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों का निर्माण किया गया।अब तक 2,20,104 गांवों, 160 जिलों तथा पांच राज्यों को खुले में शौच से मुक्त घोषित किया गया है।स्वच्छता की व्याप्ति अक्टूबर 2016 में 39 प्रतिशत से बढ़कर अगस्त 2017 में 66 प्रतिशत तक पहुंच गया।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66444

## वेंकैया नायडू देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित

**प्रश्न-भारत के उपराष्ट्रपति से संबंधित निम्न तथ्यों पर विचार कीजिए-**

**(i) उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के नामांकन पत्र पर निर्वाचक मंडल के कम से कम 20 सदस्यों प्रस्तावकों के रूप में तथा कम से कम 20 सदस्यों के अनुसमर्थकों के रूप में हस्ताक्षर होने आवश्यक हैं।(ii) उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता**

**है।(iii) उपराष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं।(iv) उपराष्ट्रपति को भारत का मुख्य न्यायाधीश पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है।उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

(a) केवल (i) एवं (iv) (b) केवल (i) एवं (iii)

(c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 अगस्त, 2017 को हुए 15वें उपराष्ट्रपतिय चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा वरिष्ठ भाजपा नेता वेंकैया नायडू देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए।
- राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उदम्मीदवार वेंकैया नायडू ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण गांधी को पराजित किया।
- इस चुनाव में मतदाताओं (संसद सदस्यों) की कुल संख्या 785 थी। जिसमें से 771 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।
- कुल पड़े मतों से 11 मत अवैध रहे।कुल 760 वैध मतों में से वेंकैया नायडू को 516 प्रथम वरीयता मत (लगभग 68 प्रतिशत) प्राप्त हुए जबकि गोपालकृष्ण गांधी 244 मत (लगभग 32 प्रतिशत) ही प्राप्त कर सके।
- वेंकैया नायडू देश के व्यक्ति-अनुसार 13वें तथा कार्यकाल-अनुसार 15वें उपराष्ट्रपति हैं।उल्लेखनीय है कि वेंकैया नायडू का जन्म 1 जुलाई, 1949 को आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में हुआ था।उन्होंने वर्ष 1972 में 'जय आंध्र मूवमेंट' से राजनीति की शुरूआत की थी। बाद में वह वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।
- वह वर्ष 1978 और 1983 में उदयागिरि से दो बार विधानसभा सदस्य रहे।
- वर्ष 1998, 2004 तथा 2010 में वह राज्यसभा सदस्य चुने गये।
- वर्ष 2002 में वह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने।
- इसके अलावा वह अटल बिहारी वाजपेयी तथा नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में शामिल रहे।गौरतलब है कि भारतीय संविधान के अनु. 66 (1) के अनुसार, उपराष्ट्रपति का निर्वाचन संसद के दोनों सदनों के सदस्यों (मनोनीत सदस्यों सहित) से मिलकर बनने वाले निर्वाचक मंडल के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार, एकल संक्रमणीय मत द्वारा होता है तथा ऐसे निर्वाचन में मतदान गुप्त होता है।अनुच्छेद 66 (3) के अनुसार कोई व्यक्ति उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने के लिए तभी पात्र होता है जबकि वह-(i) भारत का नागरिक हो,(ii) 35 वर्ष की आयु पूरी कर चुका हो, तथा(iii) राज्यसभा का सदस्य निर्वाचित होने के लिए अर्हित हो।
- अनुच्छेद 66 (4) में विहित है कि कोई व्यक्ति, जो भारत सरकार के या किसी राज्य सरकार में से किसी के नियंत्रण में किसी स्थानीय या अन्य प्राधिकारी के अधीन कोई लाभ का पद धारण करता है, उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने का पात्र नहीं होगा। तथापि अनुच्छेद 66 के प्रयोजनों के लिए, कोई व्यक्ति केवल इस कारण कोई लाभ का पद धारण करने वाला नहीं समझा जाएगा कि वह संघ का राष्ट्रपति राज्यपाल है अथवा संघ का या किसी राज्य का मंत्री है।
- उपराष्ट्रपति के निर्वाचन का उत्तरदायित्व निर्वाचन अयोग को सौंपा गया है।
- निर्वाचन आयोग द्वारा इस चुनाव के लिए राज्यसभा के महासचिव शमशेर के. शरीफ को निर्वाचिन अधिकारी (Returning Officer) नियुक्त किया गया था।
- उप राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी के नामांकन पात्र पर निर्वाचक मंडल के कम से कम 20 सदस्यों के प्रस्तावकों के रूप में तथा कम से कम 20 सदस्यों के अनुसमर्थकों के रूप में हस्ताक्षर होने आवश्यक हैं।उपराष्ट्रपति के निर्वाचन को प्रश्नगत करने वाली कोई याचिका उस निर्वाचन में

प्रत्याशी रहे किसी व्यक्ति द्वारा अथवा 10 या उससे अधिक निर्वाचकों द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर उच्चतम न्यायालय में दाखिल की जा सकती है तथा उसका विनिश्चय अंतिम होगा।वेंकैया नायडू इस पद पर हामिद अंसारी का स्थान लेंगे।जो लगातार दो कार्यकाल (वर्ष 2007-12 तथा 2012-17) तक देश के उपराष्ट्रपति रहे।वह डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के पश्चात दूसरे ऐसे उपराष्ट्रपति रहे जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरा किया।उपराष्ट्रपति राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाता है।

**संबंधित लिंक**

https://india.gov.in/sites/upload_files/npi/files/constitution/PartV.pdf

# अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## विश्व में 100 सबसे अमीर टेक अरबपतियों की सूची-2017

**प्रश्न-23 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा में 100 सबसे अमीर टेक अरबपतियों की सूची-2017 जारी की गई। इस सूची में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**

(a) मार्क जुकरबर्ग (b) बिल गेट्स (c) जेफ बेजोस (d) लैरी पेज

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा 'विश्व में 100 सबसे अमीर टेक अरबपतियों' (The 100 Richest Tech Billionaires in the world) की सूची 2017 जारी की गई।
- फोर्ब्स की इस तीसरी वार्षिक सूची में पहली बार 100 सबसे अमीर टेक अरबपतियों की कुल संपत्ति 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।
- इस सूची में माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स 84.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर संपत्ति के साथ शीर्ष पर रहे।इसके पश्चात अमेजन डाट कॉम के सीईओ और संस्थापक जेफ बेजोस 81.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर रहे।फेसबुक के सह-संस्थापक, अध्यक्ष और सीईओ मार्क जुकरबर्ग 69.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- ओरैकल (Oracle) के संस्थापक एवं सीईओ लैरी इलिसन 59.3 बिलियन संपत्ति के साथ चौथे स्थान पर रहे।अल्फाबेट (गूगल की मूल कंपनी) के सीइओ लैरी पेज 43.9 बिलियन संपत्ति के साथ पांचवे स्थान पर रहे।
- इस सूची में 6 महिला टेक अरबपतियों को शामिल किया गया है।
- इस सूची में भारत से दो टेक अरबपतियों को शामिल किया गया है।
- सूची में विप्रो लिमिटेड के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी 18.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ 15वें स्थान पर रहे।एचसीएल (HCL) के सह-संस्थापक शिव नाडार 13.5 बिलियन की संपत्ति के साथ 18वें स्थान पर रहे।

**संबंधित लिंक**

https://www.forbes.com/richest-in-tech/#4ed330797316

## विश्व के उच्चतम भुगतान पाने वाले अभिनेताओं की सूची, 2017

**प्रश्न-22 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा 'विश्व के उच्चतम भुगतान पाने वाले अभिनेताओं की सूची, 2017' में कितने भारतीय अभिनेताओं को शामिल किया गया है?**

(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 5

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा विश्व के उच्चतम भुगतान पाने वाले अभिनेताओं (The World Highest-Paid Actors) की सूची, 2017 जारी की गई।इस सूची में विश्व के 20 उच्चतम भुगतान पाने वाले अभिनेताओं को शामिल किया गया है।सूची में प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता मार्क वाल्बर्ग (Mark Wahlberg) 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ शीर्ष पर हैं।
- इसके पश्चात अमेरिकी अभिनेता ड्वेन जानसन (Dwayane Johnson) 65 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता विन डीजल (Vin Diesel) 54.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ तीसरे, अमेरिकी अभिनेता एडम सैंडलर (Adam Sandler) 50.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ चौथे तथा प्रसिद्ध चीनी अभिनेता जैकी चैन 49 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ पांचवें स्थान पर रहे।वर्ष 2017 की इस सूची में 3 भारतीय अभिनेताओं को स्थान प्राप्त हुआ है।प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता शाहरूख खान 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमाई के साथ 8वें स्थान पर रहे।बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान 37 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ 9वें स्थान पर तथा अभिनेता अक्षय कुमार 35.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ 10वें स्थान पर रहे।

**संबंधित लिंक**

https://www.forbes.com/pictures/599b0ba431358e60d7768f66/the-worlds-highest-paid-a/#1ed040b23960

## फॉर्च्यून '40 अंडर 40' सूची-2017

**प्रश्न-हाल ही में फॉर्च्यून पत्रिका द्वारा वर्ष 2017 के सर्वाधिक प्रभावी युवा लोगों की वार्षिक सूची '40 अंडर 40' जारी की गई। इस सूची में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**

(a) मार्क जुकरबर्ग (b) एमानुएल मैक्रोन (c) लियो वरडकर (d) ब्रायन चेस्की

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अगस्त, 2017 को फॉर्च्यून पत्रिका द्वारा वर्ष 2017 के सर्वाधिक प्रभावी युवा लोगों की वार्षिक सूची-40 अंडर 40 (40 Under 40) जारी की गई।
- इस सूची में 40 वर्ष से कम आयु के युवाओं को जगह दी गई है जिन्होंने अपने काम से अन्य व्यक्तियों को प्रोत्साहित किया है।
- पत्रिका ने ऐसे लोगों को नवप्रवर्तक, विद्रोही और कलाकार तथा अन्य को प्रोत्साहित करने वाला बताया।इस सूची में फ्रांस के राष्ट्रपति एमानुएल मैक्रोन को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।यह नेपोलियन बोनापार्ट के बाद सबसे युवा नेता हैं जिन्होंने मई, 2017 में चुनाव में जीत हासिल की।

- इसके पश्चात इस सूची में फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग दूसरे स्थान, दीदी चक्सिंग (Didi Chuxing) के सह-संस्थापक चेंग वई एवं जीन लिऊ तीसरे, एयर बीएनबी (Airbnb) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) तथा सह-संस्थापक ब्रायन चेस्की, नाथन ब्लेचर्कजिक, जो गेबिय चौथे आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वरडकर पांचवें स्थान पर

**संबंधित लिंक**

http://fortune.com/40-under-40/

## विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की सूची-2017

**प्रश्न-16 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा जारी विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की सूची-2017 में किस भारतीय अभिनेत्री को शामिल किया गया है?**

(a) दीपिका पादुकोण (b) प्रियंका चोपड़ा

(c) करीना कपूर (d) कोई भारतीय अभिनेत्री नहीं

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा 'विश्व की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों' (The World's Highest Paid Actresses) की सूची जारी की गई।इस सूची में प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेत्री एमा स्टोन (Emma Stone) 26 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ शीर्ष पर रहीं।
- इसके पश्चात अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर एनिस्टन (Jennifer Aniston) 25.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।
- विगत 2 वर्षों (2015 व 2016) से इस सूची में शीर्ष पर रहीं प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेत्री जेनिफर लारेंस (Jennifer Lawrence) इस वर्ष 24 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।सूची में अमेरिकी अभिनेत्री मेलीसा मेकार्थी (Melissa McCarthy) 18 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ चौथे स्थान पर रहीं।अमेरिकी अभिनेत्री मिला कुनिस (Mila Kunis) 15.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ पांचवें स्थान पर रहीं।
- इस वर्ष इस सूची में कोई भी भारतीय अभिनेत्री शामिल नहीं हुई है।
- गौरतलब है कि गत वर्ष (2016) में प्रसिद्ध अभिनेत्री दीपिका पादुकोण 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में 10वें स्थान पर थीं।

**संबंधित लिंक**

https://www.forbes.com/pictures/598b86c731358e60d775bca6/worlds-highest-paid-actre/#552717ab60b0

## बिम्सटेक की 15वीं मंत्रिस्तरीय बैठक

**प्रश्न-10-11 अगस्त, 2017 के मध्य 'बिम्सटेक की 15वीं मंत्रिस्तरीय बैठक कहां संपन्न हुई?**

(a) ढाका (b) थिम्फू (c) काठमांडू (d) कोलंबो

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 10-11 अगस्त, 2017 के मध्य 'बिम्सटेक की 15वीं मंत्रिस्तरीय बैठक' (15th BIMSTEC Ministerial Meeting) काठमांडू, नेपाल में संपन्न हुई।
- नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने इस मंत्रिस्तरीय बैठक का उद्घाटन किया।इस बैठक में भारत की ओर से विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने भाग लिया।

- इसके अलावा नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका के विदेश मंत्रियों तथा म्यांमार के विदेश राज्यमंत्री, थाइलैंड के उपविदेश मंत्री ने इस बैठक में भाग लिया।
- इस दो दिवसीय बैठक में बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने 16 विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की।इसके साथ ही भविष्य में आपसी सहयोग को और अधिक बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक (BIMSTEC: Bay of Bengal Initiative for Multi Sectoral Technical and Economic Cooperation) दक्षिण एशिया एवं दक्षिण पूर्व एशिया के 7 देशों का एक उप-क्षेत्रीय समूह है।
- बिम्सटेक के 7 सदस्य देशों में बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका तथा थाइलैंड शामिल है।इसकी स्थापना 6 जून, 1997 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय ढाका, बांग्लादेश में स्थित है।वर्तमान में बिम्सटेक की अध्यक्षता नेपाल के पास है।

**संबंधित लिंक**

http://www.aninews.in/videosNA/NzUwODI/nepal-prime-minister-inaugurates-15th-bimstec-ministerial-meeting.html

## विश्व की सर्वाधिक अभिनव कंपनियों की सूची-2017

**प्रश्न-हाल ही में फोर्ब्स द्वारा जारी विश्व की सर्वाधिक अभिनव कंपनियों की सूची में भारत की कितनी कंपनियों को शामिल किया गया है?**

(a) 4 (b) 3 (c) 6 (d) 5

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अगस्त, 2017 को फोर्ब्स द्वारा 7वीं वार्षिक 'विश्व की सर्वाधिक अभिनव कंपनियों की सूची' (The World's Most Innovative Companies)-2017 जारी की गई।इस सूची में विश्व की 100 अभिनव कंपनियों को शामिल किया गया।
- सूची में शामिल विश्व की 5 शीर्ष अभिनव कंपनियां क्रमशः हैं- (1) सेल्सफोर्स डॉट काम (अमेरिका), (2) टेस्ला (अमेरिका), (3) अमेजन डॉट काम (अमेरिका), (4) शंघाई रास ब्लड प्रोडक्ट (चीन) तथा (5) नेट-फ्लिक्स (अमेरिका)।
- इस सूची में भारत की तीन कंपनियों यथा हिंदुस्तान यूनीलीवर, एशियन पेंट्स तथा भारती एयरटेल को शामिल किया गया।
- जिसमें से हिंदुस्तान यूनीलीवर तथा एशियन पेंट्स शीर्ष 10 अभिनव कंपनियों में क्रमशः 7वें व 8वें स्थान पर। जबकि भारती एयरटेल 78वें स्थान पर रहीं।
- गौरतलब है कि मध्य एशिया (Central Asia) क्षेत्र में केवल भारत की ही ये तीन कंपनियां इस सूची में शामिल रहीं।इस सूची में ऐसे फर्म शामिल किए जाते हैं, जिनके बारे में निवेशकों को लगता है कि वे अगले बड़े नवाचार के साथ आने की संभावना रखते हैं।इस सूची में एशिया (जिसमें चीन, भारत, इंडोनेशिया एवं दक्षिण कोरिया शामिल है) की 6 कंपनियां शीर्ष 20 अभिनव कंपनियों में शामिल रहीं।

**संबंधित लिंक**

https://www.forbes.com/innovative-companies/list/

## ब्रिक्स देशों के व्यापार मंत्रियों की सातवीं बैठक

**प्रश्न-1 से 2 अगस्त, 2017 तक ब्रिक्स देशों के व्यापार मंत्रियों की सातवीं बैठक कहां आयोजित हुई?**

(a) नानजिंग (b) शंघाई (c) बीजिंग (d) ग्वांगझू

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 से 2 अगस्त, 2017 तक ब्रिक्स देशों के व्यापार मंत्रियों की सातवीं बैठक (7th Meeting of BRICS Trade Ministers) शंघाई, चीन में आयोजित की गई।
- बैठक की अध्यक्षता चीन के वाणिज्य मंत्री जोंग शन ने की।
- भारत की ओर से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण के नेतृत्व में 6 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल इस बैठक में शामिल हुआ।
- इसमें विश्व व्यापार संगठन (W.T.O) में जनसंपर्क अधिकारी और राजदूत जे.एस. दीपक भी शामिल थे।इसके अलावा बैठक में ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों में दक्षिण अफ्रीका के व्यापार और उद्योग मंत्री रोब डेविस, ब्राजील के उद्योग मंत्रालय में वाणिज्य एवं सेवा सचिव मारसेलो माइया टवरेस डी अराउजो और रूस के आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम ओरेश्किन भी अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक में शामिल हुए।बैठक के बाद निम्नलिखित दस्तावेज स्वीकार किए गए-

  (i) 7वें ब्रिक्स व्यापार मंत्रियों का संयुक्त बयान।(ii) ब्रिक्स देशों में सेवाओं में व्यापार पर सहयोग की रूपरेखा।(iii) ब्रिक्स ई-कामर्स सहयोग पहल।

  (iv) ब्रिक्स बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR: Intelectual Property Right) सहयोग दिशा-निर्देश।(v) ब्रिक्स देशों के बीच आर्थिक और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने हेतु प्रारूप।(vi) ब्रिक्स मॉडल ई-पोर्ट नेटवर्क के संदर्भ की शर्तें।

  (vii) ब्रिक्स निवेश सुविधा की रूपरेखा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169426

## ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक

**प्रश्न-26-27 जुलाई, 2017 ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक कहां संपन्न हुई?**

(a) शंघाई (b) नानजिंग (c) बीजिंग (d) चोंगजिंग

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26-27 जुलाई, 2017 के मध्य ब्रिक्स देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक चोंगजिंग, चीन में संपन्न हुई।
- चीन वर्ष 2017 के लिए ब्रिक्स श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक का अध्यक्ष है।
- ब्रिक्स के सभी पांच देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन तथा दक्षिण अफ्रीका) के प्रतिनिधि मंडल ने दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लिया।
- इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बंडारू दत्तात्रेय ने किया।
- बैठक के समापन में ब्रिक्स श्रम और रोजगार मंत्रियों द्वारा ब्रिक्स श्रम और रोजगार मंत्रिस्तरीय घोषणा पत्र को स्वीकार किया गया।
- इस घोषणा पत्र में ब्रिक्स देशों के लिए महत्वपूर्ण विविध क्षेत्रों को आच्छादित किया गया।इन क्षेत्रों में 'कार्य के भविष्य के बारे में नियमन', 'ब्रिक्स में विकास के लिए कौशल', 'सार्वभौमिक

और स्थायी सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां','श्रम अनुसंधान संस्थानों का ब्रिक्स संघ', 'ब्रिक्स सामाजिक सुरक्षा सहयोग प्रारूप' और 'ब्रिक्स उद्यमिता अनुसंधान' शामिल है।

- इसके साथ ही भारत द्वारा उचित संस्थानीकरण के माध्यम से इन क्षेत्रों में सहयोग और सहकारिता को सुदृढ़ता प्रदान करने का आह्वान किया गया।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/LabourMinistry/status/890425578226163713

# आर्थिक परिदृश्य

## वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का चौथा अग्रिम अनुमान

**प्रश्न-हाल ही में कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का चौथा अग्रिम अनुमान जारी किया गया। इसके अनुसार देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन कितने मिलियन टन तक होने का अनुमान है?**

(a) 237.38 मिलियन टन (b) 264.50 मिलियन टन

(c) 275.68 मिलियन टन (d) 255.68 मिलियन टन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2016-17 के लिए प्रमुख फसलों के उत्पादन का चौथा अग्रिम अनुमान जारी किया गया।वर्ष 2016-17 के लिए चौथे अग्रिम अनुमानों के अनुसार देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन 275.68 मिलियन टन तक होना अनुमानित है जो कि एक रिकॉर्ड उत्पादन है।यह विगत वर्ष (2015-16) के खाद्यान्न उत्पादन की तुलना में उल्लेखनीय रूप से 24.4 मिलियन अन (9.59 प्रतिशत) अधिक है।
- उल्लेखनीय है कि इस वर्ष खाद्यान्न का उत्पादन पिछले पांच वर्षों (2011-12 से 2015-16) के औसत उत्पादन से 18.67 मिलियन टन (7.27%) अधिक है।
- इस वर्ष 2016-2017 में चावल का उत्पादन रिकार्ड 110.5 मिलियन टन रहने का अनुमान है जो कि पिछले वर्ष 2015-16 के दौरान उत्पन्न 104.41 मिलियन टन से 5.50% अधिक रहने का अनुमान है।गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 98.38 मिलियन टन अनुमानित है।यह वर्ष 2015-16 के दौरान उत्पन्न 92.29 मिलियन टन गेहूं की तुलना में 6.10 मिलियन टन (6.61 प्रतिशत) अधिक है।
- मोटे अनाजों का उत्पादन रिकॉर्ड 44.19 मिलियन टन अनुमानित है।
- मौजूदा वर्ष का उत्पादन 2015-16 के दौरान उत्पन्न 38.52 मिलियन टन की तुलना में 5.67 मिलियन टन (14.72 प्रतिशत) अधिक है।
- सभी मुख्य दलहनों के क्षेत्रीय कवरेज एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2016-17 के दौरान दलहनों का कुल उत्पादन 22.95 मिलियन टन अनुमानित है।जो विगत वर्ष (2015-16) को उत्पादन से 6.61 मिलियन टन (40.41 प्रतिशत) अधिक है।गन्ने का उत्पादन 306.72 मिलियन टन तक अनुमानित है जो विगत वर्ष के 348.45 मिलियन टन उत्पादन की तुलना में 41.73 मिलियन टन (11.98 प्रतिशत) कम है।
- वर्ष 2016-17 के दौरान कम क्षेत्रीय कवरेज के बावजूद, कपास की उच्चतर उत्पादकता के परिणामस्वरूप वर्ष 2015-16 के दौरान 30.01 मिलियन गांठों की तुलना में बढ़कर 33.09 मिलियन गांठ (प्रति 170 किग्रा.) का उत्पादन हुआ अर्थात 10.29 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=66609

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 200 रु. के नए बैंकनोट जारी होंगे

**प्रश्न-25 अगस्त, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक महात्मा गांधी (नई) ऋंखला में 200 रुपये का नया बैंकनोट जारी करेगा। इस बैंकनोट के पृष्ठ भाग पर किसका चित्र है?**

(a) अशोक स्तम्भ (b) रथ के हम्पी का चित्र

(c) सांची स्तूप का चित्र (d) भारतीय संसद भवन का चित्र

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अगस्त, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा महात्मा गांधी (नई) शृंखला में 200 रुपये का नया बैंकनोट जारी होगा।
- जिसपर आर.बी.आई. गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल के हस्ताक्षर होंगे।
- नए मूल्यवर्ग के बैंकनोट के पृष्ठभाग पर सांची स्तूप का चित्र है, जो देश की सांस्कृतिक विरासत को चित्रित करता है।
- नोट का आधार रंग चमकीला पीला (Bright Yellow) है।
- बैंकनोट का आकार 66 मिमी. × 146 मिमी. होगा।
- इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक जल्दी ही महात्मा गांधी (नई) शृंखला में 50 रुपये मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी करेगा।इस नए मूल्यवर्ग के बैंकनोट के पृष्ठभाग पर 'रथ के साथ हम्पी' का चित्र है।नोट का आधार रंग फ्लोरोसेंट नीला है।

**संबंधित लिंक**

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=41460

## तृतीय द्विमासिक मौद्रिक नीति-2017-18

**प्रश्न-2 अगस्त, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल एवं मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने तृतीय द्विमासिक मौद्रिक नीति-2017-18 को प्रस्तुत करते हुए चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के अंतर्गत रिपो दर में कितने आधार अंकों की कटौती करने की घोषणा की है?**

(a) 50 (b) 75 (c) 25 (d) 30

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर डॉ. उर्जित पटेल की अध्यक्षता में मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने तृतीय द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य-2017-18' (Third Bi-monthly Monetary Policy Statement-2017-18) जारी किया।भारतीय रिजर्व बैंक ने तृतीय द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य में चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF: Liquidity Adjustment Facility) के अंतर्गत नीतिगत रेपो दर को 25 आधार अंक कम करके 6.25 प्रतिशत से 6.00 प्रतिशत किया है।
- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व आरबीआई ने 4 अक्टूबर, 2016 को चतुर्थ द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य-2016-17 में नीतिगत रिपो दर को 25 आधार अंक कम करके 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत किया था।
- अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सांविधिक चलनिधि अनुपात (SLR: Statutary Liquidity Ratio) को अपरिवर्तित रखते हुए 20.00 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।अनुसूचित

वाणिज्यिक बैंकों के नगद आरक्षित अनुपात (CRR: Cash Reserve Ratio) को अपरिवर्तित रखते हुए इसे निवल मांग और मियादी देयताओं (Net Demand and Time Liabilities: NDTL) के 4 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।परिणामतः चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट (Reverse Repo Rate 5.75 प्रतिशत तथा सीमांत स्थाई सुविधा दर (Marginal Standing Facility Rate) और बैंक दर 6.25 प्रतिशत है।

- भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, जीवीए (Gross Value Added: GVA) वृद्धि 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

**संबंधित लिंक**

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=41256

### नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक पहली बार 10,000 अंक के आंकड़े से ऊपर

**प्रश्न-हाल ही में किस तिथि को पहली बार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक 10,000 अंक के आंकड़े के ऊपर बन्द हुआ?**

(a) 23 जुलाई, 2017 (b) 27 जुलाई, 2017

(c) 26 जुलाई, 2017 (d) 27 जुलाई, 2017

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) का 50 शेयरों वाला बेंचमार्क निफ्टी सूचकांक 10,000 अंक के आंकड़े के ऊपर बन्द हुआ।
- कारोबार के अंक में यह 56.1 अंक बढ़कर 10,020.65 के स्तर पर बंद हुआ।
- अंत में निफ्टी सूचकांक ने 10,025.95 के उच्चतम स्तर को छुआ।
- बांबे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 154.19 अंक की बढ़त के साथ 32,382.46 के नए स्तर पर बंद हुआ।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना 1992 में हुई थी, जिसका मुख्यालय मंबई में स्थित है।इसके वीसैट (VSAT) टर्मिनल भारत के 320 शहरों में विस्तारित हैं।वर्तमान में इसके प्रमुख विक्रम लिमये हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.livemint.com/Money/SIKBrzZDWySYbwzYhLVXhl/Market-live-Sensex-Nifty-open-higher-shares-of-Axis-Bank.html

# वैज्ञानिक परिदृश्य

### विश्व का सबसे छोटा सर्जिकल रोबोट

**प्रश्न-हाल ही में ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने शल्य चिकित्सा करने में सक्षम विश्व के सबसे छोटे रोबोट को विकसित किया है। इस सर्जिकल रोबोट का नाम है-**

(a) एवेसम-ओ (b) सर्जियस (c) वर्सियस (d) ईडी-209

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 20-21 अगस्त, 2017 को प्रकाशित खबरों के अनुसार ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने शल्य चिकित्सा करने में सक्षम विश्व के सबसे छोटे रोबोट को विकसित किया है।

- लगभग 100 वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों की टीम ने मोबाइल फोन और अंतरिक्ष उद्योग हेतु विकसित की गई प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इस रोबोटिक आर्म का निर्माण किया।इस सर्जिकल रोबोट का नाम 'वर्सियस' है।
- यह रोबोट एक छिद्र के माध्यम से सर्जरी करने के लिए विकसित किया गया है।
- मनुष्यों के बाजू की तरह दिखने वाला यह सर्जिकल रोबोट लैप्रोस्कोपिक विधि से की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सर्जरी करने में सक्षम है।
- जिसमें हॉर्निया का ऑपरेशन, कोलोटेक्टल ऑपरेशन, प्रोस्टेट ग्रंथि के अलावा, नाक, कान एवं गले का ऑपरेशन भी शामिल है।कैम्ब्रिज मेडिकल रोबोटिक्स के अनुसार इस रोबोट का नियंत्रण शल्य चिकित्सक 3डी स्क्रीन के माध्यम से कर सकते हैं।

**संबंधित लिंक**

http://cmedrobotics.com/news/2016/cmr-reveals-versius-robotic-surgery-system/

## ग्लो-इन-द-डार्क शार्क की खोज

**प्रश्न-हाल ही में वैज्ञानिकों ने किस महासागर में ग्लो-इन-द-डार्क शार्क की नई प्रजाति की खोज की?**

(a) अटलांटिक महासागर(b) हिन्द महासागर(c) प्रशांत महासागर(d) आर्कटिक महासागर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- जुलाई, 2017 में वैज्ञानिकों ने प्रशांत महासागर में ग्लो-इन-द-डार्क शार्क (Glow-in-the-dark Shark) नई प्रजाति की खोज की।
- इस नई प्रजाति का वैज्ञानिक नाम एटमोप्टरूस्लाइल(Etmopterus lailae) रखा गया है। इसे लान्टारशार्क परिवार के अंतर्गत शामिल किया गया है।यह उत्तर पश्चिमी हवाई द्वीप के तट पर प्रशांत महासागर में 1000 फीट की गहराई में रहती है।इसकी नाक असमान्य रूप से बड़ी है तथा वजन 1 किलो से थोड़ा कम है।
- यह एक दुर्लभ प्रजाति है जो अन्य शार्कों की तरह प्रायः दिखाई नहीं देती है।

**संबंधित लिंक**

http://news.nationalgeographic.com/2017/07/deep-sea-shark-discovered-bioluminescent-pictures-spd/

## घावों की चिकित्सा हेतु जैव-गोंद

**प्रश्न-हाल ही में किस विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा घावों की चिकित्सा हेतु लचीला जैव-गोंद (BIO-GLUE) का निर्माण किया गया है?**

(a) मैकगिल विश्वविद्यालय, कनाडा(b) हार्वर्ड विश्वविद्यालय, संयुक्त राज्य अमेरिका

(c) A एवं B दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- जुलाई, 2017 में अनुसंधानकर्ताओं के एक दल ने घावों की चिकित्सा हेतु लचीले जैव-गोंद का निर्माण किया है।
- इस जैव-गोंद का निर्माण कनाडा के मैकगिल विश्वविद्यालय के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्रोफेसर जियान्यू ली (Jianyuli) और हार्वर्ड विश्वविद्यालय के जॉन ए. पॉल्सन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड साइंसेज (SEAS) के उनके सहयोगियों द्वारा किया गया है।
- यह जैव गोंद घोंघे (Slug) द्वारा उत्सर्जित चिपकने वाले पदार्थ से प्रेरित है।

- इस गोंद की मुख्य विशेषता एक बहुत मजबूत चिपकने वाले बल और तनाव को हस्तांतरित एवं समाप्त करने की क्षमता का संयोजन है।
- जैव गोंद में अल्जीनेट-पॉलीएक्लामाइड मैट्रिक्स युक्त द्विस्तरीय हाइड्रोजेल की एक चिपकने वाली परत है और इस परत में घनात्मक आवेशित पॉलीमर है।

**संबंधित लिंक**

http://indiatoday.intoday.in/story/flexible-bio-glue-for-wound-healing-developed/1/1014464.html

## 'आईएन एलसीयू एल-52' नौसेना में शामिल

**प्रश्न-हाल ही में अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के ले.गवर्नर डॉ. जगदीश मुखी ने आईएन एलसीयू एल-52 जहाज को भारतीय नौसेना में शामिल किया। इस जहाज को निर्मित किया गया-**

(a) कोचीन शिपयार्ड लि. द्वारा (b) गॉर्डेन रीच शिप बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा

(c) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. द्वारा (d) डीआरडीओ द्वारा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अगस्त, 2017 को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के ले. गवर्नर डॉ. जगदीश मुखी ने लैंडिंग क्रॉफ्ट यूटिलिटी एमके-4 श्रेणी के दूसरे जहाज 'आईएन एलसीयू एल-52' को पोर्ट ब्लेयर में आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल किया।इस जहाज को गार्डेन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE) कोलकाता द्वारा स्वदेशी डिजाइन से निर्मित किया गया है।
- एलसीयू एमके-4 एक ऐसा जहाज है, जो मुख्य लड़ाकू टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, सैनिकों और उपकरणों को जहाज से किनारे तक लाने में प्राथमिक भूमिका निभाता है।इस जहाज को अंडमान एवं निकोबार कमान में रखा जाएगा।इसे समुद्र तट पर संचालन, तलाशी व बचाव, आपदा राहत संचालन, आपूर्ति और पुनःपूर्ति एवं निकासी जैसे कामों को पूरा करने के लिए तैनात किया जा सकता है।यह जहाज मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन, टी 72 और अन्य वाहनों जैसे विभिन्न प्रकार के युद्ध उपकरणों के परिवहन में सक्षम है।यह जहाज एकीकृत ब्रिज सिस्टम (IBS) एवं समेकित प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम (IPMS) जैसे उन्नत प्रणालियों से सुसज्जित है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170128

## भारत का पहला मानव रहित युद्धक टैंक

**प्रश्न-हाल ही में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा एक मानवरहित व रिमोट संचालित युद्धक टैंक विकसित किया गया है। इस मानवरहित युद्धक टैंक का क्या नाम है?**

(a) मुंत्रा (b) मंत्रा (c) अभिमन्यु (d) अर्जुन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा एक मानवरहित व रिमोट संचालित युद्धक टैंक विकसित किया गया।
- इस मानवरहित टैंक का नाम मुंत्रा (MUNTRA) रखा गया है।
- यह देश का पहला मानवरहित टैंक है।यह टैंक निगरानी करने, सुरंग का पता लगाने और परमाणु तथा जैविक खतरों का सर्वेक्षण करने में सक्षम है।
- युद्धक वाहन और अनुसंधान विकास प्रतिष्ठान (CVRDE) अवाडी, तमिलनाडु ने इस टैंक का निर्माण और परीक्षण सेना के लिए किया है।

- **इस टैंक के तीन मॉडल विकसित किए गये हैं, जो निम्न हैं-**
  (i) मुंत्रा-एस (S), यह जमीन पर मानवरहित निगरानी करेगा।(ii) मुंत्रा-एम (M), यह संदिग्ध क्षेत्रों में सुरंग का पता लगाने में सक्षम है।(iii) मुंत्रा-एन (N), यह ऐसे संदिग्ध क्षेत्रों का पता लगाएगा जहां परमाणु या जैविक हथियार का जोखिम हो।
- सेना द्वारा 52 डिग्री सेल्सियस तापमान में राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके में स्थित महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इसका परीक्षण किया गया।
- इसमें निगरानी राडार, कैमरा और लोअर रेंज का पता लगाने वाली डिवाइस लगी हुई है।इसके माध्यम से जमीन पर 15 किमी. की दूरी तक भारी वाहनों का पता लगाया जा सकता है।
- इस प्रकार के दो बख्तरबंद टैंकों को पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की याद में अवाडी में डीआरडीओ द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था।

**संबंधित लिंक**
https://en.wikipedia.org/wiki/Muntra_Tank

## आईसीजीएस शौर्य भारतीय तटरक्षक बल में शामिल

**प्रश्न-12 अगस्त, 2017 को अपतटीय गश्ती पोत आईसीजीएस 'शौर्य' को भारतीय तटरक्षक बल में शामिल किया गया। इसका निर्माण किया गया-**

(a) कोचीन शिपयार्ड लि. द्वारा (b) गोवा शिपयार्ड लि. द्वारा
(c) गॉर्डनरीच शिपयार्ड लि. द्वारा (d) एल एंड टी लि. द्वारा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अगस्त, 2017 को केंद्रीय पेट्रोलियम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में स्वदेश निर्मित अपतटीय गश्ती पोत (OPVs) आईसीजीएस 'शौर्य' (ICGS SHAURYA) को वॉस्को, गोवा में भारतीय तटरक्षक बल में शामिल (Commissioned) किया गया।
- उल्लेखनीय है कि आईसीजीएस (Indian Coast Guard Ship) 'शौर्य' गोवा शिपयार्ड द्वारा डिजाइन एवं निर्मित किए जा रहे 6 अपतटीय गश्ती पोतों में से पांचवा है।
- इस पोत की लंबाई 105 मीटर है।इसकी विस्थापन क्षमता 2500 टन है।
- 9100 किलोवॉट के डीजल इंजन द्वारा चालित यह पोत 23 नॉट की गति प्राप्त करने में सक्षम है (अपने परीक्षण के दौरान शौर्य ने 26 नॉट से भी अधिक की गति प्राप्त की)।यह अत्याधुनिक नेविगेशन एवं संचार उपकरण से युक्त है।
- इस पोत में मुख्य हथियारों में एक 30 एमएम गन एवं दो 12.7 एमएम गन संबद्ध अग्नि नियंत्रण प्रणाली शामिल हैं।यह पोत खोज एवं बचाव अभियान, प्रदूषण नियंत्रण और बाह्य अग्निशमन में सक्षम है।इस अपतटीय पोत को समुद्र की निगरानी और संचार की समुद्री लाइनों की निगरानी के लिए तैनात किया जाएगा।

**संबंधित लिंक**
http://indiatoday.intoday.in/story/goa-coast-guard-ship-shaurya/1/1024924.html

## आरडीईएल द्वारा दो नौसैनिक अपतटीय गश्ती जहाज लांच

**प्रश्न-25 जुलाई, 2017 को रिलायंस डिफेंस इंजीनियरिंग लिमिटेड (RDEL) ने पीपावाव शिपयार्ड में किन दो नौसैनिक अपतटीय गश्ती जहाजों को लांच किया?**

(a) निशा, श्रुति (b) साची, श्रुति (c) साची, श्रुति (d) नव्या, श्रुति

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को रिलायंस डिफेंस इंजीनियरिंग लिमिटेड (RDEL) ने पीपावाव शिपयार्ड (गुजरात) में दो नौसैनिक अपतटीय गश्ती जहाज लांच किया।
- दोनों अपतटीय गश्ती जहाज साची और श्रुति को वाइस एडमिरल गिरीश लूथरा, वीपीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, एडीसी, पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ की पत्नी प्रीति लूथरा ने लांच किया।
- सामान्यतः अपतटीय गश्ती जहाज देश के विशाल विशेष आर्थिक क्षेत्र की निगरानी का काम करते हैं।इसके अलावा इनका काम समुद्री डकैती विरोधी गश्ती बेड़ों का समर्थन, अपतटीय परिसंपत्तियों की सुरक्षा, तटीय सुरक्षा तथा नौवहन मार्ग की रक्षा करना भी है।ध्यातव्य है कि दोनों अपतटीय गश्ती जहाज भारतीय नौसेना के लिए पांच जहाज निर्माण परियोजना के भाग हैं।

**संबंधित लिंक**

http://navaltoday.com/2017/07/25/rdel-launches-two-indian-navy-offshore-patrol-vessels/

## मेढक की 3 नयी प्रजातियों की खोज

**प्रश्न-हाल ही में किस विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अमेरिका स्थित नेवादा के ग्रेट बेसिन में टोंड मेढक की तीन नई प्रजातियों की खोज की?**

(a) अलबामा विश्वविद्यालय (b) अरिजोना विश्वविद्यालय

(c) नेवादा विश्वविद्यालय (d) अरकासंम विश्वविद्यालय

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 जुलाई, 2017 में अमेरिका के नेवादा विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों में अमेरिका स्थित नेवादा के ग्रेट बेसिन में 190,000 वर्ग मील प्राचीन झील के नीचे एक विशाल सर्वेक्षण में टोंड मेढक की तीन नई प्रजातियों की खोज की।यह प्रजाति 6.5 लाख वर्षों से मेढकों की अन्य आबादी से अलग हो चुकी हैं संभवतः विलुप्त होने के कगार पर है।
- इन तीन नई प्रजातियों के नाम हैं-डिक्सी वैली टोड, रेलरोड वैली टोड और हॉट क्रीक टोड।यह भौगोलिक दृष्टि से एक-दूसरे से जुड़े नहीं है।
- उभयचर (जल और थल दोनों में रहने वाले) इन मेंढकों की खोज अमेरिका में अपने आप में दुर्लभ है।वर्ष 1985 के बाद से अभी तक टोंड मेढकों की केवल तीन नई प्रजातियों ही पायी गयी है।
- अंतिम प्रजाति व्योमिंग मेढक (विलुप्त प्राय) की खोज वर्ष 1968 में उत्तरी मैक्सिको में हुई थी।
- यह टोंड मेढक पूर्णतः रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरे छोटे जलीय स्थानों पर पाए गए हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.unr.edu/nevada-today/news/2017/new-toad-species-discovered

# खेल परिदृश्य

## टेनिस

## सिटी ओपन, 2017

**प्रश्न-6 अगस्त, 2017 को संपन्न सिटी ओपन टेनिस प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब किसने जीता?**

(a) लुकास्ज कुबोत (b) केबिन एंडरसन
(c) मार्सेलो मेलो (d) अलेक्जेंडर ज्वेरेव

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP वर्ल्ड टूर, 2017 की सिटी ओपन टेनिस प्रतियोगिता वाशिंगटन, डी.सी. में संपन्न। (31 जुलाई - 6 अगस्त, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता- अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)
  उपविजेता- केविन एंडरसन (द. अफ्रीका)
- **महिला एकल**
  विजेता- कैटरीना माकारोवा (रूस)
  उपविजेता- जूलिया जॉर्गेस (जर्मनी)
- **पुरुष युगल**
  विजेता- हेनरी कोंटीनेन (फिनलैंड) एवं जॉन पीर्स (ऑस्ट्रेलिया)
  उपविजेता- लुकास्ज कुबोत (पोलैंड) एवं मार्सेलो मेलो (ब्राजील)
- **महिला युगल**
  विजेता- शुको आयोआमा (जापान) एवं रेनेटा वोराकोवा (चेक गणराज्य)
  उपविजेता- यूजिने बुचॉर्ड (कनाडा) एवं स्लोन स्टिफेंस (अमेरिका)

**संबंधित लिंक**

http://www.atpworldtour.com/en/tournaments/washington/418/overview

## स्विस ओपन गैस्टेड, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता स्विस ओपन गैस्टेड के एकल खिताब विजेता हैं-**

(a) फैबियो फोगनिनी (b) यानिक हैंफमैन
(c) ओलिवर मराच (d) फ्रैंको स्कुमोर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP वर्ल्ड टूर सत्र, 2017 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'स्विस ओपन गैस्टेड' (क्ले कोर्ट) स्विट्जरलैंड में संपन्न। (24-30 जुलाई, 2017)
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
  विजेता- फैबियो फोगनिनी (इटली)
  उपविजेता- यानिक हैंफमैन (जर्मनी)
- पुरुष युगल
  विजेता- ओलिवर मराच एवं फिलिप ऑस्वल्ड (दोनों ऑस्ट्रिया)
  उपविजेता- जोनाथन आईसेरिक (फ्रांस) एवं फ्रैंको स्कुगोर (क्रोएशिया)

**संबंधित लिंक**

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/gstaad/314/2017/draws

## स्वीडिश ओपन, 2017

**प्रश्न-30 जुलाई, 2017 को संपन्न स्वीडिश ओपन टेनिस प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब किसने जीत लिया?**

(a) सैंडर अरेंड्स (b) डेविड फेरर (c) रॉफेल नडाल (d) रोजर फेडरर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP वर्ल्ड टूर सत्र, 2017 की टेनिस प्रतियोगिता स्वीडिश ओपन (क्ले कोर्ट) स्वीडन में संपन्न। (17-30 जुलाई, 2017)
- पुरुष वर्ग हेतु स्कीस्टार स्वीडिश ओपन (प्रायोजक कारणों से)- 17-23 जुलाई तक।
- महिला वर्ग हेतु इरिक्सन ओपन (प्रायोजक कारणों से)- 24-30 जुलाई तक।
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
  विजेता- डेविड फेरर (स्पेन)
  उपविजेता- अलेक्जेंडर डोल्गोपोलोव (यूक्रेन)
- **महिला एकल**
  विजेता- कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य)
  उपविजेता- कैरोलिन वोज्निएकी (डेनमार्क)
- **पुरुष युगल**
  विजेता- जूलियन नोल (ऑस्ट्रिया) एवं फिलिप पेट्जस्चनर (जर्मनी)
  उपविजेता- सैंडर अरेंड्स एवं मैट्वे मिडिलकूप (दोनों नीदरलैंड्स)
- **महिला युगल**
  विजेता- क्यूरिने लेमोइनी एवं अरांसा रस (दोनों नीदरलैंड्स)
  उपविजेता- मारिया इरिगोयेन (अर्जेंटीना) एवं बारबोरा क्रेज्सीकोवा (चेक गणराज्य)

**संबंधित लिंक**

http://wtafiles.wtatennis.com/pdf/draws/2017/1048/MDS.pdf

## जर्मन ओपन, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता जर्मन ओपन का एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?**

(a) इवान डोडिग (b) मैट पाविक (c) पाब्लो कुएवास (d) लियोनार्डो मेयर

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP वर्ल्ड टूर सत्र, 2017 की टेनिस प्रतियोगिता 'जर्मन ओपन' (रेड क्ले कोर्ट) हैम्बर्ग, जर्मनी में संपन्न। (24-30 जुलाई, 2017)
- इस प्रतियोगिता को जर्मन टेनिस चैंपियनशिप के नाम से भी जाना जाता है।
- प्रतियोगिता परिणाम

- पुरुष एकल
  विजेता- लियोनार्डो मेयर (अर्जेंटीना)
  उपविजेता- फ्लोरीअन मेयर (जर्मनी)
- पुरुष युगल
  विजेता- इवान डोडिग एवं मैट पाविक (दोनों क्रोएशिया)
  उपविजेता- पाब्लो कुएवास (उरूग्वे) एवं मार्क लोपेज (स्पेन)

**संबंधित लिंक**

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/hamburg/414/2017/draws

## क्रोएशिया ओपन उमाग, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न क्रोएशिया ओपन उमान पुरुष टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल विजेता हैं-**

(a) अन्द्रेस मोल्टेनी (b) द्विविज शरण (c) गुलिमो डुरान (d) आंद्रे रूवलेव

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP टूर सत्र, 2017 की टेनिस प्रतियोगिता क्रोएशिया ओपन उमाग (क्लेकोर्ट) उमाग, क्रोएशिया में संपन्न। 17-23 जुलाई, 2017)
- प्रयोजक कारणों से इसे प्लावा लगुना क्रोएशिया ओपन उमाग के नाम से भी जाना जाता है।
- **प्रतियोगिता परिणाम :**
- पुरुष एकल
  विजेता-आंद्रे रूबलेव (रूस)
  उपविजेता-पाओलो लोरेंजी (इटली)
- पुरुष युगल
  विजेता-गुर्लिमो डुरान एवं अन्द्रेस मोल्टेनी (दोनों अर्जेंटीना)
  उपविजेता-मारिन ड्रैगेंजा एवं टोमीस्लाव ड्रैगेंजा (दोनों क्रोएशिया)

**संबंधित लिंक**

http://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/umag/439/2017/draws

## हॉल ऑफ फेम टेनिस चैंपियनशिप, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न हॉल ऑफ फेम पुरुष टेनिस चैंपियनशिप का एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीत लिया?**

(a) इवो कार्लोविक (b) पूरव राजा (c) जॉन इस्नर (d) राजीव राम

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- ATP वर्ल्ड टूर सत्र, 2017 की टेनिस प्रतियोगिता हॉल ऑफ फेम टेनिस चैंपियनशिप न्यूपोर्ट, अमेरिका में संपन्न। (17 से 23 जुलाई, 2017)
- प्रायोजक कारणों से इसे डेल टेक्नोलॉजिस हॉल ऑफ ओपन के नाम से भी जाना जाता है।
- **प्रतियोगिता परिणाम :**
- पुरुष एकल
  विजेता-जॉन इस्नर (अमेरिका)
  उपविजेता-मैथ्यु एबडेन (आस्ट्रेलिया)

- पुरुष युगल
  विजेता-ऐसाम-उल-हक कुरेशी (पाकिस्तान) एवं राजीव राम (अमेरिका)
  उपविजेता-मैट रीड एवं पैट्रिक स्मिथ (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

# क्रिकेट

## भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरा, 2017 (टेस्ट शृंखला)

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न भारत-श्रीलंका टेस्ट शृंखला में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' किसे चुना गया?**

(a) रविचंद्रन अश्विन (b) विराट कोहली (c) शिखर धवन (d) रवीन्द्र जडेजा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय क्रिकेट टीम का श्रीलंका दौरा। (20 जुलाई-6 सितंबर, 2017)
- दौरे पर 3 टेस्ट, 5 एकदिवसीय मैचों की शृंखला तथा 1 ट्वेंटी-20 मैच खेला जाएगा।भारत ने टेस्ट शृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए जीती।
- भारत ने अपने टेस्ट इतिहास में पहली बार विदेशी धरती पर 3 टेस्ट मैचों की श्रृंखला 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए जीती है।
- 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' शिखर धवन (भारत), शृंखला में सर्वाधिक 358 रन।
- 'शृंखला में सर्वाधिक विकेट'-17 रविचंद्रन अश्विन (भारत)
- भारत ने शृंखला का पहला टेस्ट मैच 304 रनों से जीता।
- रनों के लिहाज से यह विदेश में भारत की सबसे बड़ी जीत है।
- दूसरे टेस्ट मैच में रवीन्द्र जडेजा टेस्ट मैचों में सबसे तेज 150 विकेट (32वें टेस्ट में) लेने वाले विश्व के पहले बाएं हाथ के गेंदबाज (कुल छठवें) बने।
- ऑस्ट्रेलिया के मिचेल जॉनसन ने यह उपलब्धि 34 टेस्ट मैचों में प्राप्त की थी।
- शृंखला के दौरान अश्विन टेस्ट मैंचों में सबसे तेज 2000 रन तथा 275 विकेट प्राप्त (52 टेस्ट मैच) करने वाले खिलाड़ी बने।
- न्यूजीलैंड के रिचर्ड हैडली ने यह उपलब्धि 58 टेस्ट मैचों में प्राप्त की थी।
- शृंखला के तीसरे टेस्ट मैच में हार्दिक पांड्या ने अपनी पहली सेंचुरी टेस्ट सेंचुरी (108 रन) बनाई।विराट कोहली 8 टेस्ट सीरीज जीतने वाले प्रथम भारतीय कप्तान बन गए हैं।विदेशों में विराट ने अब तक 29 मैचों में कप्तानी की है। इनमें से 19 जीते, 3 हारे और 7 ड्रॉ रहे।श्रीलंकाई टीम के कप्तान दिनेश चांडीमल थे।

**संबंधित लिंक**

http://www.bcci.tv/sri-lanka-v-india-2017/results

## भारत की U-19 क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा, 2017

**प्रश्न-हाल ही में भारत U-19 क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे पर युवा एकदिवसीय शृंखला जीतने में सफल रही। भारतीय टीम के कप्तान कौन थे?**

(a) हिमांशु राणा (b) पृथ्वी शॉ (c) अभिषेक शर्मा (d) शुभम गिल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा संपन्न। (23 जुलाई-16 अगस्त, 2017)दोनों देशों के मध्य 2 युवा टेस्ट तथा 5 युवा वनडे मैचों की शृंखला खेली गई।भारत ने क्लीन स्वीप करते हुए टेस्ट मैच एवं वनडे की शृंखला क्रमशः 2-0 एवं 5-0 से जीत ली।भारत की U-19 टेस्ट टीम के कप्तान हिमांशु राणा तथा वनडे टीम के कप्तान पृथ्वी शॉ थे।

**संबंधित लिंक**

http://www.espncricinfo.com/ci/engine/series/1108523.html

# हॉकी

## भारतीय हॉकी टीम का यूरोप दौरा, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न भारतीय हॉकी टीम के यूरोपीय दौरे में कौन-सा एक देश शामिल नहीं था?**

(a) जॉर्जिया (b) बेल्जियम (c) नीदरलैंड (d) aऑस्ट्रिया

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय हॉकी टीम का यूरोप दौरा संपन्न। (9-16 अगस्त, 2017)
- इस दौरान भारत ने बेल्जियम, नीदरलैंड्स एवं ऑस्ट्रिया का दौरा किया।
- भारत ने दौरे का समापन 3 जीत, 2 हार के साथ किया।बेल्जियम के साथ दो मैचों की शृंखला में पराजय।नीदरलैंड को दो मैचों की शृंखला में पराजित किया।ऑस्ट्रिया के साथ एकमात्र मैच 4-3 से जीता।भारतीय टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह एवं उपकप्तान चिंग्लेसाना सिंह कांगुजम थे।

**संबंधित लिंक**

http://www.aninews.in/newsdetail-Ng/MzI5MjI4/india-lose-1-3-to-belgium-in-second-game-of-european-tour.html

## महिला हॉकी वर्ल्ड लीग-2016-17

**प्रश्न-भारतीय टीम ने महिला हॉकी वर्ल्ड लीग राउन्ड- 2 के फाइनल में किसे हराया?**

(a) पाकिस्तान (b) चिली (c) कनाडा (d) बेलारूस

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 09 अप्रैल, 2017 को कनाडा के वैंकुवर में आयोजित महिला हॉकी वर्ल्ड लीग राउंड-2 का फाइनल भारत ने चिली को हराकर जीत लिया।
- राउंड-2 के सेमीफाइनल में भारत ने बेलारूस को हराने के साथ ही महिला हॉकी वर्ल्ड लीग 2016-17 के सेमीफाइनल में जगह बना लिया था।
- महिला हॉकी वर्ल्ड लीग 2016-17 का फाइनल 17 से 26 नवंबर, 2017 के मध्य ऑकलैंड, न्यूजीलैंड में खेला जायेगा जबकि सेमीफाइनल जून-जुलाई 2017 में ब्रुसेल्स (बेल्जियम) और जोहान्सबर्ग (द. अफ्रीका) में खेला जायेगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.fih.ch/events/hockey-world-league/2017-women-hockey-world-league-round-2-west-vancouver-can/teams/

# फुटबॉल

## स्पेनिश सुपर कप, 2017

**प्रश्न-16 अगस्त को संपन्न स्पेनिश सुपर कप, 2017 का खिताब किस फुटबॉल क्लब ने जीत लिया?**

(a) रियाल मैड्रिड (b) वैलेंसिया (c) बार्सिलोना (d) एटलेटिको मैड्रिड

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- दो चरणीय फुटबॉल प्रतियोगिता स्पेनिश सुपर कप का 31वां संस्करण मैड्रिड, स्पेन में संपन्न। (13-16 अगस्त, 2017)यह मुकाबला 2016-17 कोपा डेल रे विजेता बार्सिलोना तथा 2016-17 ला लीगा चैंपियन रियाल मैड्रिड के मध्य खेला गया।
- रियाल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 5-1 (3-1 तथा 2-0) से पराजित कर 10वीं बार स्पेनिश सुपर कप का खिताब जीत लिया।

**संबंधित लिंक**

http://www.espn.in/football/scoreboard/_/league/ESP.SUPER_CUP

# शतरंज

## 55वीं राष्ट्रीय शतरंज चैलेंजर प्रतियोगिता, 2017

**प्रश्न-23 अगस्त, 2017 को संपन्न राष्ट्रीय शतरंज चैलेंजर प्रतियोगिता का खिताब किस ग्रैंड मास्टर ने जीत लिया?**

(a) देबाशीष दास (b) एम.आर.ललिथ बाबू

(c) हिमांशु शर्मा (d) दीपन चक्रवर्ती

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 55वीं राष्ट्रीय शतरंज चैलेंजर प्रतियोगिता अहमदाबाद, गुजरात में संपन्न। (13 से 23 अगस्त, 2017) आयोजक-गुजरात राज्य शतरंज संघ (GSCA)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- विजेता-GM दीपन चक्रवर्ती (रेलवे), कुल 10.5 अंक।दूसरा स्थान-GM स्वप्निल धोपड़े (रेलवे), कुल 10.0 अंक।तीसरा स्थान-GM हिमांशु (रेलवे), कुल 9.0 अंक।

**संबंधित लिंक**

http://aicf.in/calendar/national-challenger-2017/

# बैडमिंटन

## यूरेशिया बुल्गारियन ओपन, 2017

**प्रश्न-17 अगस्त को संपन्न यूरेशिया बुल्गारियन ओपन, 2017 का पुरुष एकल खिताब लक्ष्य सेन ने किसे पराजित कर जीता?**

(a) ज्वोनिमिर डुर्किजाक (b) मैथियास थिएरी (c) एलेक्स ब्लार (d) जेप्पी बे

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता यूरेशिया बुल्गारियन ओपन, 2017 बुल्गारिया में संपन्न। (14-17 अगस्त, 2017)
- प्रतियोगिता परिणाम
- **पुरुष एकल**
  विजेता-लक्ष्य सेन (भारत)
  उपविजेता-ज्वोनिमिर डुर्किजाक (क्रोएशिया)
- **महिला एकल**
  विजेता-निस्लीहान यिगित (तुर्की)
  उपविजेता-लुइसी हीम (जर्मनी)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-मैथियास थियर्री एवं सोरेन टोफ्ट (दोनों डेनमार्क)
  उपविजेता-जेप्पी बे एवं रासमुस क्जेर (दोनों डेनमार्क)
- **महिला युगल**
  विजेता-गैब्रिएला एवं स्टेफनी स्टोएवा (दोनों बुल्गारिया)
  उपविजेता-बेंगिशु इर्सेटिन एवं नाज्लीकान इंसी (दोनों तुर्की)
- **मिश्रित युगल**
  विजेता-एलेक्स ब्लार (बुल्गारिया) एवं इरिश टैबेलिंग (नीदरलैंड्स)
  उपविजेता-मैथियास थियर्री एवं एमिली ओलसड्रुप (दोनों डेनमार्क)
  16 वर्षीय लक्ष्य सेन का यह सीनियर वर्ग में देश के बाहर जीता गया पहला खिताब है।

**संबंधित लिंक**

http://bwfbadminton.com/results/2855/eurasia-bulgarian-open-2017/podium

## न्यूजीलैंड ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड

**प्रश्न-6 अगस्त, 2017 को संपन्न न्यूजीलैंड ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड बैडमिंटन प्रतियोगिता की महिला एकल विजेता रातचानोक इंतानोन किस देश से संबंधित हैं?**

(a) मलेशिया (b) चीनी ताइपे (c) थाईलैंड (d) जापान

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- BWF सत्र, 2017 की न्यूजीलैंड ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड प्रतियोगिता ऑकलैंड में संपन्न। (1 से 6 अगस्त, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**

- **पुरुष एकल**
  विजेता- ली चियुक ईयु (हांगकांग)
  उपविजेता- वांग त्जु-वेई (चीनी ताइपे)
- **महिला एकल**
  विजेता- रातचानोक इंतानोन (थाईलैंड)
  उपविजेता- साइना कावाकामी (जापान)
- **पुरुष युगल**
  विजेता- चेन हुंग-लिंग एवं वांग ची-लिन (दोनों चीनी ताइपे)
  उपविजेता- ओंग ईयु सिन एवं तिएओ ईए यी (दोनों मलेशिया)
- **महिला युगल**
  विजेता- विवियन हू काह मुन एवं वून खी वेई (दोनों मलेशिया)
  उपविजेता- अयाको सकुरामोतो एवं युकिको ताकाहाता (दोनों जापान)
- **मिश्रित युगल**
  विजेता- रोनाल्ड रोनाल्ड एवं अनीसा सौफीका (दोनों इंडोनेशिया)
  उपविजेता- सावन सेरासिंधे एवं सेतियाना मापसा (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

**संबंधित लिंक**

http://bwfbadminton.com/results/3024/skycity-new-zealand-open-2017/podium

## रशिया ओपन ग्रैंड प्रिक्स, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न रशिया ओपन ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब किसने जीता?**

(a) ब्लादिमीर इवानोवा (b) इवान सोजोनोव
(c) ब्लादिमीर मल्कोव (d) सर्गेइ सिरांट

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- BWF सत्र, 2017 की ग्रैंड प्रिक्स प्रतियोगिता 'रशिया ओपन' ब्लादिवोस्रोक, रूस में संपन्न। (18-23 जुलाई, 2017)
- प्रतियोगिता परिणाम-
- **पुरुष एकल**
  विजेता-सर्गेइ सिरांट (रूस)
  उपविजेता-ब्लादिमीर मल्कोव (रूस)
- **महिला एकल**
  विजेता-एवेगेनिया कोसेत्सकाया (रूस)
  उपविजेता-सोनिया चेयाह (मलेशिया)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-ब्लादिमीर इवानोव एवं इवान सोजोनोव (दोनों रूस)
  उपविजेता-चोई कहा मिंग एवं लो जुआन शेन (दोनों मलेशिया)
- **महिला युगल**
  विजेता-अकाने अराकी एवं अओई मात्सुदा (दोनों जापान)
  उपविजेता-युहो इमाई एवं मिनामी कावाशिमा (दोनों जापान)

- **मिश्रित युगल**
  विजेता-चान पेंग सून एवं चिएह पी सी (दोनों मलेशिया)
  उपविजेता-केइचिरो मात्सुई एवं अकाने कारी (दोनों जापान)

**संबंधित लिंक**

http://bwf.tournamentsoftware.com/sport/winners.aspx?id=8FC077DF-0C43-4868-B573-8F4E9DACE3EA

## यूएस ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड, 2017

**प्रश्न-23 जुलाई को संपन्न यूएस ओपन ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड बैडमिंटन प्रतियोगिता का पुरुष एकल खिताब भारत के एच.एस. प्रणय ने फाइनल में किसे पराजित कर जीता?**

(a) समीर वर्मा (b) पारूपली काश्यप
(c) आनंद पवार (d) राहुल यादव चित्ताबोनिया

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- BWF सत्र, 2017 की ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड प्रतियोगिता 'यूएस ओपन' कैलिफोर्निया, (अमेरिका) में संपन्न। (19-23 जुलाई, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणामः**
- **पुरुष एकल**
  विजेता-एच.एस. प्रणय (भारत)
  उपविजेता- पारूपली काश्यप (भारत)
- **महिला एकल**
  विजेता-अया ओहोरी (जापान)
  उपविजेता-मिशेले ली (कनाडा)
- **पुरुष युगल**
  विजेता-ताकुतो इनोयूई एवं यूकी कानेको (दोनों जापान)
  उपविजेता-लु चिंग-याओ एवं यांग पो-हान (दोनों चीनी ताइपे)
- **महिला युगल**
  विजेता-ली सो-ही एवं शिन सियुंग चान (दोनों द. कोरिया)
  उपविजेता-मायु मात्सुमोतो एवं वकाना नागाहार (दोनों जापान)
- **मिश्रित युगल**
  विजेता-सिओ सियुंग-जाइ एवं किम हा-ना (दोनों द. कोरिया)
  उपविजेता-किम वोन हो एवं शिन सियुंग-चान (दोनों द. कोरिया)
- प्रणय का यह पहला यूएस ओपन खिताब तथा तीसरा ग्रैंड प्रिक्स गोल्ड खिताब है।
- प्रणय वर्ष 1954 से प्रारंभ यूएस ओपन का खिताब जीतने वाले प्रथम भारतीय हैं।

**संबंधित लिंक**

http://bwfbadminton.com/results/2987/2017-yonex-us-open/podium

# मुक्केबाजी

## 6वां गोल्डेन क्लब ऑफ वोज्वोदीनाः युवा महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट

**प्रश्न-14 अगस्त को सर्बिया में संपन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारतीय युवा महिलाओं ने कुल कितने पदक जीते?**

(a) 10 (b) 9 (c) 8 (d) 7

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- श्रेणी A का अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट 6वां गोल्डेन क्लब ऑफ वोज्वोदीनाः युवा महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट वोज्वोदीना, सर्बिया में संपन्न। (8-14 अगस्त, 2017)भारतीय महिलाओं ने इस टूर्नामेंट में 10 पदक जीते।
- इनमें 2 स्वर्ण, 4 रजत तथा 4 कांस्य पदक शामिल हैं।
- पदक विजेता खिलाड़ी एवं उनके वर्ग
- **स्वर्ण पदक**
  1. ज्योति, (51 किग्रा.)
  2. वनालालहरीत्पुई, (60 किग्रा.)
- **रजत पदक**
  1. अंजली, (48 किग्रा.)
  2. साक्षी, (54 किग्रा.)
  3. आस्था, (69 किग्रा.)
  4. अनुपमा, (81 किग्रा.)
- **कांस्य पदक**
  1. मनदीप, (57 किग्रा.)
  2. निशा, (64 किग्रा.)
  3. श्रुति, (75 किग्रा.)
  4. नेहा, (81 किग्रा.)

**संबंधित लिंक**

http://www.ptinews.com/news/8982575_Indian-boxers-clinch-10-medals-at-Serbian-tourney.html

## 48वीं ग्रां. प्री. उस्ती नाद लाबेम चैंपियनशिप

**प्रश्न-30 जुलाई, को चेक गणराज्य में संपन्न 48वीं ग्रां. प्री. उस्ती नाद लाबेम मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते?**

(a) 3 (b) 7 (c) 9 (d) 5

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 48वीं ग्रां. प्री. उस्ती नाद लाबेम चैंपियनशिप, चेक गणराज्य में संपन्न। (26-29 जुलाई, 2017)
- भारत ने चैंपियनशिप में 5 स्वर्ण पदक, 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीता।
- भारतीय पदक विजेता (भार वर्ग सहित)

- **स्वर्ण पदक**
  1. शिव थापा, (60 किग्रा.)
  2. मनोज कुमार, (69 किग्रा.)
  3. अमित फंगल, (49-52 किग्रा.)
  4. गौरव विधूड़ी, (56 किग्रा.)
  5. सतीश कुमार, (+ 91 किग्रा.)
- **रजत पदक**
  1. कविंदर बिष्ट, (52 किग्रा.)
  2. मनीष पंवार, (81 किग्रा.)
- **कांस्य पदक**
  1. सुमित सांगवान (91 किग्रा.)

**संबंधित लिंक**

http://boxingfederation.in/grand-prix-boxing-tournament/

# फॉर्मूला वन

## हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स, 2017 फॉर्मूला वन कार रेस का खिताब किस चालक ने जीत लिया?**

(a) सेबस्टियन वेट्टल (b) फर्नांसो अलोंसो

(c) लुईस हैमिल्टन (d) डैनियल रिकियार्डो

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- फॉर्मूला वन सत्र, 2017 की 11वीं कार रेस हंगेरियन ग्रैंड प्रिक्स बुडापेस्ट, हंगरी में संपन्न।(30 जुलाई, 2017)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- विजेता- इटैलियन टीम फेरारी के जर्मन चालक सेबस्टियन वेट्टल।
- इस जीत से चैंपियनशिप 2017 में सेबस्टियन के 202 अंक हो गये और वह शीर्ष पर चल रहे हैं।
- टीम चैंपियनशिप में जर्मन टीम मर्सिडीज 357 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

**संबंधित लिंक**

https://www.formula1.com/en/results.html/2017/races/969/hungary.html

# एथलेटिक्स

## वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2017 में भारतीय एथलीटों ने कितने स्वर्ण पदक जीते?**

(a) एक (b) दो (c) तीन (d) चार

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- IPS (International Paralympic Committee) की विश्व पैरा एथलेटिक्स उपसमिति द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2017' लंदन (U.K.) में संपन्न। (14-23 जुलाई, 2017)यह चैंपियनशिप का 8वां संस्करण है और 2017 से पूर्व इसे IPC एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप नाम से जाना जाता था।चैंपियनशिप में 100 देशों के लगभग 1300 पैरा एथलीटों ने 213 स्पर्धाओं में भाग लिया।चीन ने चैंपियनशिप में 30 स्वर्ण, 17 रजत, 18 कांस्य पदक सहित कुल 65 पदक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- भारत 1 स्वर्ण, 2 रजत एवं 2 कांस्य पदक (कुल 5) जीतकर पदक तालिका में क्रोएशिया के साथ संयुक्त 34वें स्थान पर रहा
- **चैंपियनशिप पदक तालिका के शीर्ष 5 देश-**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चीन | 30 | 17 | 18 | 65 |
| 2. | अमेरिका | 20 | 19 | 20 | 59 |
| 3. | ब्रिटेन | 18 | 8 | 13 | 39 |
| 4. | यूक्रेन | 12 | 6 | 11 | 29 |
| 5. | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 9 | 8 | 28 |

- भारतीय पदक विजेता
- स्वर्ण पदक- सुंदर सिंह गुर्जर (भाला फेंक F46)
- **रजत पदक**
  1. अमित कुमार (क्लब थ्रो F51)
  2. शरद कुमार (ऊंची कूद T42)
- **कांस्य पदक**
  1. वरुण सिंह भाटी (ऊंची कूद T42)
  2. करम ज्योति दलाल (महिला) डिस्कस थ्रो F55)

**संबंधित लिंक**

https://www.paraathleticschampionships.com/about

# खेल विविध

## ग्रामीण (देहाती) खेलों का आयोजन

**प्रश्न-प्रथम चरण में ग्रामीण खेल महोत्सव का आयोजन कहां नहीं होगा?**

(a) अलीपुर (b) महरौली (c) पालम (d) नजफगढ़

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अगस्त, 2017 को केंद्रीय युवा मामले व खेलमंत्री विजय गोयल ने ग्रामीण खेल महोत्सव के प्रथम संस्करण का शुभारंभ दिल्ली से किए जाने की घोषणा की।इसका आयोजन 28 अगस्त, 2017 से 3 सितंबर, 2017 तक होगा।ग्रामीण खेलों का उद्देश्य स्वदेशी खेलों जैसे कुश्ती, एथलेटिक्स (मल्लविद्या) इत्यादि को लोकप्रिय बनाना है।इस आयोजन के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजक खेल जैसे मटका दौड़, टग ऑफ वार (रस्साकशी) भी आयोजित किए जायेंगे।प्रथम चरण में यह खेल अलीपुर, महरौली, नांगलोई, नजफगढ़ व शाहदरा में आयोजित होगा।दूसरा चरण 31 अगस्त, 2017 से 1 सितंबर, 2017 तक आयोजित होगा जिसमें इंटर-ब्लाक खेल होंगे।
- 28 अगस्त, 2017 को खेल प्रतिभा खोज पोर्टल (प्रवेश) की महत्वांकाक्षी योजना शुरू की गई।इस पोर्टल पर संपूर्ण भारत से कोई भी व्यक्ति अपनी सूचना अपलोड कर सकता है।इसके माध्यम से खेल मंत्रालय उनकी प्रतिभा को क्रमवार सूचीबद्ध कर उन्हें संबंधित क्षेत्र में और अधिक प्रशिक्षित करेगा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66770

## हैंडीकैप इंटरनेशनल के सद्भावना राजदूत

**प्रश्न-हाल में किस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर को हैंडीकैप इंटरनेशनल संगठन का नया सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया है?**

(a) लियोनेल मेसी (b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो

(c) पॉल वोग्बा (d) नेमार जूनियर

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- ब्राजीलियाई फुटबॉलर नेमार जूनियर गैर-सरकारी संगठन 'हैंडीकैप इंटरनेशनल' (Handicap International) के सद्भावना राजदूत (Goodwill) एंबेस्डर बने। (15 अगस्त, 2017)नेमार दुनिया के सबसे कमजोर, गरीब देशों में रहने वाले, संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं के शिकार विकलांग लोगों को सशक्त बनाने में संगठन को सहयोग प्रदान करेंगे।राजदूत बनते ही नेमार ने सबसे पहले दुनियाभर में विकलांग लोगों को समर्थन हेतु संदेश भेजा।
- हैंडीकैप इंटरनेशनल (NGO) का मुख्यालय फ्रांस और बेल्जियम में स्थित है।
- संगठन का उद्देश्य संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं में विकलांग और घायल लोगों को गरीबी और अपवर्जन की स्थिति में सहायता करना है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/HI_UnitedStates/status/897474927250608128

# राष्ट्रमंडल युवा खेल, 2017

**प्रश्न-23 जुलाई, 2017 को संपन्न 6वें राष्ट्रमंडल युवा खेल में भारत ने किन तीन खेलों की स्पर्धाओं में पदक जीते?**

(a) जूडो, मुक्केबाजी, साइकिलिंग (b) मुक्केबाजी, टेनिस, जूडो
(c) बीच सॉकर, रग्बी सेवेन्स, जूडो (d) जूडो, मुक्केबाजी, टेनिस

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 6वां राष्ट्रमंडल युवा खेल, 2017 (CYG, 2017) का आयोजन (आयोजक राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) बहामास की राजधानी में संपन्न। (18-23 जुलाई, 2017)
- योग्यता-14-18 वर्ष आयु के बालक/बालिका एथलीट।
- खेलों का आधिकारिक उद्घाटन बहामास के प्रधानमंत्री हुबर्ट मिन्नि ने किया।
- स्टेडियम-थॉमस रॉबिन्सन स्टेडियम
- 64 देशों के लगभग 1300 एथलीटों ने 95 स्पर्धाओं में भाग लिया।
- इस टूर्नामेंट में 9 खेलों की स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें बीच सॉकर, जूडो एवं बीच वॉलीबॉल तीन नए खेल शामिल थे।
- इस वर्ष खेलों में अर्चरी, लॉन बॉल्स, वेटलिफ्टिंग और स्क्वैश को शामिल नहीं किया गया।इंग्लैंड ने सर्वाधिक 23 स्वर्ण पदकों सहित कुल 51 पदक (16 रजत एवं 12 कांस्य) जीतकर प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।भारत ने 4 स्वर्ण, 1 रजत, 6 कांस्य (कुल 11) पदक प्राप्त कर पदक तालिका में 7वां स्थान प्राप्त किया।भारत ने यह पदक जूडो, मुक्केबाजी एवं टैनिस खेल में जीते।
- **पदक तालिका में शीर्ष 5 स्थान प्राप्तकर्त्ता देश-**

| रैंक | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इंग्लैंड | 23 | 16 | 12 | 51 |
| 2. | ऑस्ट्रेलिया | 14 | 14 | 11 | 39 |
| 3. | न्यूजीलैंड | 8 | 14 | 9 | 31 |
| 4. | स्कॉटलैंड | 8 | 6 | 7 | 21 |
| 5. | द. अफ्रीका | 8 | 3 | 7 | 18 |

- भारतीय पदक विजेता एवं खेल
- जूडो (1 स्वर्ण, 3 कांस्य)
- स्वर्ण पदक-1-सोनी-73 किग्रा. (Boys)
- रजत पदक
  1. अशीष,-60 किग्रा. एक्स्ट्रालाइटवेट (Boys)
  2. अंतिम यादव,-48 किग्रा. एक्स्ट्रा लाइटवेट (Grils)
  3. रेबीना देवी चानाम,-57 किग्रा. लाइटवेट (Grils)
- मुक्केबाजी (1 स्वर्ण, 1 रजत, 2 कांस्य)
- स्वर्ण पदक
  1. सचिन, 46-49 किग्रा. लाइटफ्लाईवेट (Boys)

- रजत पदक
  1. जोनी, 60 किग्रा. लाइटवेट (Girls)
- कांस्य पदक
  1. एताश मुहम्मद खान, 56 किग्रा. बैंटमवेट (Boys)
  2. एकता, 51 किग्रा. फ्लाईवेट (Grils)
- टेनिस (2 स्वर्ण, 1 कांस्य)
- स्वर्ण पदक
  1. जील मेहुल कुमार देसाई (बालिका एकल)
  2. मिश्रित युगल, भारत (जील मेहुल कुमार देसाई एवं सिद्धांत जगदीश बंठिया)
- कांस्य पदक
  1. सिद्धांत जगदीश बंठिया (बालक एकल)
- 7 वां राष्ट्रमंडल युवा खेल वर्ष 2021 में उत्तरी आयरलैंड, ब्रिटेन में आयोजित किया जाएगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.thecgf.com/cyg/

## इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉल कप्तान का अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास

**प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व इंग्लिश कप्तान वेन रूनी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंग्लैंड के लिए कितने गोल किए हैं?**

(a) 63 (b) 93 (c) 53 (d) 73

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- इंग्लैंड के फुटबॉलर और पूर्व कप्तान वेन रूनी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी। (23 अगस्त, 2017)इंग्लैंड की ओर से सर्वाधिक गोल दागने का रिकॉर्ड रूनी के नाम है।इन्होंने 119 मैचों में 53 गोल दागे हैं।
- रूनी इंग्लिश क्लब एवर्टन और मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाड़ी भी रहे हैं।
- रूनी ने मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए 393 मैचों में सर्वाधिक 183 गोल किए हैं।
- रुनी ने वर्ष 2003 में ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपना पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच खेला था।उस वक्त रूनी इंग्लैंड के लिए खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।
- इनका यह रिकॉर्ड मई, 2006 में थियो वाल्कॉट ने तोड़ दिया।

**संबंधित लिंक**

http://www.bbc.com/sport/football/41027204

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो पांच मैचों के लिए प्रतिबंधित

**प्रश्न-14 अगस्त, 2017 को स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो को पांच मैचों के लिए प्रतिबंधित किया। वह किस फुटबॉल क्लब की ओर से खेलते हैं?**

(a) बार्सिलोना (b) वेलेंसिया (c) एटलेटिको मैड्रिड (d) रियाल मैड्रिड

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- स्पेनिश फुटबाल महांसघ ने स्पेनिश सुपर कप के दौरान रेफरी को धक्का देने के लिए रियाल मैड्रिड के क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर पांच मैचों का प्रतिबंध लगाया।(14 अगस्त, 2017)

- बार्सिलोना के साथ खेले जा रहे स्पेनिश सुपर कप के पहले चरण के फाइनल मैच के दौरान मैच में उन्हें रेफरी रिकार्डो डि बुर्गोस बेनगोपतजिया ने रेड कार्ड दिखाया, जिसके बाद रोनाल्डो ने रेफरी को धक्का दे दिया।इसके चलते उन पर चार मैच का प्रतिबंध लगा जबकि दूसरा पीला कार्ड दिखाए जाने से वह अगले मैच के लिए स्वतः ही प्रतिबंधित हो गए। साथ ही रोनाल्डो पर 3805 यूरो का जुर्माना लगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.espn.in/football/real-madrid/story/3179565/cristiano-ronaldo-hit-with-five-match-ban-for-red-card-pushing-referee

## हैंडीकैप इंटरनेशनल के सद्भावना राजदूत

**प्रश्न-हाल में किस अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर को हैंडीकैप इंटरनेशनल संगठन का नया सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया है?**

(a) लियोनेल मेसी (b) क्रिस्टियानो रोनाल्डो

(c) पॉल वोग्बा (d) नेमार जूनियर

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- ब्राजीलियाई फुटबॉलर नेमार जूनियर गैर-सरकारी संगठन 'हैंडीकैप इंटरनेशनल' (Handicap International) के सद्भावना राजदूत (Goodwill) एंबेस्डर बने। (15 अगस्त, 2017)नेमार दुनिया के सबसे कमजोर, गरीब देशों में रहने वाले, संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं के शिकार विकलांग लोगों को सशक्त बनाने में संगठन को सहयोग प्रदान करेंगे।राजदूत बनते ही नेमार ने सबसे पहले दुनियाभर में विकलांग लोगों को समर्थन हेतु संदेश भेजा।
- हैंडीकैप इंटरनेशनल (NGO) का मुख्यालय फ्रांस और बेल्जियम में स्थित है।
- संगठन का उद्देश्य संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं में विकलांग और घायल लोगों को गरीबी और अपवर्जन की स्थिति में सहायता करना है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/HI_UnitedStates/status/897474927250608128

# संक्षिप्तियां

## चर्चित व्यक्ति

### डॉ. आर.के. राघवन

**प्रश्न-हाल ही में पूर्व सीबीआई निदेशक डॉ. आर.के. राघवन (Retired IPS) को किस देश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया?**

(a) श्रीलंका (b) ऑस्ट्रेलिया (c) पाकिस्तान (d) साइप्रस

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अगस्त, 2017 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व सीबीआई निदेशक डॉ. आर.के. राघवन (Retired IPS) को साइप्रस में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया।इस पद पर वह रवि बांगर का स्थान लेंगे।
- साइप्रस की राजधानी निकोसिया तथा मुद्रा यूरो है।

**संबंधित लिंक**

http://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/28900/Dr_RK_Raghavan_appointed_as_the_next_High_Commissioner_of_India_to_Cyprus

## एयर इंडिया के अंतरिम अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे एयर इंडिया के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया?**

(a) रवीश कुमार (b) राजीव बंसल (c) दीपक गुप्ता (d) राजेश कुमार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव बंसल को एयर इंडिया के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया।
- इस पद पर वह अश्वनी लोहानी का स्थान लेंगे, जिन्हें रेलवे बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है।राजीव बंसल वर्ष 1988 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।

**संबंधित लिंक**

http://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/rajiv-bansal-to-be-interim-air-india-chief/articleshow/60194742.cms

## टीसीआईएल के नए सीएमडी

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे टेलीकम्युनिकेशन्स कंस्लटेंट्स इंडिया लि. (TCIL) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया?**

(a) संजीव भटनागर (b) अनुपम श्रीवास्तव

(c) ए. शेषागिरि राव (d) चित्रा बनर्जी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने ए. शेषागिरि राव को टेलीकम्युनिकेशन्स कंसलटेंट्स इंडिया लि. (TCIL) का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (CMD) नियुक्त किया।इस पद पर उनका कार्यकाल 5 वर्षों का होगा।
- वर्तमान में वह भारतीय रेल टेल निगम लि. (RCIL) के निदेशक है।
- टीसीआईएल इंजीनियरी और परामर्श के क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है, जो संचार मंत्रालय, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व में है।
- इसकी स्थापना दूरसंचार, सिविल और सूचना प्रौद्योगिकी के सभी क्षेत्रों में विश्वभर के विकासशील देशों को भारतीय दूरसंचार विशेषज्ञता उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 1978 में की गई थी।

**संबंधित लिंक**

http://www.tcil-india.com/new/

## जनरल मोटर्स इंडिया के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में कौन जनरल मोटर्स इंडिया के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त हुए?**

(a) राजीव गुप्ता (b) दिनेश चंदेल (c) डी. सुब्रमण्यम (d) संजीव गुप्ता

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को संजीव गुप्ता को जनरल मोटर्स इंडिया का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया।वह 1 सितंबर, 2017 को पदभार ग्रहण करेंगे।
- वर्तमान में वह कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (CFO) हैं।इस पद पर वह काहेर काजीम का स्थान लेंगे।उल्लेखनीय है कि काहेर काजीम को जनरल मोटर्स कोरिया का अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया।

**संबंधित लिंक**

http://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/sanjiv-gupta-appointed-president-and-md-of-general-motors-india/articleshow/60102579.cms

## आईबीबीआई के नए कार्यकारी निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में किसने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) के नए कार्यकारी निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया?**

(a) डॉ. एम.एस. साहू (b) सुमन सक्सेना

(c) डॉ. ममता सूरी (d) डॉ. दिव्या सचान

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को डॉ. ममता सूरी ने भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) की नई कार्यकारी निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) की मुख्य महाप्रबंधक थीं।ज्ञातव्य है कि आईबीबीआई की स्थापना 1 अक्टूबर, 2016 को हुई थी।डॉ. एम.एस. साहू इसके अध्यक्ष हैं।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170033

## एम.के. दामोदरन

**प्रश्न-हाल ही में एम.के. दामोदरन का निधन हो गया। वह किस राज्य के पूर्व महाधिवक्ता थे?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) कर्नाटक (c) राजस्थान (d) केरल

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को केरल के पूर्व महाधिवक्ता एम.के. दामोदरन का निधन हो गया।
- वह वर्ष 1996-2001 के मध्य केरल के महाधिवक्ता (Advocate General) थे।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/kerala/mk-damodaran-former-ag-dead/article19504715.ece

## फिरोज मर्चेंट

**प्रश्न-हाल ही में किस देश की सरकार ने फिरोज मर्चेंट को 'सामुदायिक सेवा मेडल' प्रदान किया?**

(a) सऊदी अरब (b) ईरान (c) यूएई (d) इस्राइल

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 06 अगस्त, 2017 को भारतीय व्यवसायी फिरोज मर्चेंट को यूएई के उप-प्रधानमंत्री शेख सैफ बिन जायद अल नहयान द्वारा 'सामुदायिक सेवा मेडल' (Community Service Medal) प्रदान किया गया।
- फिरोज यूएई में व्यवसाय के साथ समाज सेवा का कार्य भी करते हैं।
- यह पहला अवसर है, जब किसी प्रवासी को यह सम्मान प्रदान किया गया है।
- कर्ज का भुगतान न कर पाने के कारण यूएई की जेलों में रह रहे 10940 कैदियों का कर्ज चुकाने में फिरोज द्वारा वर्ष 2008 से 4.08 मिलियन अमेरिकी डॉलर खर्च किया गया।

**संबंधित लिंक**

http://littleindia.com/meet-the-indian-bailing-out-prisoners-in-uae/

## इंफोसिस लि. बोर्ड के नए गैर-कार्यकारी अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में इंफोसिस लि. के निदेशक मंडल ने किसके नाम को बोर्ड के नए गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मंजूरी दी?**

(a) आर. शेषसायी (b) टी. सुंदरराजन

(c) नंदन नीलेकणि (d) रवि वेंकटेशन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को इंफोसिस लि. के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से नंदन नीलेकणि के नाम को बोर्ड के नए गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में मंजूरी दी।
- इस पद पर वह आर. शेषसायी (R. Seshasayee) का स्थान लेंगे, जिन्होंने कंपनी के बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।
- नंदन नीलेकणि इंफोसिस लि. के सह-संस्थापकों में एक हैं, जो वर्ष 2002-2007 तक कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में कार्यरत थे।
- वह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के (UIDAI) अध्यक्ष भी रहे हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.infosys.com/newsroom/press-releases/Pages/press-release-24-aug-2017.aspx

## रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे रेलवे बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?**

(a) रवि बंसल (b) अश्विनी लोहानी (c) ए.के. मित्तल (d) एम.सी. चौहान

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को अश्विनी लोहानी ने रेलवे बोर्ड के नए अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया।इससे पूर्व वह एयर इंडिया के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे।

- इस पद पर वह ए.के. मित्तल का स्थान लेंगे।
- जिन्होंने 23 अगस्त, 2017 को ही हाल ही में हुई विभिन्न रेल दुर्घटनाओं की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

**संबंधित लिंक**

http://www.dnaindia.com/india/report-ashwani-lohani-to-assume-charge-of-railway-board-chairman-today-2539482

## टाटा संस के नए मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त

**प्रश्न-हाल ही में टाटा संस ने किसे अपना नया मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया?**

(a) रूपा पुरुषोत्तम (b) दीपा मुखर्जी (c) दीपक पारिख (d) शिखा शर्मा

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को टाटा संस ने रूपा पुरुषोत्तम को अपना मुख्य अर्थशास्त्री नियुक्त किया।इसके अलावा उन्हें नीतिगत सुझाव देने वाली इकाई का भी प्रमुख नियुक्त किया गया है।वह 1 सितंबर, 2017 से टाटा संस से जुड़ेंगी।
- वर्तमान में वह एवरस्टोन कैपिटल में अनुसंधान कामकाज की प्रमुख हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.tata.com/company/releasesinside/roopa-purushothaman-chief-economist-head-policy-advocacy

## रेलवे सुरक्षा बल के नए महानिदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?**

(a) राजीव भटनागर (b) धर्मेंद्र कुमार (c) शरद पाठक (d) दिनेश त्रिवेदी

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी धर्मेंद्र कुमार को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह सीआईएसएफ (CISF) में अतिरिक्त महानिदेशक हैं।
- इस पद पर वह एस.के. भगत का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170141

## श्रीलंका के नए नौसेना प्रमुख

**प्रश्न-हाल ही में कौन श्रीलंका के नए नौसेना प्रमुख के रूप में नियुक्त हुए?**

(a) रियर एडमिरल डी.के. सारन (b) रियर एडमिरल त्राविश सिन्नियाह
(c) रियर एडमिरल मैत्री सिन्नइया (d) रियर एडमिरल शरत विक्रम सिंधे

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अगस्त, 2017 को श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रिपाल सिरिसेना ने रियर एडमिरल त्राविश सिन्नियाह (Traris Sinniah) को देश का नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया।उल्लेखनीय है कि

देश में 45 वर्ष पहले शुरू हुए गृह युद्ध के बाद अल्पसंख्यक तमिल समुदाय से पहलीबार किसी को नौसेना की कमान सौंपी गई है।इस पद पर वह रवीन्द्र विजीगुनरत्ने (Ravi Wijegunaratne) का स्थान लेंगे।त्राविश सिन्नियाह तमिल समुदाय के दूसरे व्यक्ति हैं जो श्रीलंकाई नौसेना के प्रमुख बने।

**संबंधित लिंक**

http://www.colombopage.com/archive_17B/Aug18_1503032196CH.php

## राज्य सभा के नए महासचिव

**प्रश्न-हाल ही में कौन राज्य सभा के नए महासचिव नियुक्त हुए?**

(a) अनूप मिश्रा (b) देश दीपक वर्मा

(c) शमशेर के. शरीफ (d) राजीव शरण

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी देश दीपक वर्मा को राज्य सभा का नया महासचिव नियुक्त किया।
- इस पद पर वह शमशेर के. शरीफ का स्थान लेंगे जो 31 अगस्त, 2017 को सेवानिवृत्त होंगे।वर्तमान में वह उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.hindustantimes.com/lucknow/retired-up-bureaucrat-appointed-rajya-sabha-secretary-general/story-K8NhILMPZPKqtfTs1qLB4L.html

## भारत में रूस के नए राजदूत

**प्रश्न-हाल ही में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने किसे भारत में रूस का नया राजदूत नियुक्त किया?**

(a) निकोलस मादुरो (b) एलेक्जेंडर कदाकिन

(c) निकोले कुदाशेव (d) वेनेलिसा मोरे

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अगस्त, 2017 को रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने वरिष्ठ राजनयिक निकोले कुदाशेव को भारत में रूस का नया राजदूत नियुक्त किया।
- वर्तमान में वह रूस के विदेश मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर जनरल सेक्रेटेरिएट हैं।
- इस पद पर वह एलेक्जेंडर कदाकिन का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक**

http://aajtak.intoday.in/story/russian-president-appoints-kudashev-nikolay-rishatovich-as-the-new-russian-envoy-to-india-1-947489.html

## एस. पॉल

**प्रश्न-हाल ही में एस. पॉल का निधन हो गया। वह थे-**

(a) पत्रकार (b) फोटोग्राफर (c) चित्रकार (d) संगीतकार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को प्रसिद्ध फोटोग्राफर एस. पॉल का निधन हो गया।
- उनका जन्म वर्ष 1929 में झांग, पाकिस्तान में हुआ।
- बंटवारे के बाद वह भारत आ गए और उनका परिवार शिमला में रहने लगा।
- वे वर्ष 1960-1989 के मध्य द इंडियन एक्सप्रेस समाचार पत्र में कार्यरत थे।

**संबंधित लिंक**

http://betterphotography.in/perspectives/great-masters/paul/12298/

## डॉ. रुथ कैथेरिना मार्था फॉव

**प्रश्न-हाल ही में डॉ. रुथ कैथेरिना मार्था फॉव का निधन हो गया। वह थीं-**

(a) जर्मन-बांग्लादेश चिकित्सक (b) जर्मन-पाकिस्तानी चिकित्सक
(c) अमेरिकन-पाकिस्तानी चिकित्सक (d) कनाडियन-पाकिस्तानी चिकित्सक

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अगस्त, 2017 को जर्मन-पाकिस्तानी चिकित्सक एवं नन सिस्टर डॉ. रुथ कैथेरिना मार्था फॉव (Dr. Ruth Katherina Martha Pfau) का कराची में निधन हो गया। वह 87 वर्ष की थीं।वह देश में कुष्ठ रोग के उन्मूलन हेतु अपने जीवन को समर्पित करने के लिए पाकिस्तान की 'मदर टेरेसा' के रूप में लोकप्रिय थीं।
- उनका जन्म वर्ष 1929 में जर्मनी में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 1979 में हिलाल-ए-इम्तियाज, वर्ष 1989 में हिलाल-ए-पाकिस्तान, वर्ष 2002 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार तथा वर्ष 2015 में जर्मन स्टॉफर मेडल से सम्मानित किया गया था।

**संबंधित लिंक**

https://en.wikipedia.org/wiki/Ruth_Pfau

## विशाल सिक्का

**प्रश्न-हाल ही में विशाल सिक्का ने किस आईटी कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पद से इस्तीफा दिया?**

(a) एचसीएल (b) टीसीएस (c) विप्रो (d) इंफोसिस लि.

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अगस्त, 2017 को विशाल सिक्का ने देश की दूसरी बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस लि. के प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के पद से इस्तीफा दे दिया।कंपनी ने उन्हें कार्यकारी उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया ज्ञातव्य है कि इंफोसिस लि. की स्थापना 7 जुलाई, 1981 को हुई

## भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त

**प्रश्न-हाल ही में किसने भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया?**

(a) अब्दुल बासित (b) सोहेल महमूद (c) मो. सब्बार (d) सोहेल अहमद

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को सोहेल महमूद ने भारत में पाकिस्तान के नए उच्चायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया।इस पद पर उन्होंने अब्दुल बासित का स्थान लिया।

- सोहेल महमूद वर्ष 1985 में पाकिस्तान विदेश सेवा में शामिल हुए थे।

**संबंधित लिंक**

https://www.dawn.com/news/1351932

## टाटा मोटर्स के नए मुख्य वित्तीय अधिकारी

**प्रश्न-हाल ही में टाटा मोटर्स ने किसे समूह का नया मुख्य वित्तीय अधिकारी (CFO) नियुक्त किया?**

(a) संजीव नागर (b) पी.बी. बालाजी (c) चंद्रेश कुमार (d) दीपक अग्रवाल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 अगस्त, 2017 को टाटा मोटर्स ने पी.बी. बालाजी को समूह का नया मुख्य वित्तीय अधिकारी नियुक्त किया।वह नंवबर, 2017 से कार्यभार ग्रहण करेंगे।इस पद वह सी. रामकृष्णन का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक**

http://www.tatamotors.com/press/tata-motors-announces-appointment-of-new-chief-financial-officer/

## दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र शारीरिक गतिविधि हेतु डब्ल्यूएचओ के नए सद्भावना राजदूत

**प्रश्न-हाल ही में कौन दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में शारीरिक गतिविधि हेतु डब्ल्यू एचओ (W.H.O.) के नए सद्भावना राजदूत नियुक्त हुए?**

(a) अभिनव बिंद्रा (b) पी.टी. ऊषा (c) मिल्खा सिंह (d) योगेश्वर दत्त

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अगस्त, 2017 को प्रसिद्ध एथलीट मिल्खा सिंह को दक्षिण-पूर्व एशिया (SEAR) में शारीरिक गतिविधि हेतु विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) का अपना नया सद्भावना राजदूत (Good will Ambassador) नियुक्त किया।
- 'फ्लाइंग सिख' के नाम से प्रसिद्ध, मिल्खा सिंह सद्भावना राजदूत के रूप में डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया (WHO SEAR'S) के गैर-संक्रामक रोगों (NCDs) की रोकथाम एवं नियंत्रण कार्य योजना को बढ़ावा देंगे।
- जो कि वर्ष 2025 तक अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि (Insufficient Physical Activity) तथा गैर-संक्रामक रोगों के स्तर को कम करके क्रमशः 10 प्रतिशत तथा 25 प्रतिशत पर लाना चाहता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशिया में अनुमानतः 8.5 मिलियन लोग प्रतिवर्ष गैर-संक्रामक बीमारियों से मरते है।

**संबंधित लिंक**

http://www.searo.who.int/mediacentre/releases/2017/1653/en/

## डॉ. चंद्रकांत देवताले

**प्रश्न-हाल ही में डॉ. चंद्रकांत देवताले का निधन हो गया। वह थे-**

(a) पत्रकार (b) कवि (c) इतिहासकार (d) नाटककार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 अगस्त, 2017 को हिंदी के प्रसिद्ध कवि डॉ. चंद्रकांत देवताले का निधन हो गया।
- उनका जन्म 7 नवंबर, 1936 को जौलखेड़ा जिला बैतूल, मध्य प्रदेश में हुआ था।
- हिंदी साहित्य में एम.ए. तथा मुक्तिबोध की कविता पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त डॉ. देवताले ने वर्ष 1961-1996 तक मध्य प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में अध्यापन कार्य किया।'हड्डियों में छिपा ज्वर', 'दीवारों पर खून, 'लकड़बग्धा हंस रहा है', 'रोशनी के मैदान की तरफ', 'आग हर चीज में बताई गई थी', 'इतनी पत्थर रोशनी', 'उजाड़ में संग्रहालय', 'आकाश की जात बता भइया', 'पत्थर फेंक रहा हूँ', 'कवि ने कहा' तथा प्रतिनिधि कविताएं आदि उनके प्रमुख कविता संग्रह हैं।
- उन्हें 'पत्थर फेक रहा हूँ' कविता संग्रह के लिए वर्ष 2013 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।इसके अलावा उन्हें मध्य प्रदेश शासन का शिखर सम्मान, माखन लाल चतुर्वेदी कविता पुरस्कार, पहल सम्मान, भवभूति अलंकरण, कविता समय सम्मान, कुसुमाग्रज राष्ट्रीय सम्मान तथा रचना समय सम्मान सहित अनेक पुरस्कारों से विभूषित किया गया था।

**संबंधित लिंक**

http://sahitya-akademi.gov.in/sahitya-akademi/pdf/tribute_chandrakanta_devtale_15-08-17.pdf

## भारत पर्यटन विकास निगम के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे भारत पर्यटन विकास निगम (ITDC) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया?**

(a) उमंग नरूला(b) रवनीत कौर(c) हरमीति कौर (d) दीपक चतुर्वेदी

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी रवनीत कौर को भारत पर्यटन विकास निगम (ITDC) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया।वह वर्ष 1988 बैच की पंजाब कैडर की आईएएस अधिकारी हैं।
- इस पद पर वह उमंग नरूला का स्थान लेंगी।ज्ञातव्य है कि भारत पर्यटन विकास निगम अक्टूबर, 1966 में अस्तित्व में आया और इसने देश में पर्यटन के उत्तरोत्तर विकास, संवर्धन और विस्तार में प्रमुख भूमिका निभाई है।

**संबंधित लिंक**

http://www.tkbsen.in/2017/07/itdc-appoints-ravneet-kaur-as-chairperson-managing-director/

## हुसैन सईदुद्दीन डागर



**प्रश्न-हाल ही में सईदुद्दीन डागर का निधन हो गया। वह थे-**

(a) इतिहासकार (b) संगीतकार (c) पर्यावरणविद् (d) चित्रकार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 जुलाई, 2017 को हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध गायक उस्ताद हुसैन सईदुद्दीन डागर का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।

- वह ध्रुपद परंपरा के सर्वश्रेष्ठ गायकों में से एक थे।
- उनका जन्म 20 अप्रैल, 1939 को राजस्थान के अलवर जिले में हुआ था।

**संबंधित लिंक**

https://en.wikipedia.org/wiki/H._Sayeeduddin_Dagar

## रॉबर्ट हार्डी

**प्रश्न-हाल ही में रॉबर्ट हार्डी का निधन हो गया। वह थे-**

(a) इतिहासकार (b) अभिनेता (c) वैज्ञानिक (d) संगीतकार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अगस्त, 2017 को प्रसिद्ध ब्रिटिश अभिनेता रॉबर्ट हार्डी का निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे।वह 'हैरी पॉटर' ऋंखला की फिल्मों में काम करने हेतु प्रसिद्ध थे।
- उन्होंने हैरी पॉटर ऋंखला की पहली फिल्म 'हैरी पॉटर एंड द चैंबर ऑफ सीक्रेट्स' सहित इस ऋंखला की तीन अन्य फिल्मों 'हैरी पॉटर एंड द प्रिजनर ऑफ अजकबान', 'हैरी पॉटर एंड द गॉबलेट ऑफ फायर', 'हैरी पॉटर एंड द ऑर्डर ऑफ द फिनिक्स' में जादूगर कार्नेलियस फज, (Cornelius Fudge) की भूमिका निभाई थी।

**संबंधित लिंक**

http://www.imdb.com/name/nm0362735/bio

## संतोष मोहन देव

**प्रश्न-हाल ही में संतोष मोहन देव का निधन हो गया। वह थे-**

(a) संगीतकार (b) राजनेता (c) इतिहासकार (d) पर्यावरणविद्

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता संतोष मोहन देव का निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे।
- वह वर्ष 1980 में लोकसभा सदस्य चुने गए।वह लगातार 7 बार लोकसभा सदस्य रहे, जिसमें उन्होंने 5 बार असम के सिलचर और 2 बार त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व किया।
- वह संप्रग-1 में वर्ष 2005-09 तक केंद्रीय भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्री रहे।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/former-union-minister-santosh-mohan-dev-passes-away/article19406824.ece

## उहुरु केन्याटा

**प्रश्न-हाल ही में उहुरु केन्याटा किस देश के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित हुए?**

(a) लीबिया (b) केन्या (c) युगांडा (d) रवांडा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अगस्त, 2017 को उहुरु केन्याटा (Uhuru Kenyatta) अपने दूसरे 5 वर्ष के कार्यकाल हेतु केन्या के राष्ट्रपति के रूप में पुनः निर्वाचित हुए।उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी रायला ओंडिंगा (Raila

Odinga) को हराया।उहुरु केन्याटा को 54.27 प्रतिशत तथा रायला ओंडिगा को 44.74 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।ज्ञातव्य है कि केन्या एक पूर्वी अफ्रीकी देश है जिसकी राजधानी नैरोबी है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/IEBCKenya/status/896090581935443969

## दिलीप चौहान

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल के दिलीप चौहान को कहां पर अल्पसंख्यक मामलों का उप नियंत्रक नियुक्त किया गया-**

(a) टोकियो (b) न्यूयॉर्क (c) मेलबर्न (d) डरबन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को भारतीय मूल के अमेरिकी दिलीप चौहान को न्यूयॉर्क के नसाउ काउंटी में अल्पसंख्यक मामलों का उप नियंत्रक नियुक्त किया गया।
- वे न्यूयॉर्क क्षेत्र में कई सामुदायिक एवं व्यावसायिक संगठनों में सक्रिय रहे हैं।
- वे वर्ष 2015 में नियंत्रक कार्यालय में दक्षिण एवं पूर्व एशिया के सामुदायिक मामलों के निदेशक के रूप में जुड़े थे।

**संबंधित लिंक**

https://www.theindianpanorama.news/indians-abroad/indian-american-dilip-chauhan-appointed-nassau-county-deputy-comptroller-minority-affairs/

## केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया?**

(a) श्याम बेनेग(b) शरद जोश (c) प्रसून जोशी (d) अनुपम खेर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने प्रसिद्ध गीतकार, पटकथा लेखक, कवि और ऐड गुरु प्रसून जोशी को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (Central Board of Film Certification) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया।
- उनका कार्यकाल 3 वर्षों तक अथवा अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) होगा।
- इस पद पर वह पहलाज निहलानी का स्थान लेंगे।
- इसके अलावा केंद्र सरकार ने केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का पुनर्गठन किया।
- इस बोर्ड में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन के अलावा निम्नलिखित सदस्यों को शामिल किया गया-

  (1) गौतमी ताडिमाला(2) नरेश चंद्र लाल(3) नील हर्बर्ट नोंगकिंरिह(4) विवेक अग्निहोत्री(5) वामन केंद्रे(6) टी एस नागाभारना(7) रमेश पतंगे(8) वानी त्रिपाठी टिक्कू(9) जीविथा राजशेखर(10) मिहिर भुता
- इन सभी सदयों का कार्यकाल 3 वर्षों तक अथवा अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) होगा।ज्ञातव्य है की केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत एक सांविधिक निकाय है।यह सिनेमैटोग्राफी अधिनियम , 1952 के तहत जारी किये गए प्रावधानों

का अनुसरण करते हुए फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन का नियंत्रण करता है।सीबीएफसी द्वारा फिल्मों को प्रमाणित करने के बाद ही देश में उसका सार्वजनिक प्रदर्शन होता है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169926

## जेट एयरवेज के नए सीईओ

**प्रश्न-हाल ही में कौन जेट एयरवेज के नए सीईओ नियुक्त किए गए?**

(a) प्रकाश दुबे (b) विनय दुबे (c) दीपक गुप्ता (d) राजेश अग्रवाल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अगस्त, 2017 को विनय दुबे भारत के निजी क्षेत्र की विमान सेवा प्रदाता कंपनी जेट एयरवेज के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किए गए।
- इस पद पर वह क्रेमर बाल (Cramer Ball) का स्थान लेंगे।
- उल्लेखनीय है कि जेट एयरवेज, इंडिगो के बाद भारत की दूसरी सबसे बड़ी विमान सेवाप्रदाता कंपनी है।इसकी स्थापना 1 अप्रैल, 1992 को हुई थी।
- इसने वर्ष 1993 में परिचालन प्रारंभ किया।

**संबंधित लिंक**

https://www.jetairways.com/EN/IN/JetExperience/Press-Releases.aspx

## सांवर लाल जाट

**प्रश्न - हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा सदस्य सांवर लाल जाट का निधन हो गया। वह कहाँ से लोक सभा सदस्य थे -**

(a) आगरा (b) अजमेर (c) छिंदवाड़ा (d) उदयपुर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अगस्त, 2017 को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अजमेर (राजस्थान) से लोकसभा सदस्य सांवर लाल जाट का निधन हो गया।
- वे नवम्बर, 2014 से जुलाई, 2016 तक केंद्रीय जल संसाधन राजयमंत्री रहे।
- वे अजमेर जिले की भिनाय विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके हैं।
- इसके आलावा वह वर्ष 1993, 2003 और 2013 में राजस्थान सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169790

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष

**प्रश्न - हाल ही में कौन पकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष चुने गए -**

(a) शहरयार खान(b) नजम अज़ीज़ सेठी(c) शारजील खान(d) खालिद लतीफ़

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अगस्त, 2017 को नजम अज़ीज़ सेठी सर्वसम्मति से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष चुने गए।इस पद पर वह शहरयार खान का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक**

http://www.pcb.com.pk/press-release-detail/mr-najam-aziz-sethi-elected-as-chairman-pcb.html

## नीति आयोग के नए उपाध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे नीति आयोग का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया?**

(a) दिनेश कुमार (b) डॉ. राजीव कुमार (c) हसमुख आधिया (d) डॉ. रघुराम राजन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. राजीव कुमार को नीति आयोग (राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्था) का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया।इस पद पर वह अरविंद पनगढ़िया का स्थान लेंगे।
- जिन्होंने 1 अगस्त, 2017 को घोषणा की थी कि वह 31 अगस्त, 2017 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष पद से हट जाएंगे और पुनः कोलंबिया विश्वविद्यालय में अध्यापन हेतु जाएंगे।डॉ. राजीव कुमार ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डी.फिल तथा लखनऊ विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. धारक हैं।
- वह पब्लिक सार्वजनिक नीति के विशेषज्ञ बैद्धिक समूह सेंटर फॉर पॉलिसी एंड रिसर्च (CPR) में वरिष्ठ फेलो हैं।इसके अलावा वह उद्योग संगठन फिक्की के महासचिव, सीआईआई के मुख्य अर्थशास्त्री, वर्ष 2006-08 के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य रह चुके हैं।साथ ही केंद्र सरकार द्वारा एम्स, नई दिल्ली में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद पाल को नीति आयोग का सदस्य नियुक्त किया गया है।ज्ञातव्य है कि नीति आयोग की स्थापना 1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग के स्थान पर की गई थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं।

## विश्व बैंक की नयी कार्यकारी निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे विश्व बैंक में नए कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया?**

(a) सुभाष गर्ग (b) राजीव कुमार (c) एस. अपर्णा (d) शक्तिकांत दास

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एस. अपर्णा को वाशिंगटन डी.सी. स्थित विश्व बैंक में नए कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया।इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्ष का होगा।
- विश्व बैंक में कार्यकारी निदेशक के रूप में वह भारत बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका का प्रतिनिधित्व करेंगी।वह वर्ष 1988 बैच की आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपानी की प्रमुख सचिव (Principal Secretary) हैं।इस पद पर वह सुभाष गर्ग का स्थान लेंगी।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/other-states/s-aparna-appointed-executive-director-world-bank/article19437532.ece

## रवि बांगर

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रवि बांगर को किस देश में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया?**

(a) डेनमार्क (b) मैक्सिको (c) कोलंबिया (d) कनाडा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रवि बांगर को कोलंबिया में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया।वह वर्ष 1982 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह साइप्रस में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत है।
- इस पद पर वह प्रभात कुमार का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक**

https://www.witnessinthecorridors.com/BureaDetails.aspx?id=6329

## एफबीआई के नए निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने किसे फेडरल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (FBI) के नए निदेशक के रूप में मंजूरी दी?**

(a) जेम्स बी. कॉमी (b) क्रिस्टोफर ए. रे

(c) माइकल टी. फ्लिन (d) राबर्ट एस. मुलर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को अमेरिकी सीनेट ने क्रिस्टोफर ए. रे (Christopher A. Wary) को फेडरल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (FBI) के नए निदेशक के रूप में मंजूरी दी।अमेरिकी सीनेट में उनके नाम के पक्ष में 92 तथा विपक्ष में 5 वोट पड़े।
- इस पद पर वह जेम्स बी. कॉमी का स्थान लेंगे।
- गौरतलब है कि डोनाल्ड ट्रंप ने गत वर्ष हुए राष्ट्रपति चुनाव में रूस के दखल की जांच करने के लिए मई, 2017 में जेम्स बी. कॉमी को उनके पद से हटा दिया था।ज्ञातव्य है कि एफबीआई अमेरिका की घरेलू खूफिया एवं सुरक्षा एजेंसी है।
- यह अमेरिकी न्याय विभाग (U.S. Department of Justice) के अधीन कार्य करती है।इसकी स्थापना 26 जुलाई, 1908 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. में है।

**संबंधित लिंक**

https://www.fbi.gov/news/stories/christopher-wray-sworn-in-as-fbi-director

## सिडबी के नए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया?**

(a) हसमुख अधिया (b) मोहम्मद मुस्तफा

(c) राजीव गुप्ता (d) अनिल गुप्ता

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मोहम्मद मुस्तफा को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI: Small Industries Development Bank of India) का नया अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्षों का होगा।वह वर्ष 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व वह आर्थिक सेवा विभाग (DFS), वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे।
- ज्ञातव्य है कि सिडबी की स्थापना सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) क्षेत्र के संवर्धन, वित्त पोषण और विकास तथा इसी प्रकार की गतिविधियों में संलग्न संस्थाओं के कामकाज में समन्वय के लिए 2 अप्रैल, 1990 को संसद के एक अधिनियम के अंतर्गत प्रधान वित्तीय संस्था के रूप में की गई थी।
- उल्लेखनीय है कि सूक्ष्म, लघु, मध्यम क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा इसकी वृद्धि में इस क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान है।
- इस क्षेत्र में लगभग 5.1 करोड़ इकाइयों का विशाल नेटवर्क है, जो 11.7 करोड़ से अधिक लोगों के लिए रोजगार पैदा करता है।
- विनिर्माण उत्पादों में उनका योगदान लगभग 45 प्रतिशत, मूल्य के हिसाब से निर्यात में 40 प्रतिशत तथा राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 37.5 प्रतिशत है।सिडबी का मुख्यालय लखनऊ, उत्तर प्रदेश में स्थित है।

**संबंधित लिंक**

https://www.sidbi.in/About_SIDBI.php

## हसन रुहानी

**प्रश्न-हाल ही में हसन रुहानी ने किस देश के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण किया?**

(a) ईरान (b) इराक (c) तुर्की (d) जॉर्डन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अगस्त, 2017 को हसन रुहानी ने दूसरे कार्यकाल के लिए ईरान के राष्ट्रपति पद की शपथ ग्रहण किया।ईरान के सर्वोच्च नेता अयतोल्लाह अली खमेनेई ने उनको राष्ट्रपति पद की शपथ दिलायी।वह मई 2017 में हुए राष्ट्रपति चुनाव में 57.14 प्रतिशत मत प्राप्त कर पुनः निर्वाचित हुए थे।
- इस चुनाव में उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी इब्राहिम रायसी को हराया था।
- ईरान की राजधानी तेहरान तथा मुद्रा रियाल है।

**संबंधित लिंक**

http://www.gulf-times.com/story/558866/Iran-s-Rouhani-sworn-in-for-second-term

## पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री

**प्रश्न-हाल ही में कौन पाकिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री चुने गए?**

(a) शहबाज शरीफ (b) शाहिद खकान अब्बासी

(c) शेख रशीद अहमद (d) नावेद कमर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (PML-N) के नेता शाहिद खकान अब्बासी देश के अंतरिम प्रधानमंत्री चुने गए।
- नेशनल असेंबली में उन्हें 339 में से 221 वोट मिले।
- इस पद पर वह नवाज शरीफ का स्थान लेंगे।गौरतलब है कि पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पनामा पेपर मामले में नवाज शरीफ को दोषी ठहराते हुए प्रधानमंत्री पद के लिए अयोग्य करार दिया गया था।
- शाहिद खकान अब्बासी 45 दिनों के लिए अंतरिम प्रधानमंत्री चुने गए हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.geo.tv/latest/151581-shahid-khaqan-abbasi-a-pml-n-loyalist

## सैम शेपर्ड

**प्रश्न-हाल ही में प्रसिद्ध नाटककार एवं अभिनेता सैम शेपर्ड का निधन हो गया। वह किस देश के थे?**

(a) कनाडा (b) ब्रिटेन (c) अमेरिका (d) इस्राइल

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को अमेरिका के प्रसिद्ध नाटककार एवं अभिनेता का निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे।वह पटकथा लेखक और निर्देशक के रूप में भी प्रसिद्ध थे।
- उन्हें वर्ष 1979 में उनके नाटक 'बरीड चाइल्ड' (Buried Child) के लिए पुलित्जर पुरस्कार प्रदान किया गया था।इसके अलावा उन्हें फिल्म 'द राइट स्टफ (1983) में सहायक अभिनेता की श्रेणी में अकादमी पुरस्कार के लिए नामित किया गया था।

**संबंधित लिंक**

http://www.imdb.com/name/nm0001731/

## उत्तर प्रदेश के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसे प्रदेश में स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने की घोषणा की?**

(a) नवाजुद्दीन सिद्दीकी (b) अभिषेक बच्चन

(c) अक्षय कुमार (d) विद्या बालन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार को प्रदेश में स्वच्छता अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाए जाने की घोषणा की।
- ब्रांड एंबेसडर के रूप में वह प्रदेश में स्वच्छता व शौचालय के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक करेंगे।मुख्यमंत्री ने उनकी आगामी फिल्म 'टायलेट : एक प्रेमकथा' को राज्य में टैक्स फ्री घोषित किया।

## एन. धरम सिंह

**प्रश्न-हाल ही में एन. धरम सिंह का निधन हो गया। वह किस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे?**

(a) उत्तराखंड (b) बिहार (c) कर्नाटक (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को कांग्रेस नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एन. धरम सिंह का निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे।उनको कर्नाटक और राष्ट्रीय राजनीति का व्यापक ज्ञान था।
- उन्होंने मई, 2004 से फरवरी, 2006 तक कर्नाटक के 17वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था।वह सात बार कर्नाटक विधानसभा के सदस्य तथा वर्ष 2009 में बीदर संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सदस्य रहे।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/dharam-singh-passes-away/article19369234.ece

# चर्चित स्थल

## इको-पार्क

**प्रश्न-हाल ही में जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा किस जिले में एक इको-पार्क स्थापित करने का फैसला किया गया है?**

(a) रामबन (b) राजौरी (c) ऊधमपुर (d) श्रीनगर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अगस्त, 2017 को जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा राजौरी जिले के कंडी क्षेत्र में एक इको-पार्क निर्मित करने का फैसला किया गया।
- इस प्रकार का इस क्षेत्र में यह पहला पार्क होगा।यह पार्क 34 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया

**संबंधित लिंक**

http://www.business-standard.com/article/pti-stories/j-k-govt-to-setup-eco-pak-in-rajouri-117082500731_1.html

## राष्ट्रीय खेल संग्रहालय

**प्रश्न-हाल ही में पत्र सूचना कार्यालय (PIB) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल संग्रहालय की स्थापना कहां की जाएगी?**

(a) जयपुर (b) गुवाहाटी (c) मुंबई (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को पत्र सूचना कार्यालय (PIB) द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपने किस्म के पहले राष्ट्रीय खेल संग्रहालय की स्थापना नई दिल्ली में की जाएगी।यह संग्रहालय खेलों में भारत की

उपलब्धियों को दर्शाएगा और साथ ही देश में मौजूद परम्परागत खेलों पर भी ध्यान केंद्रित करेगा।

- इस संग्रहालय का लक्ष्य देश में खेलों को जीवन शैली के रूप में लोकप्रिय बनाना है।इसके अलावा, यह संग्रहालय खेलों में महान भारतीय हस्तियों की उपलब्धियों का प्रदर्शन करेगा साथ ही एक शैक्षणिक केंद्र के रूप में भी काम करेगा तथा युवाओं को किसी न किसी खेल-कूद की गतिविधि में तल्लीन होने का अवसर प्रदान करेगा।संग्रहालय में कैफेटेरिया, एक एक्टिविटी जोन, यादगार वस्तुएं/प्रो शॉप और प्ले एरिया भी होगा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66714

## पूर्वोत्तर में दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास

**प्रश्न-त्रिपुरा में 20 अगस्त, 2017 को पूर्वोत्तर के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास कहां पर किया गया?**

(a) नरसिंहगढ़ (b) अम्लासा (c) उदयपुर (d) बेलोनिया

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक सरकार ने पूर्वोत्तर में गुवाहाटी के बाद दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। (20 अगस्त, 2017)
- स्टेडियम का निर्माण त्रिपुरा क्रिकेट संघ (TCA) और बीसीसीआई के सहयोग से नरसिंहगढ़, अगरतला में किया जाएगा।परियोजना का अनुमानित व्यय 200 करोड़ रुपये है, जिसका 50 प्रतिशत वहन बीसीसीआई करेगा।
- इस विश्वस्तरीय क्रिकेट स्टेडियम की क्षमता 25 हजार दर्शकों की होगी।

## स्पेन

**प्रश्न-अगस्त, 2017 में स्पेन में किन दो स्थलों पर आतंकवादी हमला हुआ?**

(a) मैड्रिड, बार्सिलोना (b) लॉस रामब्लास, कैमब्रिल्स

(c) मैड्रिड, रामब्लास (d) कैमब्रिल्स, मैड्रिड

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को स्पेन के बार्सिलोना के लॉस रामब्लास और कैमब्रिल्स में आतंकवादी हमला हुआ।कुछ ही समयान्तराल में हुए इन दोनों हमलों में वैन का उपयोग किया गया जिससे कुचलकर 15 व्यक्तियों की मृत्यु हो गयी और लगभग 150 लोग घायल हुए हैं।
- इस हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (IS) में ली है।

**संबंधित लिंक**

http://www.bbc.com/news/world-europe-40964242

## चीन द्वारा विदेश में पहला सैन्य अड्डा स्थापित

**प्रश्न-हाल ही में चीन ने किस देश में अपना विदेश में पहला सैन्य अड्डा स्थापित किया है?**

(a) श्रीलंका (b) जिबूती (c) पाकिस्तान (d) म्यांमार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को चीन द्वारा जिबूती में स्थापित सैन्य अड्डे का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया गया।
- यह चीन द्वारा विदेश में स्थापित उसका पहला विदेशी सैन्य अड्डा है।
- जिबूती हिन्द महासागर के उत्तरी-पश्चिमी किनारे पर स्थित है।
- यह इथियोपिया, इरिट्रिया और सोमालिया के बीच एक छोटा बंजर (अनुर्वर) देश है।

# योजना/परियोजना

## निधि-ई.आई.आर.योजना

**प्रश्न-निधि-ई.आई.आर.(नेशनल इनीशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हारनेसिंग इनोवेशन्स-एंटाप्रिन्योर इन रेजीडेन्स) योजना के अंतर्गत चयनित युवकों को आगामी 1 वर्ष तक कितनी राशि तक की फेलोशिप प्रतिमाह प्रदान की जाएगी?**

(a) 10-20 हजार तक (b) 15-20 हजार तक

(c) 20-30 हजार तक (d) 30-35 हजार तक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निधि-ई.आई.आर. (नेशनल इनीशिएटिव फॉर डेवेलपिंग एंड हारनेसिंग इनोवेशन्स-एंट्रेप्रिन्योर इन रेजीडेन्स) योजना का शुभारंभ किया।
- योजनान्तर्गत प्रदेश के अग्रणी इंजीनियरिंग कॉलेजों के ऐसे 11 छात्रों को चयनित किया गया है जिनके आइडिया बहुत अनोखे हैं।
- इस योजना के तहत इन युवकों को आगामी एक वर्ष तक 20 हजार से 30 हजार रुपये प्रतिमाह तक की फेलोशिप प्रदान की जाएगी।
- इसके अलावा इनकी अर्हता के अनुसार सीड स्पोर्ट मनी (कोलैट्रल फ्री ऋण) भी दी जा सकती है।
- जिससे वह अपना स्टार्टअप सफलतापूर्वक संचालित कर स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के साथ ही, देश के आर्थिक विकास को भी गति प्रदान कर सके।
- इन छात्रों के प्रोजेक्टों में गो ग्लास, एनर्जी इफीशिएंट इकोनॉमिकल मोटर बाइक, सेंसर बेस्ड स्मार्ट वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, प्रदूषण की रोकथाम हेतु हाइब्रिड इलेक्ट्रिकल बाईसिकिल इत्यादि का निर्माण आदि शामिल है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/myogiadityanath/status/902193051409539072

## क्लाइमेट-स्मार्ट हिम तेंदुआ परिदृश्य प्रबंधन योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस देश द्वारा विश्व में हिम तेंदुए के संरक्षण के लिए पहली क्लाइमेट-स्मार्ट हिम तेंदुआ परिदृश्य प्रबंधन योजना शुरू की गयी है?**

(a) भारत (b) नेपाल (c) ताजिकिस्तान (d) उज्बेकिस्तान

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को नेपाल ने क्लाइमेट-स्मार्ट हिम तेंदुआ परिदृश्य प्रबंधन योजना (Climate-Smart Snow Leopard Land scape management plan) की शुरूआत की।
- यह संरक्षण योजना विस्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित होने वाले दूसरे अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ शिखर सम्मेलन (International Snow leopard summit) और पारिस्थितिकी गोष्ठी के एक दिन पहले शुरू हुई है।
- यह विश्व में हिम तेंदुए के संरक्षण के लिए शुरू की गयी पहली क्लाइमेट-स्मार्ट हिम तेंदुआ परिदृश्य प्रबंधन योजना है।
- इस योजना का उद्देश्य लुप्तप्राय हो रहे हिम तेंदुए एवं उनके आवासों को संरक्षित करना है।
- यह लुप्त प्राय प्रजाति भारत में भी पाई जाती है।
- हिम तेंदुए की प्रजाति को आईयूसीएन (IUCN-International Union for Conservation of Nature) द्वारा लुप्तप्राय श्रेणी की प्रजातियों में सूचीबद्ध किया गया है।

**संबंधित लिंक**

http://wwf.panda.org/?309190/Nepal-leads-the-way-in-snow-leopard-conservation-at-global-summit

## सीसीईए द्वारा संपदा योजना के पुनः नामकरण को मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने केंद्रीय क्षेत्र की नई स्कीम 'संपदा' के पुनः नामकरण को मंजूरी दी। यह स्कीम अब किस नाम से जानी जाएगी?**

(a) दीनदयाल किसान संपदा योजना (b) अटल किसान संपदा योजना

(c) प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (d) श्यामा प्रसाद मुखर्जी किसान संपदा योजना

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने नई स्कीम संपदा (Scheme For Agro- Marine Processing and Development of Agro-Processing Clusters) के पुनः नामकरण 'प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना' (PMKSY) का अनुमोदन किया।
- प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना का उद्देश्य कृषि न्यूनता को पूर्ण करना, प्रसंस्करण का आधुनिकीकरण करना और कृषि-बर्बादी को कम करना है।
- यह 14वें वित्त आयोग के समाप्ति वर्ष 2016-20 अवधि के लिए 6,000 करोड़ रुपये के आवंटन से केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।
- इस योजना से वर्ष 2019-20 तक देश में 31,400 करोड़ रुपये के निवेश से प्राप्त शक्ति से 1,04,125 करोड़ रुपये मूल्य के 334 लाख मीट्रिक टन कृषि उत्पाद के संचलन, 20 लाख किसानों को लाभ प्राप्त होने और 5,30,500 प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन होने की आशा है।
- सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ प्रमुख कदम उठाए हैं-(i) खाद्य प्रसंस्करण और खुदरा क्षेत्र में निवेश को गति देने के लिए सरकार ने भारत में निर्मित अथवा उत्पादित खाद्य उत्पादों के बारे में ई-कॉमर्स के माध्यम से व्यापार में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को अनुमति दी है।(ii) सरकार ने अभिहित खाद्य पार्कों और इनमें स्थित कृषि-प्रसंस्करण यूनिटों को रियायती ब्याज दर पर वहनीय क्रेडिट उपलब्ध कराने के लिए नाबार्ड में 2000 करोड़ रुपये का विशेष कोष भी स्थापित किया है।
- इस योजना के कार्यान्वयन से खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कार्यक्षमता आपूर्ति प्रबंधन सहित आधुनिक अवसंरचना का सृजन होगा।

- यह देश में न केवल खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए बड़ा प्रोत्साहन होगा बल्कि किसानों को बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायक होगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=170174

## छात्रों हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार ने छात्रों के लिए निःशुल्क प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना शुरू की है?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) झारखंड (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 अगस्त, 2017 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एम.बी.पी.जी महाविद्यालय, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों के लिए निःशुल्क प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का शुभारंभ एवं शौर्य दीवार का लोकार्पण किया।इस योजनान्तर्गत राज्य के सभी महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे लगभग 2.50 लाख विद्यार्थियों का बीमा किया जाएगा।
- राज्य के गरीब छात्रों की पढ़ाई हेतु अपने प्रदेश में 10 लाख रुपये और राज्य के बाहर उच्चशिक्षा की पढ़ाई हेतु विद्यार्थियों को 20 लाख रुपये तक का शैक्षणिक ऋण बैंकों के माध्यम से मिलेगा।15 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन के आधार पर दिया जाएगा।
- मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बीमा योजनांतर्गत खोले गए खातों की पासबुक भी वितरित की गई।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/DIPR_UK/status/898965523253215232

## हमराज ऐप

**प्रश्न-'हमराज' ऐप किसके द्वारा विकसित किया गया है?**

(a) पर्यटन मंत्रालय (b) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

(c) भारतीय सेना (d) राष्ट्रीय सूचना केंद्र

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय सेना द्वारा 'हमराज' नामक एक मोबाइल ऐप्लिकेशन विकसित किया गया है। (अगस्त, 2017 में)
- इस ऐप के माध्यम से सेवारत सैनिक अपनी तैनाती और पदोन्नति जैसे विवरण प्राप्त कर सकते हैं।
- इसके अलावा इसके माध्यम से सैनिक अपनी मासिक वेतन पर्ची और फॉर्म 16 को भी देख सकते हैं और उन्हें डाउनलोड भी कर सकते हैं।
- सेना द्वारा विकसित यह ऐप जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों और अन्य व्यक्तियों को सूचना के त्वरित संचार हेतु जल्द लांच किया जाएगा।
- सुरक्षा कारणों से ऐप का इंस्टॉलेशन आधारकार्ड के विवरण के सत्यापन से जोड़ा गया है।

- आधार विवरण सेना के डेटाबेस (राष्ट्रीय सूचना केंद्र) एनआईसी क्लाउड (NIC Cloud) से सत्यापित होगा और उन्हें पंजीकृत मोबाइल नंबर पर वन टाइम पासवर्ड दिया जाएगा।

**संबंधित लिंक**

https://apps.mgov.gov.in/descp.do?appid=1430&param=app

## वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना को स्वीकृति प्रदान की गई?**

(a) राजस्थान (b) कर्नाटक (c) हिमाचल प्रदेश (d) आंध्र प्रदेश

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 अगस्त, 2017 को हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना (SCHIS) को मंजूरी प्रदान की गई।
- इसका उद्देश्य 60 वर्ष या इससे अधिक आयु के नागरिकों जो राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत नामांकित हैं, को उपचारात्मक वृद्ध अवस्था देखभाल सेवाओं की आसान पहुंच प्रदान करना है।
- योजनांतर्गत पात्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना लाभान्वित परिवार में 30 हजार रुपये की राशि प्रतिवर्ष वरिष्ठ नागरिक को अतिरिक्त कवरेज प्रदान करेगी।

**संबंधित लिंक**

https://www.thenewshimachal.com/2017/08/central-inspection-system-senior-citizen-health-insurance-scheme-get-cabinet-approval/

## मोटरबाइक एंबुलेंस सेवा

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु मोटरबाइक एंबुलेंस सेवा शुरू की गई है?**

(a) कर्नाटक (b) हिमाचल प्रदेश (c) महाराष्ट्र (d) राजस्थान

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने हेतु मोटर बाइक एंबुलेंस सेवा की शुरूआत की गयी।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस और शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने एक पायलट परियोजना के हिस्से के रूप में दक्षिण मुंबई के मरीन ड्राइव एरिया में 10 मोटरबाइक एंबुलेंस का शुभारंभ किया।
- आकस्मिक प्रथम उत्तरदायी चिकित्सा सेवा के तौर पर डिजाइन की गयी यह एंबुलेंस 108 निःशुल्क हेल्पलाइन के माध्यम से उपलब्ध होगी।
- जिस पर चिकित्सा सहायक कर्मी तैनात होंगे जो मुख्यतः उन स्थानों पर जा सकेंगे जहां मरीजों के पास संकट की घड़ी में बड़ी एम्बुलेंस नहीं जा सकती है।
- परियोजना के पहले चरण में इन मोटरबाइक एंबुलेंसों को भंडुप, मलाड, मानखुर्द, धारावी, नागपाड़ा, चारकोप, गोरेगांव, ठाकुर गांव, कलिना और खार-डांडा में तैनात किया गया है।यह सेवा एक अग्रणी सेवा प्रदाता बीवीजी (भारत विकास समूह) द्वारा संचालित है।रॉयल एनफील्ड मोटरबाइकों को आपातकालीन चिकित्सा उपकरणों के साथ एंबुलेंस में परिवर्तित किया गया है।

- ध्यातव्य है कि यह एंबुलेंस मुंबई में व्यस्त यातायात समयावधि में उपयोगी होगी और मेलघाट जैसे क्षेत्रों में इनकी विशेष उपयोगिता होगी जहां चार पहिया एंबुलेंस नहीं पहुंच सकती।

**संबंधित लिंक**

http://www.mid-day.com/articles/maharashtra-government-launches-motorbike-ambulance-service-mumbai-news/18478155

## संचार क्रांति योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा संचार क्रांति योजना (स्काई) शुरू करने का निर्णय किया गया?**

(a) झारखंड (b) असम (c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में संचार क्रांति योजना (स्काई) शुरू करने का निर्णय हुआ।
- योजना का उद्देश्य प्रदेश में शहरी एवं ग्रामीण छत्तीसगढ़ के मध्य की डिजिटल दूरी को समाप्त करना है।
- योजनान्तर्गत दो चरणों में 55 लाख से अधिक स्मार्ट फोन वितरित किए जायेंगे।
- पहले चरण में (वर्ष 2017-18-2018-19 तक) एक हजार से अधिक जनसंख्या वाले सभी ग्रामीण परिवारों, एक हजार से कम जनसंख्या वाले गांव (जहां मोबाइल कवरेज पूर्ण/आंशिक रूप से उपलब्ध है), शहरी गरीब परिवारों एवं कॉलेज के युवाओं को 50.8 लाख परिवारों को स्मार्ट फोन दिया जाएगा।
- दूसरे चरण में एक हजार से कम जनसंख्या वाले ग्रामों में जहां मोबाइल कवरेज उपलब्ध नहीं है 4.8 लाख परिवारों को स्मार्ट फोन का वितरण किया जाएगा।
- राज्य शासन द्वारा परिवार में महिला होने की स्थिति में महिला को ही मोबाइल फोन वितरित करने का फैसला किया गया है।
- जिन हितग्राहियों को स्मार्ट फोन दिए जाएंगे उनको फोन नंबर पहले से आवंटित होंगे तथा यह नंबर आधार एवं बैंक खाते से जुड़े होंगे।
- हितग्राहियों का चयन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग करेगा।
- शहरी क्षेत्र में हितग्राहियों का चयन नगरीय प्रशासन विभाग और कॉलेज में युवाओं का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।
- योजनांतर्गत टॉवर लगाने हेतु सरकार शासकीय भवनों की छत निःशुल्क उपलब्ध कराएगी।
- इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित की जाएगी।
- सामाजिक, आर्थिक जनगणना 2011 के अनुसार छत्तीसगढ़ में मोबाइल फोन का घनत्व सबसे कम है।
- इस राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में मात्र 29 प्रतिशत परिवारों (राष्ट्रीय औसत 72 प्रतिशत) के पास ही फोन उपलब्ध हैं।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/ChhattisgarhCMO/status/900391423731580928

## वर्षाधारी परियोजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा वर्षाधारी परियोजना की शुरूआत की गई है?**

(a) असम (b) कर्नाटक (c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को कर्नाटक सरकार ने बंगलुरू में क्लाउड सीडिंग परियोजना वर्षाधारी का शुभारंभ किया।
- इस परियोजना के तहत वर्षा कराने हेतु विमान के माध्यम से रसायनों (सिल्वर आयोडाइड, सोडियम क्लोराइड और पोटैशियम क्लोराइड) का छिड़काव किया जाएगा।इसका उद्देश्य बादलों द्वारा छोटे आकार के कणों (10 माइक्रोन से कम आकार) को 50 माइक्रोन की बूंदों में संगठित करना है, जिससे वर्षा होगी।
- यह एक प्रायोगिक परियोजना है जिसमें राज्य के बंगलुरू, गडग और यादगिर जिले शामिल हैं।क्लाउड सीडिंग-इसे मौसम सुधार तकनीक के रूप में भी जाना जाता है। यह बादलों में नमी को प्रेरित करने का एक कृत्रिम तरीका है जिससे वर्षा होती है।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/karnataka/has-cloud-seeding-project-missed-the-optimal-season/article19535991.ece

## डिजिटल पुलिस पोर्टल

**प्रश्न-हाल ही में किसने सीसीटीएनएस परियोजना के तहत एक डिजिटल पुलिस पोर्टल का शुभारंभ किया?**

(a) रविशंकर प्रसाद (b) नरेंद्र मोदी

(c) राजनाथ सिंह (d) अरुण जेटली

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अगस्त, 2017 को केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने सीसीटीएनएस (CCTNS) परियोजना के तहत एक डिजिटल पुलिस पोर्टल का शुभारंभ किया।
- जिसका उद्देश्य अपराधों और अपराधियों का राष्ट्रीय ब्यौरा तैयार करना है।
- इसके अलावा यह पोर्टल नागरिकों को ऑनलाइन शिकायत पंजीकरण और पृष्ठभूमि सत्यापन का आग्रह जैसी सुविधाएं देगा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170140

## मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस प्रदेश सरकार ने 'मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना' की शुरूआत की?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश(c) छत्तीसगढ़ (d) राजस्थान

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 अगस्त, 2017 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भाजपा के अध्यक्ष अमित शाह द्वारा 'मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना' का शुभारंभ किया गया।

- इस योजना के तहत माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अथवा सीबीएसई/आई.सी.एस.ई. द्वारा आयोजित 12वीं की परीक्षा में 85 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की फीस राज्य सरकार वहन करेगी।
- इस योजना का लाभ उन्हीं छात्रों को मिलेगा, जो मध्य प्रदेश के निवासी हैं और उनके अभिभावक की वार्षिक आय 6 लाख से कम हो।

## मोबाइल ऐप माइफास्टैग और फास्टैग पार्टनर का शुभारंभ

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) ने दो मोबाइल ऐप्स माईफास्टैग (My FASTag) और फास्टैग पार्टनर (FASTag Partner) का शुभारंभ किया। यह ऐप्स हैं-**

(a) हाईवे पर चिकित्सीय सुविधा के लिए (b) इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह के लिए

(c) हाईवे पर वनावरण की निगरानी के लिए(d) हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने दो मोबाइल ऐप्स-माइफास्टैग (My FASTag) और फास्टैग पार्टनर (FASTag Partner) का शुभारंभ नई दिल्ली में किया।यह ऐप्स इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (ETC: Electronic Toll Collection) के लिए फॉस्टैग की उपलब्धता प्रदान करेंगे।
- माइफास्टैग एक उपभोक्ता ऐप है जिसे एंड्राइड और आईओएस सिस्टम दोनों के लिए डाउनलोड किया जा सकता है।उपभोक्ता इस ऐप से फास्टैग की खरीदारी या रिचार्ज कर सकता है।यह ऐप लेन-देन में मदद करने के अलावा ऑनलाइन शिकायत निवारण में सहायता प्रदान करता है।फास्टैग पार्टनर एक व्यापारी ऐप है-जिसके माध्यम से कॉमन सर्विसेज सेंटर, बैंकिंग भागीदार और वाहन डीलर जैसी एजेंसियां बिक्री और फास्टैग लगा सकती हैं।
- उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर, 2017 से देश के सभी 371 एनएचएआई टोल प्लाजा की सभी लेन फास्टैग युक्त हो जाएंगी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66623

## भारत बिल भुगतान प्रणाली

**प्रश्न-हाल ही में किस बैंक द्वारा अपने ग्राहकों हेतु भारत के नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा पेश किए गए भारत बिल भुगतान प्रणाली की पेशकश की गई?**

(a) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (b) इंडियन ओवरसीज बैंक

(c) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (d) आईसीआईसीआई बैंक

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा अपने ग्राहकों हेतु भारत के नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) द्वारा पेश किए गए भारत बिल भुगतान प्रणाली की पेशकश की गई।यह सेवा प्रदान करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से अनुमोदन प्राप्त करने वाले तीन सरकारी बैंकों में इंडियन ओवरसीज बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शामिल हैं।

- भारत बिल भुगतान प्रणाली (BBPS- Bharat bill payment system) भारत की एक समन्वित बिल भुगतान प्रणाली है जो ग्राहकों को सुविधाजनक ढंग से भिन्न-भिन्न प्रकार के बिल, फीस आदि का भुगतान एक ही स्थान पर करने की सुविधा मुहैया कराती है।इन सेवाओं में बिजली, दूरसंचार, डीटीएच, पानी और गैस बिल के ऑनलाइन भुगतान शामिल हैं।
- इंडियन ओवरसीज बैंक का मुख्यालय चेन्नई, तमिलनाडु में स्थित है।

**संबंधित लिंक**

http://www.npci.org.in/BBPS-about-us.aspx

## जियो पारसी पब्लिसिटी फेज-2

**प्रश्न-भारत में जियो पारसी योजना किस मंत्रालय द्वारा संचालित है?**

(a) कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय

(b) अल्पसंख्यक मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) आवास और शहरी गरीबी मंत्रालय

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने मुंबई में 'जियो पारसी पब्लिसिटी फेज-2' का शुभारंभ किया।इस योजना का उद्देश्य वैज्ञानिक नवाचार और ढांचागत हस्तक्षेप के द्वारा पारसियों की जनसंख्या में वृद्धि करना है।
- इस योजनान्तर्गत मंत्रालय द्वारा परामर्श एवं चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाती है।जियो पारसी पब्लिसिटी फेज-1 की शुरूआत वर्ष 2013 में हुई थी।
- भारत में पारसी समुदाय की घटती जनसंख्या को रोकने हेतु अल्पसंख्यक मंत्रालय द्वारा 'जियो पारसी योजना' संचालित की जा रही है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169258

## भारत की पहली मोबाइल टिकटिंग प्रणाली

**प्रश्न-किस मेट्रो द्वारा भारत की पहली मोबाइल टिकटिंग प्रणाली 'ऑनगो' शुरू करने की घोषणा की गई?**

(a) लखनऊ मेट्रो (b) मुंबई मेट्रो (c) कोच्चि मेट्रो(d) दिल्ली मेट्रो

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को मुंबई मेट्रो द्वारा भारत की पहली मोबाइल टिकटिंग प्रणाली ऑनगो (OnGo) लांच करने की घोषणा की गई।
- यह प्रणाली यात्रियों को अपने मोबाइल फोन का उपयोग कर एएफसी गेट को पार करने में मदद करेगी।यह प्रणाली अभी परीक्षण के अंतिम चरण में है, जो अगस्त के मध्य तक शुरू होगी।इस प्रणाली के लागू होने पर यात्रियों को टिकट, टोकन कार्ड रिचार्ज और वैल्यू पास की सुविधा मोबाइल फोन पर प्राप्त होगी।

- जनरेट मुंबई मेट्रो ऐप के माध्यम से यात्री अपने टोकन या पास खरीदने और एक क्यूआरकोड जनरेट करने में सक्षम होंगे।यह कोड स्वचालित किराया संग्रह (AFC-Automated fare Collection) फाटकों से आवागमन में प्रयोग किया जाएगा।
- 'ऑनगो' उन यात्रियों के लिए विशेष रूप से सुविधाजनक होगा जो टोकन के माध्यम से अपनी यात्रा बुकिंग हेतु प्रतिक्षारत रहते हैं।
- मुंबई मेट्रो के यात्री अपनी यात्रा के लिए भुगतान करने वाले मोबाइल ऐप पर क्लिक करके एक हफ्ते तक वर्तमान या भविष्य की यात्रा हेतु 'ऑनगो' सेवा के माध्यम से एक क्यूआर कोड प्राप्त कर सकते हैं।मुंबई मेट्रो वन प्राइवेट लिमि. (MMOPL), रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, एमएमआरडीए और वीओलिया ट्रांसपोर्ट एसए फ्रांस द्वारा बनाया गया एक सिंडिकेट है।
- जिसके द्वारा सर्वप्रथम मुंबई में वर्सोवा, अंधेरी और घाटकोपर के मध्य 11.40 किमी. मेट्रो रेल का निर्माण

**संबंधित लिंक**

http://railanalysis.in/rail-news/mmopl-launches-indias-first-mobile-ticketing-system-ongo/

## भारत की पहली हेली-टैक्सी सेवा के शुभारंभ की घोषणा

**प्रश्न-भारत की पहली हेलीकॉप्टर आधारित टैक्सी (हेली-टैक्सी) सेवा के उद्घाटन की घोषणा किस शहर के लिए की गयी है?**

(a) नई दिल्ली (b) मुम्बई (c) बंगलुरु (d) चेन्नई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 04 अगस्त, 2017 को नागरिक उड्डयन मंत्री जयंत सिन्हा (राज्यमंत्री) द्वारा बंगलुरू में भारत के पहले हेली-टैक्सी सेवा के उद्घाटन की घोषणा की गई।
- यह सेवा केंपगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (बंगलुरू) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी (बंगलुरू) तक के लिए प्रारंभ की जाएगी।
- इस सेवा के प्रारंभ होने से इन दोनों स्थानों के बीच का सफर महज 15 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जबकि स्थल मार्ग से यात्रा करने में 2 घंटे का समय लगता है।इस हेली-टैक्सी सेवा का परिचालन थम्बी एवीएशन (Thumbi Aviation) द्वारा बंगलुरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि० (BIAL) के सहयोग से किया जायेगा।
- यह सेवा बेल 407 (Bell 407) हेलीकॉप्टर से दी जायेगी, जिसमें 6 यात्री बैठ सकते हैं।बंगलुरू में 90 से अधिक इमारतों की छतों पर हेलीपैड की सुविधा है, भविष्य में इनके साथ ही व्हाइफील्ड और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. एयरपोर्ट को भी इस सेवा से जोड़ा जा सकता है।
- यह सेवा प्रारंभ होने में अभी लगभग तीन महीने का समय लगेगा।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/jayantsinha/status/893454133201645568

## अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की गई?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को पंजाब सरकार ने 'अपनी गड्डी अपना रोजगार' योजना लांच करने की घोषणा की।यह योजना उबर के सहयोग से शुरू की गयी है।
- इस अवसर पर 100 उबर मोटो बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इस योजनान्तर्गत राज्य सरकार सस्ती (आर्थिक सहायता द्वारा) दरों पर बेरोजगार युवाओं को वाणिज्यिक दो पहिया और चार पहिया वाहन उपलब्ध कराएगी।
- योजना का उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और पंजाब में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।
- उबर द्वारा 1 वर्ष में 10,000 और आगामी पांच वर्षों में 45,000 उद्यमशीलता के अवसर पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**संबंधित लिंक**

http://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/punjab-launches-apni-gaddi-apni-rozgar-scheme/articleshow/59760067.cms

## उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की वेबसाइट का लोकार्पण

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट (रेगुलेशन्स एंड डेवलपमेंट) रूल्स-2016 लागू है-**

(a) 20 जुलाई, 2016 से (b) 27 अक्टूबर, 2016 से

(c) 27 नवम्बर, 2016 से (d) 15 मार्च, 2017 से

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (UPRERA) की अत्याधुनिक तकनीक से विकसित पूर्णतः स्वचालित वेबसाइट www.up-rera.in का लोकार्पण किया।
- यह वेबसाइट राज्य सरकार द्वारा आवास खरीदने वालों के हितों की रक्षा और उनकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शुरू की गई है।
- भू-सम्पदा क्षेत्र के नियमन, उन्नयन हेतु भारत सरकार द्वारा 1 मई, 2016 से भू-सम्पदा (नियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 लागू है।
- 27 अक्टूबर, 2016 से राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट (रेगुलेशन्स एंड डेवलपमेंट) रूल्स-2016 लागू किया गया है।
- रेरा एक्ट का मुख्य उद्देश्य खरीददारों, उपभोक्ताओं की सुरक्षा के साथ-साथ रियल इस्टेट को प्रोत्साहन प्रदान करना है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/airnewsalerts/status/890121636946599937

## भारत की पहली हेली-टैक्सी सेवा के शुभारंभ की घोषणा

**प्रश्न-भारत की पहली हेलीकॉप्टर आधारित टैक्सी (हेली-टैक्सी) सेवा के उद्घाटन की घोषणा किस शहर के लिए की गयी है?**

(a) नई दिल्ली (b) मुम्बई (c) बंगलुरु (d) चेन्नई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 04 अगस्त, 2017 को नागरिक उड्डयन मंत्री जयंत सिन्हा (राज्यमंत्री) द्वारा बंगलुरू में भारत के पहले हेली-टैक्सी सेवा के उद्घाटन की घोषणा की गई।

- यह सेवा केंपगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (बंगलुरू) से इलेक्ट्रॉनिक सिटी (बंगलुरू) तक के लिए प्रारंभ की जाएगी।इस सेवा के प्रारंभ होने से इन दोनों स्थानों के बीच का सफर महज 15 मिनट में पूरा किया जा सकेगा, जबकि स्थल मार्ग से यात्रा करने में 2 घंटे का समय लगता है।
- इस हेली-टैक्सी सेवा का परिचालन थम्बी एवीएशन (Thumbi Aviation) द्वारा बंगलुरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि० (BIAL) के सहयोग से किया जायेगा।
- यह सेवा बेल 407 (Bell 407) हेलीकॉप्टर से दी जायेगी, जिसमें 6 यात्री बैठ सकते हैं।बंगलुरू में 90 से अधिक इमारतों की छतों पर हेलीपैड की सुविधा है, भविष्य में इनके साथ ही व्हाइफील्ड और हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. एयरपोर्ट को भी इस सेवा से जोड़ा जा सकता है।
- यह सेवा प्रारंभ होने में अभी लगभग तीन महीने का समय लगेगा।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/jayantsinha/status/893454133201645568

## अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा अपनी गड्डी अपना रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की गई?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को पंजाब सरकार ने 'अपनी गड्डी अपना रोजगार' योजना लांच करने की घोषणा की।यह योजना उबर के सहयोग से शुरू की गयी है।
- इस अवसर पर 100 उबर मोटो बाइक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इस योजनान्तर्गत राज्य सरकार सस्ती (आर्थिक सहायता द्वारा) दरों पर बेरोजगार युवाओं को वाणिज्यिक दो पहिया और चार पहिया वाहन उपलब्ध कराएगी।
- योजना का उद्देश्य युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और पंजाब में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना है।
- उबर द्वारा 1 वर्ष में 10,000 और आगामी पांच वर्षों में 45,000 उद्यमशीलता के अवसर पैदा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**संबंधित लिंक**

http://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/punjab-launches-apni-gaddi-apni-rozgar-scheme/articleshow/59760067.cms

## उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी की वेबसाइट का लोकार्पण

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट (रेगुलेशन्स एंड डेवलपमेंट) रूल्स-2016 लागू है-**

(a) 20 जुलाई, 2016 से (b) 27 अक्टूबर, 2016 से

(c) 27 नवम्बर, 2016 से (d) 15 मार्च, 2017 से

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश रियल इस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (UPRERA) की अत्याधुनिक तकनीक से विकसित पूर्णतः स्वचालित वेबसाइट www.up-rera.in का लोकार्पण किया।

- यह वेबसाइट राज्य सरकार द्वारा आवास खरीदने वालों के हितों की रक्षा और उनकी शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शुरू की गई है।
- भू-सम्पदा क्षेत्र के नियमन, उन्नयन हेतु भारत सरकार द्वारा 1 मई, 2016 से भू-सम्पदा (नियमन एवं विकास) अधिनियम 2016 लागू है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/airnewsalerts/status/890121636946599937

## मोबाइल ऐप 'आरंभ'

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की उपमहानिदेशक** (नीति) देबोरा ग्रीनफील्ड ने किस हेतु मोबाइल ऐप 'आरंभ' का शुभारंभ किया।

(a) सड़कों से संबंधित शिकायत दर्ज कराने हेतु (b) सड़कों के रख-रखाव हेतु
(c) केंद्रीय परियोजनाओं की जानकारी हेतु (d) कृषि से संबंधित जानकारी हेतु

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को केंद्रीय ग्रामीण विकास पंचायतीराज, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की उपमहानिदेशक (नीति) देबोरा ग्रीनफील्ड ने सड़क रख-रखाव हेतु मोबाइल ऐप 'आरंभ' का शुभारंभ किया।
- इसके अलावा उन्होंने निम्नलिखित प्रकाशनों यथा संकल्पना नोट और मार्गदर्शन नोट 'ग्रामीण सड़क के रख-रखाव हेतु निधि एकत्रित करना' का भी शुभारंभ किया।
- इस मोबाइल ऐप के माध्यम से ग्रामीण सड़कों के रख-रखाव प्रबंधन को सुगम बनाया जाएगा।
- भारत सरकार का लक्ष्य वर्ष 2019 तक ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता वाली सड़कों का निर्माण कर सभी योग्य बस्तियों को जोड़ना है।
- इस मोबाइल फोन ऐप का लक्ष्य सड़क सूची बनाने हेतु भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित मानचित्रण का उपयोग, स्थिति सर्वेक्षण और उत्पादन लागत अनुमान और वार्षिक सड़क रख-रखाव योजनाओं की तैयारी और निगरानी हेतु अन्य प्रासंगिक डेटा जुटाना है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168904

## यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक्स-बॉक्स (एसएचई-बॉक्स)

**प्रश्न-वर्ष 2011 की जगनणना के अनुसार महिला कर्मचारियों की संख्या केंद्र सरकार के नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या का कितना प्रतिशत है?**

(a) 10.05 प्रतिशत (b) 10.93 प्रतिशत (c) 10.98 प्रतिशत (d) 11.25 प्रतिशत

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी ने कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें दर्ज कराने हेतु यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक्स-बॉक्स (एसएचई-बॉक्स) नामक ऑनलाइन शिकायत प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ नई दिल्ली में किया।यह शिकायत प्रबंधन प्रणाली कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, निषेध और निदान) अधिनियम, 2013 का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने हेतु विकसित की गई है।

- इस पोर्टल पर केंद्र सरकार की महिला कर्मचारी, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकती हैं।शीघ्र ही इस पोर्टल की सुविधा निजी क्षेत्र में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी उपलब्ध करायी जाएगी।
- महिला और बाल विकास मंत्रालय कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित समस्या के आकार का आकलन करने हेतु एक अखिल भारतीय सर्वेक्षण कराएगा।ध्यातव्य है कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार महिला कर्मचारियों की संख्या केंद्र सरकार के नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या का 10.93 प्रतिशत (3.37 लाख) है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168892

### राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना

**प्रश्न-राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना को किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है?**

(a) उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय (b) वित्त मंत्रालय

(c) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (d) कंपनी मामलों के मंत्रालय

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 जुलाई, 2017 को वित्तमंत्री अरुण जेटली ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना (National Trade Facilitation Action Plan) का शुभारंभ किया।वैश्विक व्यापार प्रणाली हेतु विश्वव्यापार संगठन व्यापार सुविधा समझौता (WTO-Trade Facilitation Agreement) एक मील का पत्थर है।
- यह कार्य योजना न केवल ट्रेड फैसिलिटेशन एंग्रीमेंट को कार्यान्वित करने के लिए है, अपितु व्यापार की सुविधा हेतु भारत की पहल और टीएफए के अलावा अतिरिक्त कारोबार को सुगम बनाने के लिए समयबद्ध योजना प्रदान करता है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168777

# ऑपरेशन/अभियान

### स्कूलों में ई-कचरे के निपटान हेतु अभियान

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य के स्कूलों में ई-कचरे के निपटान हेतु अभियान शुरू किया गया है?**

(a) तमिलनाडु (b) आंध्र प्रदेश (c) केरल (d) महाराष्ट्र

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को केरल में स्कूलों के ई-कचरे के निपटान हेतु अभियान शुरू किया गया।
- इस अवसर पर केरल के शिक्षा मंत्री सी. रवीन्द्रनाथ ने तिरूवनंतपुरम में एक स्कूल से ई-कचरा एकत्रित करने वाले पहले वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह अभियान ई-कचरे के वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण हेतु केरल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी ऑफ एजुकेशन (KITE) और क्लीन केरल कंपनी की संयुक्त पहल है।अभियान के प्रथम दिन पूरे राज्य में लगभग 12,500 किग्रा. कचरा हटाया गया।

रिपोर्ट के अनुसार केरल में लगभग 1 करोड़ किग्रा. से अधिक ई-कचरा होने का अनुमान है।अभियान का उद्देश्य राज्य के 10 हजार स्कूलों और शैक्षिक कार्यालयों से ई-कचरे का निपटान करना है।ई-कचरे में डेस्कटॉप कंप्यूटर, सीआरटी मॉनिटर, लैपटॉप, डिस्क ड्राइव, प्रिंटर, यूपीएस, कैमरा, टेलीविजन इत्यादि शामिल है।

- क्लीन केरल कंपनी द्वारा एकत्रित ई-कचरा को वैज्ञानिक ढंग से हैदराबाद स्थित अर्थ सेस रीसाइक्लिंग कंपनी द्वारा रिसाइकल किया जाएगा।

## भारत-बांग्लादेश के तटरक्षकों का संयुक्त अभ्यास

**प्रश्न-जुलाई, 2017 में भारत और बांग्लादेश के तटरक्षकों ने कहां अभ्यास किया?**

(a) अरब सागर (b) हिंद महासागर

(c) बंगाल की खाड़ी (d) खम्भात की खाड़ी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24-25 जुलाई, 2017 के मध्य भारत और बांग्लादेश के तटरक्षकों ने बंगाल की खाड़ी में संयुक्त अभ्यास किया।
- नौसेना के इस अभ्यास का उद्देश्य प्रतिकूल परिस्थितियों में तलाशी व बचाव से संबंधित चुनौतियों से निपटने में दोनों तटरक्षकों की क्षमता में वृद्धि करना है।
- वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांग्लादेश दौरे के दौरान समुद्र में अंतरराष्ट्रीय अवैध गतिविधियों से निपटने और दोनों देशों के बलों के बीच क्षेत्रीय सहयोग विकसित करने के संदर्भ में दोनों तटरक्षकों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था।ध्यातव्य है कि भारतीय तटरक्षक ने मई माह में 33 बांग्लादेशियों को बचाया था जिनकी नौका बांग्लादेश में मोरा तूफान के कारण चटगांव तट से समुद्र में 100 मील अंदर भटक गई थी।

**संबंधित लिंक**

http://www.firstpost.com/india/india-bangladesh-coast-guards-start-two-day-joint-exercise-in-kolkata-3854299.html

## विशेष स्वच्छता अभियान

**प्रश्न-जापानी इंसेफ्लाइटिस से प्रभावित जिलों में शामिल नहीं है-**

(a) महाराजगंज (b) कुशीनगर (c) संतकबीर नगर (d) संतरविदास नगर

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर के गोरखनाथ क्षेत्र में मलिन बस्ती अधियारीबाग मोहल्ले से 'स्वच्छ उत्तर प्रदेश, स्वस्थ उत्तर प्रदेश' के तहत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया।
- राज्य सरकार ने 31 दिसंबर, 2017 तक जनपद गोरखपुर को तथा 2 अक्टूबर, 2018 तक प्रदेश को खुले में शौच से मुक्त करने की समय सीमा निर्धारित की है।
- नगर विकास स्वच्छता अभियान के अंतर्गत प्रतिबंधित पॉलीथीन (50 माइक्रॉन) के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।
- जापानी इंसेफ्लाटिस से प्रभावित जिलों (गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महाराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, संतकबीर नगर, गोण्डा) में यह अभियान 30 अगस्त, 2017 तक संचालित होगा।

**संबंधित लिंक**

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=535

## 'हरित दिवाली, स्वस्थ दिवाली' अभियान का शुभारंभ

**प्रश्न-हाल ही में कहां पर 'हरित दिवाली, स्वस्थ दिवाली' अभियान का शुभारंभ किया गया?**

(a) बंगलुरू (b) नई दिल्ली (c) भोपाल (d) जयपुर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वीविज्ञान तथा पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने नई दिल्ली में 'हरित दिवाली, स्वस्थ दिवाली' अभियान का शुभारंभ किया।अभियान के एक अंग के रूप में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय विभिन्न हितधारकों और लोगों को वायु प्रदूषण के प्रति जागरूक करने और वायु प्रदूषण का सामना करने और वायु प्रदूषण को रोकने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों को संचालित करेगा।इस अवसर पर डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली और एनसीआर के लगभग 800 बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे पटाखे फोड़ने में कमी लाकर प्रदूषण कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चे इस दिवाली पर पटाखे खरीदने के बजाय अपने मुहल्लों में गरीबों और वंचित बच्चों के लिए कोई गिफ्ट, खाद्य पदार्थ या मिठाई खरीदें।उन्होंने बच्चों को हरित और स्वस्थ दिवाली की शपथ दिलाई।यह शपथ व्यापक रूप से स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में दिलायी जाएगी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170055

## एमएमआर टीकाकरण अभियान

**प्रश्न-हाल ही में एमएमआर (Measles, Mumps, Rubella) टीकाकरण अभियान हिमाचल प्रदेश के किस जिले में शुरू किया गया?**

(a) किन्नूर (b) कांगड़ा (c) बिलासपुर (d) मंडी

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 से कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में एमएमआर टीकाकरण कार्यक्रम (Measles, Mumps, Rubella (MMR) Vaccination Programme) खसरा, कण्ठमाला रोग (गलसुआ) और रूबेला से बच्चों की रक्षा हेतु शुरू किया गया है।
- इस अभियान के तहत 9 माह से 15 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को टीका लगाया जाएगा।
- सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी अच्छी तरह प्रशिक्षित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा इस कार्यक्रम में शामिल की जाएंगी।

**संबंधित लिंक**

http://www.ptinews.com/news/8934861_MMR-vaccination-campaign-to-be-launched-in-Kangra.html

**प्रश्न-1 अगस्त, 2017 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्ण टीकाकरण कवरेज में तेजी लाने और निम्नटीकाकरण कवरेज वाले शहरी क्षेत्रों एवं अन्य इलाकों पर अपेक्षाकृत ज्यादा ध्यान देने हेतु मंत्रालय द्वारा 'तीव्र मिशन इंद्रधनुष' लांच किया जाएगा। इसके अनुसार किस वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य रखा गया है?**

(a) वर्ष 2019 (b) वर्ष 2018

(c) वर्ष 2020 (d) वर्ष 2022

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्ण टीकाकरण कवरेज में तेजी लाने और निम्न टीकाकरण कवरेज वाले शहरी क्षेत्रों एवं अन्य इलाकों पर अपेक्षाकृत ज्यादा ध्यान देने हेतु मंत्रालय द्वारा 'तीव्र मिशन इंद्रधनुष' लांच किया जाएगा।
- इसके अनुसार, वर्ष 2018 तक पूर्ण टीकाकरण कवरेज का लक्ष्य है।
- तीव्र मिशन इंद्रधनुष के तहत कुल मिलाकर 118 जिलों, 17 शहरी क्षेत्रों और पूर्वोत्तर राज्यों के 52 जिलों को लक्षित किया जाएगा।
- योजना के मुताबिक राज्य 7 अक्टूबर, 2017 से निरंतर चार महीनों तक हर माह की सात तारीख से सात कार्य दिवसों के दौरान तीव्र मिशन इंद्रधनुष अभियान चलाएगी, जिसमें रविवार, अवकाश एवं सामान्य टीकाकरण दिवस शामिल नहीं है।
- तीव्र मिशन इंद्रधनुष के तहत उन शहरी क्षेत्रों पर अपेक्षाकृत ज्यादा ध्यान दिया जाएगा, जिन पर मिशन इंद्रधनुष के तहत ध्यान केंद्रित नहीं किया जा सका था।
- राष्ट्रीय स्तर पर कैबिनेट सचिव और राज्य स्तर पर मुख्य सचिव इस दिशा में हो रही तैयारियों एवं प्रगति की समीक्षा करेंगे।
- तीव्र मिशन इंद्रधनुष की एक विशेषता यह है कि इसके तहत अन्य मंत्रालयों/विभागों विशेषकर महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, शहरी विकास, युवा मामले, एनसीसी इत्यादि से जुड़े मंत्रालयों एवं विभागों के साथ सामंजस्य बैठाने पर अपेक्षाकृत ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) का मुख्य उद्देश्य 12 टीका निवारणीय रोगों से बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की मृत्यु दर एवं रुग्णता में कमी लाना है।विगत वर्षों में यह देखा गया है कि टीकाकरण कवरेज में वृद्धि की गति धीमी पड़ गई थी और वर्ष 2009 एवं वर्ष 2013 के बीच इसमें 1 प्रतिशत वार्षिक की दर से वृद्धि हुई।इस कवरेज में तेजी लाने हेतु वर्ष 2015 में 'मिशन इंद्रधनुष' की परिकल्पना की गई थी। जिससे पूर्ण टीकाकरण कवरेज को काफी तेजी से 90 प्रतिशत के स्तर पर पहुंचाया जा सके।
- 'मिशन इंद्रधनुष' के चार चरणों को देश के 528 जिलों में पूरा किया जा चुका है।
- 'मिशन इंद्रधनुष' के तहत अब तक 2.47 करोड़ से ज्यादा बच्चों और लगभग 67 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169354

# आयोग/समिति

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिवार वित्त समिति की रिपोर्ट प्रकाशित

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा परिवार वित्त समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की गई। यह समिति किसकी अध्यक्षता में गठित की गई थी?**

(a) जोस जे. कट्टूर (b) डॉ. नचिकेत मोर
(c) डॉ. तरुण रामदुरई (d) डॉ. विरल.वी. आचार्य

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने परिवार वित्त समिति की रिपोर्ट प्रकाशित की।वित्तीय स्थिरिता और विकास परिषद की उपसमिति में 26 अप्रैल, 2016 को हुई चर्चा के अनुसरण में भारत में परिवार वित्त के विभिन्न पहलुओं को देखने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफोर्ड में वित्तीय अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. तरुण रामदुरई की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई थी।
- इस समिति में वित्तीय क्षेत्र के सभी विनियामकों जैसे-आरबीआई, सेबी, बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) और पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) का प्रतिनिधित्व रहा।इस समिति ने भारतीय परिवार वित्तीय निर्णय निर्माण के विशिष्ट पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए अनेक सिफारिशें की हैं।जिससे कि औपचारिक वित्तीय बाजारों में भारतीय परिवारों की बेहतर सहभागिता हो सके।

**संबंधित लिंक**

https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=41471

## आर्थिक बदलाव के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस पर कार्यबल का गठन

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण ने भारत के आर्थिक बदलाव के लिए किसकी अध्यक्षता में आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस पर कार्यबल का गठन किया?**

(a) अर्जुन कपूरिया (b) डॉ.वी. कामकोटी
(c) डॉ. आशीष दत्ता (d) डॉ. अनुराग अग्रवाल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अगस्त, 2017 को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण ने भारत के आर्थिक बदलाव के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस पर कार्यबल (Task Force) का गठन किया।
- आईआईटी, मद्रास के डॉ. वी. कामकोटी की अध्यक्षता में इस 18 सदस्यीय कार्यबल का गठन किया गया है।यह कार्य बल विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस से मिलने वाले लाभ पर विचार करेगा।कार्यबल में विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, शोधकर्ता और उद्योग जगत के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल हैं।
- **इन सदस्यों के अलावा, निम्नलिखित संगठनों के प्रतिनिधियों को भी कार्यबल में शामिल होने का अनुरोध किया गया है-**

(i) नीति आयोग(ii) इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय(iii) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग(iv) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण(v) डीआरडीओ।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66762

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अन्य पिछड़े वर्गों के उपश्रेणीकरण की समीक्षा आयोग के गठन को मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अन्य पिछड़े वर्गों के उप-श्रेणीकरण की समीक्षा आयोग के गठन को मंजूरी दी। यह भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के तहत गठित होता है?**

(a) अनुच्छेद 342 (b) अनुच्छेद 340

(c) अनुच्छेद 338-4 (d) अनुच्छेद 352

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 के अंतर्गत अन्य पिछड़े वर्गों (OBCs) के उप-श्रेणीकरण के विषय समीक्षा आयोग के गठन को मंजूरी दी।
- **प्रस्तावित आयोग के कार्य निम्न होंगे-**

  (i) केंद्रीय सूची में शामिल ओबीसी के संदर्भ में, ओबीसी की विस्तृत श्रेणी में शामिल जातियों/समुदायों के बीच आरक्षण के लाभ के असमान वितरण की प्रमात्रा की जांच करना।(ii) ऐसे पिछड़े वर्गों के भीतर उप-श्रेणीकरण हेतु, क्रिया विधि, मानदंड मानकों एवं पैरामीटरों का वैज्ञानिक तरीके से आकलन करना, तथा

  (iii) अन्य पिछड़े वर्गों की केंद्रीय सूची में संबंधित जातियों/समुदायों/उप-जातियों/पर्यायों की पहचान करने और उन्हें उनकी संबंधित उप-श्रेणी में श्रेणीकृत करने की कवायद आरंभ करना।
- यह आयोग अध्यक्ष की नियुक्ति की तिथि से 12 सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर देगा।आयोग को अन्य पिछड़ा वर्गों के उप-श्रेणी की जांच आयोग के रूप में जाना जाएगा।गौरतलब है कि 9 राज्यों यथा आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पुडुचेरी, हरियाणा, झारखंड पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु में पिछड़ी जातियों के उप-जातियों के उप-वर्गीकरण की व्यवस्था वर्तमान में है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170173

## सेबी द्वारा उचित बाजार व्यवहार पर समिति का गठन

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने किसकी अध्यक्षता में उचित बाजार व्यवहार पर एक समिति का गठन किया?**

(a) टी.के. चतुर्वेदी (b) अजय त्यागी (c) टी.के. विश्वनाथन (d) संजय बारु

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने उचित बाजार व्यवहार (Fair Market Conduct) पर एक समिति गठित की।
- सेबी ने लोकसभा के पूर्व महासचिव एवं पूर्व विधि सचिव टी.के. विश्वनाथन की अध्यक्षता में समिति गठित की।

- समिति के अन्य सदस्यों में लॉ फर्म, म्यूचुअल फंड, खुदरा ब्रोकर, संस्थागत ब्रोकर फोरेंसिक ऑडिटिंग फर्म, विदेशी पोर्टफोलियों निवेशक, स्टॉक एक्सचेंज, चैंबर ऑफ कॉमर्स, डेटा एनालिटिक्स फर्म और सेबी के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है।
- यह समिति बाजारों की बेहतर निगरानी के लिए अल्पावधि और मध्यम अवधि के उपाय सुझाएगी।यह समिति चार माह के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**संबंधित लिंक**

http://www.sebi.gov.in/media/press-releases/aug-2017/sebi-constitutes-committee-on-fair-market-conduct-_35497.html

## डेटा संरक्षण फ्रेमवर्क पर विशेषज्ञ समूह का गठन

**प्रश्न-हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार ने देश के नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की?**

(a) न्यायमूर्ति आर.एम. लोढ़ा (b) न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण
(c) न्यायमूर्ति टी.एस. ठाकुर (d) न्यायमूर्ति ज्ञान सुधा मिश्रा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति गठित की।
- इस समिति में सरकार, शिक्षाविद् एवं उद्योग जगत के सदस्य शामिल हैं।
- इस समिति को डेटा संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण मसलों की पहचान एवं अध्ययन करने और उन्हें सुलझाने के तरीके सुझाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- इसके साथ ही समिति डेटा संरक्षण विधेयक के मसौदे के बारे में भी सुझाव देगी।
- डेटा के संरक्षण से देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था को काफी बढ़ावा मिलने की आशा है।

**संबंधित लिंक**

http://meity.gov.in/writereaddata/files/MeitY_constitution_Expert_Committee_31.07.2017.pdf

## जीएसटी परिषद द्वारा मुनाफाखोरी के खिलाफ राष्ट्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति हेतु समिति

**प्रश्न-हाल ही में जीएसटी परिषद ने मुनाफाखोरी के खिलाफ राष्ट्रीय प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति के लिए योग्य व्यक्तियों की पहचान और सिफारिश करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित की?**

(a) वित्त सचिव (b) राजस्व सचिव
(c) कैबिनेट सचिव (d) आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को जीएसटी परिषद ने जीएसटी के अंतर्गत मुनाफाखोरी के खिलाफ राष्ट्रीय प्राधिकरण (National Anti-Profiteering Authority:NAPA) के अध्यक्ष और सदस्यों की

नियुक्ति के लिए योग्य व्यक्तियों की पहचान और सिफारिश करने के लिए कैबिनेट सचिव प्रदीप कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में एक चयन समिति गठित की।

- मुनाफाखोरी के खिलाफ इस प्राधिकरण का कार्य उपभोक्ताओं को वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह पर कर में कटौती का पूर्ण लाभ सुनिश्चित कराना है।
- यह प्राधिकरण वस्तुओं अथवा सेवाओं की आपूर्ति पर जीएसटी की दर में कटौती अथवा यदि मूल्यों में आनुपातिक कटौती द्वारा प्राप्तकर्ता को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं सौंपे जाने की स्थिति में मुनाफाखोरी के खिलाफ उपायों को लागू करने के लिए जिम्मेदार होगा।
- इस प्राधिकरण का नेतृत्व सचिव स्तर का वरिष्ठ अधिकारी करेगा।
- इसमें केंद्र और/अथवा राज्यों के चार तकनीकी सदस्य होंगे।
- इस प्राधिकरण के गठन से उपभोक्ता का विश्वास बढ़ाने और सभी साझेदारों को जीएसटी के लाभ मिलने की उम्मीद है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169000

# सम्मेलन/समारोह

### पैन इंडिया हथकरघा और हस्तशिल्प शिविर

**प्रश्न-7 अक्टूबर, 2017 से 17 अक्टूबर, 2017 के मध्य वस्त्र मंत्रालय हस्तकला सहयोग शिविर पहल के अंतर्गत हथकरघा और हस्तशिल्प समूहों के पैन इंडिया शिविरों का आयोजन करेगा। यह पहल समर्पित है-**

(a) श्याम प्रसाद मुखर्जी गरीब कल्याण वर्ष

(b) गुरुजी गोलवलकर गरीब कल्याण वर्ष

(c) पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब कल्याण वर्ष

(d) अटल गरीब कल्याण वर्ष

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 अक्टूबर, 2017 से 17 अक्टूबर, 2017 के मध्य वस्त्र मंत्रालय द्वारा 'हस्तकला सहयोग शिविर' पहल के अंतर्गत हथकरघा और हस्तशिल्प समूहों के पैन इंडिया शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- यह पहल पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मशती वर्ष, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब कल्याण वर्ष को समर्पित है।
- **इन शिविरों में बुनकरों और कारीगरों को निम्नलिखित सुविधा प्रदत्त होगी-**
  1. मुद्रा योजना के माध्यम से ऋण सुविधा।2. हथकरघा संवर्द्धन सहायता के अंतर्गत तकनीकी उन्नयन हेतु सहायता।3. आधुनिक उपकरणों का वितरण।4. यार्न पासबुक जारी करना।5. इग्नू/एनआईओएस पाठ्यक्रमों के तहत नाम लिखना।6. सामान्य सेवा केंद्र सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करना।7. क्रेता-विक्रेता बैठक और निर्यात।
- यह शिविर राज्य सरकारों के सहयोग से खंड स्तर के 200 से अधिक हथकरघा समूहों और बुनकर सेवा केंद्रों और 200 से अधिक हस्तशिल्प समूहों में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170288

## दिल्ली पुस्तक मेला, 2017

**प्रश्न-26 अगस्त से 3 सितंबर, 2017 के मध्य दिल्ली पुस्तक मेला, 2017 का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस वर्ष इस पुस्तक मेले का मुख्य विषय क्या है?**

(a) डिजिटल इंडिया (b) मानुषी

(c) पढ़े भारत, बढ़े भारत (d) सतत विकास एवं जलवायु परिवर्तन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अगस्त से 3 सितंबर, 2017 के मध्य '23 वां दिल्ली पुस्तक मेला (23rd Delhi Book Fair)-2017 का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है।इस वर्ष दिल्ली पुस्तक मेला का मुख्य विषय (Theme), 'पढ़े भारत, बढ़े भारत' है।इस पुस्तक मेले का आयोजन भारत व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) द्वारा इंडियन पब्लिशर्स फेडरेशन (Federation of Indian Publishers) के साथ मिलकर किया जा रहा है।

**संबंधित लिंक**

http://indiatradefair.com/micro-delhi-fair/

## शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के सरकार के प्रमुखों की 9वीं बैठक

**प्रश्न-24-25 अगस्त, 2017 के मध्य आपात स्थिति की रोकथाम और समाप्ति के बारे में शंघाई सहयोग संगठन सदस्य देशों के सरकार के प्रमुखों की 9वीं बैठक कहां संपन्न हुई?**

(a) भारत (b) बांग्लादेश (c) श्रीलंका (d) किर्गिज गणराज्य

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 24-25 अगस्त, 2017 के मध्य आपात स्थिति की रोकथाम और समाप्ति के बारे में शंघाई सहयोग संगठन (SCO) सदस्य देशों के सरकार के प्रमुखों की 9वीं बैठक किर्गिज गणराज्य के एटा (Ata) शहर में संपन्न हुई।
- इस बैठक में आपात स्थितियों की रोकथाम और समाप्ति पर विचार किया गया।
- इस बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने किया।
- इस बैठक में आपात स्थितियों को समाप्त करने में सदस्य देशों की सरकारों के बीच हुए समझौते को लागू करने के लिए वर्ष 2018-19 की कार्ययोजना के प्रारूप पर विचार किया गया और मंजूरी दी गई।
- भारत ने वर्ष 2019 में इस फोरम की अगली बैठक की मेजबानी का प्रस्ताव किया।

**संबंधित लिंक**

http://eng.sectsco.org/news/20170824/313963.html

## प्रथम राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा महोत्सव

**प्रश्न-14-16 सितंबर, 2017 तक प्रथम राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा महोत्सव कहां आयोजित होगा?**

(a) नई दिल्ली (b) जयपुर (c) आगरा (d) भोपाल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14-16 सितंबर, 2017 तक प्रथम राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा महोत्सव जयपुर, राजस्थान में आयोजित होगा।

- इस महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर और विज्ञान भारती की इकाई नेशनल आयुर्वेद स्टूडेंट्स एवं यूथ एसोसिएशन द्वारा केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सहयोग से किया जाएगा।
- इसमें 21 राज्यों से 3000 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे।
- यह कार्यक्रम आयुर्वेद के सभी छात्रों को प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रीय स्तर पर एक अभियान चलाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

**संबंधित लिंक**

http://dipr.rajasthan.gov.in/content/dipr/en/news-detail.52635.html

## विश्व शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा हेतु वार्ताः संवाद-II

**प्रश्न-हाल ही में 'संवाद-II' नामक सेमिनार कहां आयोजित किया?**

(a) यंगून (b) धर्मशाला (c) तिब्बत (d) मांडले

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 5-6 अगस्त, 2017 को म्यांमार के यंगून शहर में विश्व शांति, सद्भाव एवं सुरक्षा हेतु वार्ताः 'संवाद-II' नाम से एक सेमिनार का आयोजन किया गया।
- 5 अगस्त, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस सेमिनार को संबोधित किया।
- इसका आयोजन विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन, जापान फाउंडेशन और सितागू इंटरनेशनल बुद्धिस्ट अकादमी (SIBA) एसोशिएसन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।इस सेमिनार में 6 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भागीदारी की और उसे संबोधित किया।
- मुख्यमंत्री यंगून शहर में स्थित नूवेडागॉन पगोडा गए और वहां बुद्ध प्रतिमा का दर्शन किया।मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ की यह पहली विदेश यात्रा है।संवाद-1 सितंबर, 2015 में नई दिल्ली में आयोजित हुआ था।

**संबंधित लिंक**

http://hindi.webdunia.com/national-hindi-news/narendra-modi-terrorism-climate-change-117080500075_1.html

## बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**प्रश्न-22-24 अगस्त, 2017 के मध्य बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने पर राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन कहां किया जा रहा है?**

(a) बंगलुरू (b) चंडीगढ़ (c) जयपुर (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 22-24 अगस्त, 2017 के मध्य बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग के अंतर्गत पेशेवर संस्था बौद्धिक संपदा अधिकार संवर्धन और प्रबंधन प्रकोष्ठ (CIPAM) द्वारा किया जा रहा है।
- इसका उद्घाटन केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने किया।

- इस कार्यशला से बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने के बारे में देशभर की प्रवर्तन एजेंसियों की समझदारी बढ़ेगी और इसके महत्व की जानकारी मिलेगी।
- उल्लेखनीय है कि बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने में पुलिस, सीमाशुल्क जैसी एजेंसियों तथा अभियोजन शाखा की महत्वपूर्ण भूमिका है।
- इन एजेंसियों के अधिकारियों को बौद्धिक संपदा के अधिकारों के बारे में जागरूक करने और प्रवर्तन व्यवस्था को मजबूत बनाने से दैनिक गतिविधियों में बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित मामलों से निपटने में मदद मिलेगी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170120

## 8वीं विश्व नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कांग्रेस-2017

**प्रश्न-21-23 अगस्त, 2017 के मध्य '8वीं विश्व नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कांग्रेस' कहां आयोजित की जा रही है?**

(a) कोलंबो (b) दिल्ली (c) काबुल (d) टोकियो

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 21-23 अगस्त, 2017 के मध्य '8वीं विश्व नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी कांग्रेस' (8th World Renewable Energy Technology Congress) दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सहयोग से द एनर्जी एंड इनवॉयरमेंट फाउंडेशन (The Energy and Environment Foundation) द्वारा किया जा रहा है।
- सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Renewable Energy: Global Cooperation for Sustainability" है।
- इस वार्षिक सम्मेलन की परिकल्पना और योजना 'वर्ष 2022 तक सबके लिए ऊर्जा स्वतंत्रता और बिजली' प्राप्त करने के भारत के विजय की पृष्ठभूमि में तैयार की गई है।यह सम्मेलन स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नवीन हरित प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करता है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170124

## अकाल मुक्त भारत के लिए राष्ट्रीय जल सम्मेलन

**प्रश्न-16-18 अगस्त, 2017 के मध्य अकाल मुक्त भारत के लिए राष्ट्रीय जल सम्मेलन किस राज्य में आयोजित किया गया?**

(a) केरल (b) कर्नाटक (c) राजस्थान (d) उत्तर प्रदेश

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 -18 अगस्त, 2017 के मध्य अकाल मुक्त भारत के लिए राष्ट्रीय जल सम्मेलन ( National Water Covention for Drought Free India) विजयापुरा, कर्नाटक में आयोजित किया गया।
- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कर्नाटक सरकार द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य लोगों में जल साक्षरता पर जागरूकता पैदा करना है।

- यह सम्मेलन सूखा को कम करने और पानी में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए स्थानीय समुदायों और प्रशासन के प्रयासों का प्रतीक है।

**संबंधित लिंक**

https://www.facebook.com/events/1407093152740290/

## वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन-2017

**प्रश्न-28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' (GES) का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(a) मुंबई (b) हैदराबाद (c) जयपुर (d) बंगलुरू

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28-30 नवंबर, 2017 के मध्य 'वैश्विक उद्यमिता सम्मेलन' (Global Interpreneurship Summit: GES) का आयोजन हैदराबाद, तेलंगाना में किया जाएगा।इस सम्मेलन का आयोजन भारत एवं अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।इस तीन दिवसीय सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)- 'पहले महिलाएं, सभी के लिए समृद्धि' (Woman First, Prosperity for All) है।

**संबंधित लिंक**

https://www.ges2017.org/

## लाइफ स्टाइल एंड फूड फेस्टिवल

**प्रश्न-किसके द्वारा 'लाइफ स्टाइल एंड फूड फेस्टिवल' का आयोजन उत्तर प्रदेश में किया गया?**

(a) लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग (b) राज्य सूचना विभाग
(c) उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग(d) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11-15 अगस्त, 2017 के मध्य लाइफ स्टाइल एंड फूड फेस्टिवल का आयोजन पर्यटन भवन, लखनऊ में किया गया।
- इस फेस्टिवल का शुभारंभ 11 अगस्त, 2017 को प्रदेश की पर्यटन, महिला एवं परिवार कल्याण, मातृ शिशु-कल्याण मंत्री प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने किया।
- इसमें शाकाहारी/मांसाहारी व्यंजनों के साथ-साथ मुंबई, राजस्थान, दिल्ली, सहारनपुर और लखनऊ आदि शहरों की क्राफ्ट एवं हस्तनिर्मित सामग्रियों के स्टाल लगाए गए।उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 21 करोड़ घरेलू और 31 लाख (लगभग) विदेशी पर्यटकों का आगमन होता है।

**संबंधित लिंक**

http://upnews360.in/newsdetail/82346/hi

## भारत-आसियान युवा सम्मेलन-2017

**प्रश्न-14-19 अगस्त, 2017 के मध्य भारत-आसियान युवा सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?**

(a) इंदौर (b) जयपुर (c) भोपाल (d) मुंबई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 14-19 अगस्त, 2017 के मध्य 'भारत-आसियान युवा सम्मेलन' (India-Asean Youth Summit)-2017 का आयोजन भोपाल, मध्य प्रदेश में किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने किया।
- इस पांच दिवसीय सम्मेलन का आयोजन मध्यप्रदेश सरकार, विदेश मंत्रालय और इंडिया फॉउंडेशन द्वारा किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन में 35 वर्ष से कम आयु के युवा नेताओं के 175 से अधिक प्रतिनिधि-मण्डल शामिल हो रहे हैं।
- कंबोडिया और वियतनाम का संसदीय प्रतिनिधि-मण्डल भी सम्मेलन में शामिल होगा।गौरतलब है यह सम्मेलन वर्ष 2017 में आसियान-भारत संवाद साझेदारी की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)- "Shared Values, Common Destiny" है।

**संबंधित लिंक**

http://52.66.16.81/india-asean-youth-summit-2017/

## मेकांग-गंगा सहयोग की 8वीं मंत्रिस्तरीय बैठक

**प्रश्न-हाल ही में मेकांग-गंगा सहयोग की 8वीं मंत्रिस्तरीय बैठक कहां संपन्न हुई?**

(a) नई दिल्ली (b) मनीला (c) वियन्तियाने (d) न्या पी टॉ

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 अगस्त, 2017 को मेकांग-गंगा सहयोग की 8वीं मंत्रिस्तरीय बैठक (8th Mekong-Ganga Cooperation Ministerial Meeting) मनीला, फिलीपींस में संपन्न हुई।
- उल्लेखनीय है कि मेकांग-गंगा सहयोग (MGC) 6 देशों (भारत एवं 5 आसियान देशों कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम) की पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा, परिवहन और संचार में बहुराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने की एक पहल है।
- इसे वर्ष 2000 में वियन्तियाने, लाओस में लांच किया गया था।
- इस बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री जनरल वी.के. सिंह ने किया।ज्ञातव्य है कि इस पहल का नाम गंगा और मेकांग, जो सभ्यागत नदियां (Civilisational rivers) है, के नाम पर है।
- मेकांग दक्षिण-पूर्व एशिया में एक ट्रांस-बाउंड्री नदी है जो विश्व की 12वीं और एशिया की 7वीं लंबी नदी है।यह तिब्बत के पठार से शुरू होकर चीन के युनान प्रांत, म्यांमार, थाईलैंड, लाओस तथा कंबोडिया से होकर बहती है।

**संबंधित लिंक**

http://rtvm.gov.ph/main/?p=49878

## सार्क देशों के कलाकार शिविर और पेंटिंग प्रदर्शनी का 7वां संस्करण

**प्रश्न-28-31 जुलाई, 2017 के मध्य सार्क देशों के कलाकार शिविर और पेंटिंग प्रदर्शनी का 7वां संस्करण कहां आयोजित किया गया?**

(a) ढाका (b) काठमांडू (c) कोलंबो (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28-31 जुलाई, 2017 के मध्य 'सार्क देशों के कलाकार शिविर और पेंटिंग प्रदर्शनी का 7वां संस्करण' (7th Edition of SAARC Artists Camp & Exhibition of Paintings) काठमांडू, नेपाल में आयोजित किया गया।
- इस चार दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, नेपाल सरकार तथा सार्क संस्कृति केंद्र, कोलंबो, श्रीलंका द्वारा किया गया।इसका उद्घाटन नेपाल के संस्कृति, पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री जितेंद्र नारायण देव द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में अफगानिस्तान को छोड़कर सार्क सदस्य देशों के लगभग 40 कलाकारों ने भाग लिया।
- इसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच कला एवं संस्कृति के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाना था।ज्ञातव्य है कि दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) की स्थापना 8 दिसंबर, 1985 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय काठमांडू, नेपाल में है। वर्तमान में अमजद हुसैन बी. सियाल (Amjad Hussain B.Sial) सार्क के महासचिव हैं।
- सार्क के 8 सदस्य देशों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं।

**संबंधित लिंक**

http://airworldservice.org/english/archives/51441

## सार्क देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की छठी बैठक

**प्रश्न-27-29 जुलाई, 2017 के मध्य सार्क देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की छठी बैठक कहां आयोजित हुई?**

(a) ढाका (b) कोलंबो (c) थिम्फू (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 27-29 जुलाई, 2017 के मध्य सार्क देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की छठी बैठक (6th Meeting of the SAARC Ministers of Health) कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित हुई।
- इस बैठक का उद्घाटन श्रीलंका के स्वास्थ्य पोषण और स्वदेशी चिकित्सा मंत्री डॉ. राजिथा सेनारत्ने (Dr. Rajithan Senaratne) द्वारा किया गया।
- बैठक में सार्क देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।
- सार्क के महासचिव अमजद हुसैन बी. सियाल ने इस बैठक को संबोधित करते हुए एक दक्षिण एशियाई मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना के संबंध में सुझाव दिया जो कि दक्षिण एशियाई छात्रों को सस्ती कीमत पर मेडिकल की शिक्षा ग्रहण करने में सहायता कर सके।
- इसके अलावा इस बैठक में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार के लिए सार्क सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले हुए।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/SaarcSec/status/890941526775259138

## बैंकिंग लोकपाल का वार्षिक सम्मेलन-2017

**प्रश्न-हाल ही में बैंकिंग लोकपाल का वार्षिक सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?**

(a) नई दिल्ली (b) मुंबई (c) जयपुर (d) पुणे

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को बैंकिंग लोकपाल का वार्षिक सम्मेलन मुंबई में आयोजित किया गया।
- भारतीय रिजर्व बैंक के उप गवर्नर एस.एस. मूंदड़ा ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- बैंकिंग लोकपाल के अतिरिक्त, इस सम्मेलन में एसबीआई, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, पीएनबी, भारतीय बैंक संघ, भारतीय बैंकिंग कोड और मानक बोर्ड के मुख्य कार्यपालक और आरबीआई के संबंधित विनियामक और पर्यवेक्षी विभागों के प्रमुख उपस्थिति रहे।
- सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप गवर्नर मूंदड़ा ने बताया कि बैंकिंग लोकपाल योजना जुलाई 2017 में संशोधित की गई है। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ मोबाइल और ई-बैंकिंग की कमियों तथा बैंकों द्वारा थर्ड पार्टी निवेश उत्पादों की गलत बिक्री को बैंकिंग लोकपाल योजना के अंतर्गत शिकायत दर्ज कराने के लिए पात्र आधार के रूप में शामिल किया गया है।
- इसके अलावा उप गवर्नर ने बैंकों से आग्रह किया कि वे खाता संख्या पोर्टेबिलिटी के लिए कार्य करें।यह प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और ग्राहक सेवा में सुधार करने के लिए एक दूरगामी कदम होगा।उन्होंने कहा कि ड्रॉप बॉक्स से चेक खोने की स्थिति में बैंकों द्वारा ग्राहक को तत्काल क्षतिपूर्ति दी जानी चाहिए।

**संबंधित लिंक**

https://rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=41223

## राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के युवा पुलिस अधीक्षकों और सीएपीएफ के कमाडेंटों का राष्ट्रीय सम्मेलन

**प्रश्न-1-2 अगस्त, 2017 के मध्य राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के युवा पुलिस अधीक्षकों और सीएपीएफ के कमाडेंटों के राष्ट्रीय सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?**

(a) बंगलुरू (b) जयपुर (c) कुरूक्षेत्र (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1-2 अगस्त, 2017 के मध्य राज्यों/संघ शासित प्रदेशों के युवा पुलिस अधीक्षकों और सीएपीएफ के कमाडेंटों का राष्ट्रीय सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी और विधि एवं न्यायमंत्री रविशंकर प्रसाद ने किया।इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन गृह मंत्रालय के पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने "नेशनल पुलिस रिसर्च रिपॉजिटरी" नामक पुस्तक का लोकार्पण किया।
- इस सम्मेलन में खुफिया ब्यूरो (IB) के निदेशक राजीव जैन तथा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. मीरन सी. बोरवंकर ने भाग लिया।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66349

## ब्रिक्स यूथ फोरम- 2017

**प्रश्न-25-27 जुलाई, 2017 के मध्य ब्रिक्स यूथ फोरम (BYF) -2017 कहां संपन्न हुई?**

(a) जोहांसबर्ग (b) रियो डी जेनेरियो (c) बीजिंग (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25-27 जुलाई, 2017 के मध्य ब्रिक्स यूथ फोरम (BRICS Youth Fourm) का आयोजन बीजिंग, चीन में किया गया।
- इस तीन दिवसीय ब्रिक्स फोरम का मुख्य विषय (Theme) - 'ब्रिक्स भागीदारी में वृद्धि करना, युवा विकास को बढ़ावा देना' (Enhance BRICS Partnership, Promote Youth Development) था।
- इस फोरम (मंच) में ब्रिक्स देशों के 50 युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया जो सिविल सेवकों, विद्वानों, उद्यमियों कलाकारों और पत्रकारों के रूप में काम करते थे।
- प्रतिनिधियों ने फोरम हेतु एक कार्य योजना तैयार करने से पूर्व युवा नीतियों, उद्यमशीलता के साथ-साथ वैश्विक शासन में ब्रिक्स युवाओं की भूमिकाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया।
- ज्ञातव्य है कि ब्रिक्स यूथ फोरम की स्थापना का विचार दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स के नेताओं के बीच वर्ष 2014 में एक बैठक के दौरान किया गया था।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/EOIBeijing/status/890106735259725825

# संधि/समझौता

## कर्नाटक कृषि विभाग और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया में समझौता

**प्रश्न-माइक्रोसॉफ्ट इंडिया कंपनी का मुख्यालय स्थित है-**

(a) बंगलुरू में (b) हैदराबाद में (c) गुड़गांव (गुरुग्राम) (d) जयपुर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अगस्त, 2017 को कर्नाटक कृषि विभाग और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- कर्नाटक कृषि विभाग ने यह समझौता किसानों, प्रशासकों और अन्य हितधारकों को बाजार व्यवहार को अग्रिम रूप में समझने में मदद करने के लिए तथा नवीनतम आईटी उपकरणों का उपयोग करके एक अद्वितीय 'कृषि मूल्य पूर्वानुमान' मॉडल विकसित करने हेतु किया है।
- यह प्रस्तावित पहल देश में अपनी तरह की पहली पहल है।
- यह 'मल्टी-वेरियेट' (दो या दो से अधिक चरराशि सम्मिलित) है जो परंपरागत आपूर्ति मांग समीकरण से भिन्न है और विभिन्न कारकों को ध्यान में रखता है।
- बाजार के प्रभाव को प्रभावित करने वाले मौसम, वर्षा और बाहरी कारकों सहित कई संबंधित कारकों की यह जांच करेगा।
- माइक्रोसॉफ्ट इंडिया कंपनी की स्थापना वर्ष 1990 में हुई थी।
- इस कंपनी का मुख्यालय गुड़गांव (वर्तमान में गुरुग्राम) में स्थित है।

**संबंधित लिंक**

https://www.microsoft.com/en-in/about/about-microsoft/microsoft-in-india.aspx#

## अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान के साथ समझौता

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान किस देश में स्थित है?**

(a) उत्तर कोरिया (b) दक्षिण कोरिया (c) जर्मनी (d) फ्रांस

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अगस्त, 2017 को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार ने टीका अनुसंधान एवं विकास पर सहयोग हेतु अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान, दक्षिण कोरिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौता ज्ञापन पर भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की महानिदेशक और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग की सचिव सौम्या स्वामीनाथन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त सचिव व प्रबंध निदेशक मनोज झालानी तथा अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान के महानिदेशक जेरोथ एच.किम ने हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते से भारत और अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान के मध्य साझेदारी से अनुसंधान गतिविधियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा।
- यह समझौता अंतरराष्ट्रीय वैक्सीन संस्थान के टीकों तक पहुंच में सुधार के द्वारा विश्व में गरीबों के
  स्वास्थ्य परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य को सुनिश्चित करेगा।
- इसकी स्थापना वर्ष 1997 में की गयी थी

## रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के बीच किस रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया?**

(a) शाहदरा रेलवे स्टेशन (b) सफदरजंग रेलवे स्टेशन

(c) हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (d) ओखला रेलवे स्टेशन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अगस्त, 2017 को दिल्ली सफदरजंग रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास हेतु रेल भूमि विकास प्राधिकरण (RLDA) और रेल मंत्रालय के अधीनस्थ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।इस समझौते के तहत रेल मंत्रालय द्वारा सफदरजंग रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की जिम्मेदारी रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण के साथ ही इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड को सौंपी गयी है।
- इसके तहत रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण के कार्यालय सहित स्टेशन के आस-पास अवस्थित रेलवे की भूमि के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के ऊपर के हवाई क्षेत्र की वाणिज्यिक संभावनाओं का उपयोग कर विकास हेतु धनराशि संग्रहित की जाएगी।
- रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राकेश गोयल और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के सीएमडी एस.के. चौधरी ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- इस रेलवे स्टेशन का विकास स्व-वित्तपोषण मॉडल के आधार पर किया जाना प्रस्तावित है।भूमि और विकास प्राधिकरण द्वारा केवल वाणिज्यिक निर्मित क्षेत्र ही 45 वर्षों तक की अवधि हेतु पट्टे पर दिया जाएगा।
- इस परियोजना के तहत डिजाइन, निर्माण और विपणन का कार्य इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड द्वारा किया जाएगा।
- पहले चरण में कार्य स्टेशन के मोती बाग क्षेत्र की तरफ होगा और इसको पूरा करने का लक्ष्य जनवरी, 2019 तक निर्धारित है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=66389

## चीन और श्रीलंका के मध्य समझौता

**प्रश्न-हाल ही में श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने हेतु चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस सौदे की राशि क्या है?**

(a) 1.1 अरब डॉलर (b) 1.4 अरब डॉलर

(c) 1.9 अरब डॉलर (d) 2.5 अरब डॉलर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 जुलाई, 2017 को श्रीलंका ने हंबनटोटा बंदरगाह में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने हेतु चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- इस सौदे की राशि 1.1 अरब डॉलर है।
- 99 वर्ष की अवधि के लीज समझौते के तहत चाइना मर्चेंट पोर्ट होल्डिंग्स (CM Port) इस बंदरगाह में समुद्री क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में 1.1 अरब डॉलर राशि का निवेश करेगा।इस नए समझौते के अंतर्गत गहरे समुद्री क्षेत्र में स्थित बंदरगाह की सुरक्षा की जिम्मेदारी श्रीलंकाई नौसेना की होगी।
- बंदरगाह में किसी भी विदेशी नौसेना का बेस स्थापित नहीं किया जा सकेगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.aljazeera.com/news/2017/07/sri-lanka-signs-hambantota-port-deal-china-170729073859204.html

## बीएसई और मिस्र एक्सचेंज में समझौता

**प्रश्न-बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) वर्ष 1856 (b) वर्ष 1875 (c) वर्ष 1975 (d) वर्ष 1985

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) ने 'सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं आपसी सहयोग हेतु' मिस्र (ईजिप्ट) एक्सचेंज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते के माध्यम से दोनों एक्सचेंज अपने कारोबार, उत्पादों तथा बाजारों के विकास हेतु अध्ययन तथा खोज के नए अवसरों को पैदा करेंगे तथा अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने में सहायता मिलेगी।
- यह दोनों बाजारों में निवेशकों हेतु नए निवेश विकल्प मुहैया कराएगा।

- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज एशिया का सबसे पुराना एक्सचेंज है जिसकी स्थापना 1875 में हुई थी।देश के प्रथम स्टॉक एक्सचेंज को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज सिक्युरिटीज कांट्रेक्ट रेग्युलेशन एक्ट 1956 के तहत स्थायी मान्यता प्रदान की गई।
- बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की शुरूआत एक एसोसिएशन के रूप में हुई थी जिसका नाम 'नेटिव शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर एसोसिएशन' था।

**संबंधित लिंक**

http://www.bseindia.com/markets/marketinfo/DispMediaRels.aspx?page=b4bc021e-3c1e-43ab-aa5e-cbab732a46c0

## पंजाब नेशनल बैंक और बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक और बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है-**

(a) बैंक के सभी ग्राहकों के इंश्योरेंस हेतु
(b) आपस में सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु
(c) शाखाओं के माध्यम से बीमा उत्पादों के वितरण हेतु
(d) शाखाओं के माध्यम से बजाज एलियांज ग्राहकों को ऋण की सुविधा प्रदान करने हेतु

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को पंजाब नेशनल बैंक (PNB) और बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते के तहत बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस, पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं के माध्यम से व्यावसायिक बीमा जैसे- संपत्ति, समुद्री और इंजीनियरिंग बीमा आदि सहित व्यक्तिगत बीमा जैसे- स्वास्थ्य, व्यक्तिगत दुर्घटना, घर, मोटर और यात्रा से संबंधित बीमा ग्राहकों को मुहैया कराएगी।
- यह सुविधा बैंक लगभग 7000 शाखाओं पर उपलब्ध होगी।
- बजाज एलियांज इंशोरेंस कंपनी भारत की एक अग्रीणी निजी क्षेत्र की इंशोरेंस की कंपनी है।

**संबंधित लिंक**

http://www.dnaindia.com/business/report-pnb-ties-up-with-bajaj-allianz-general-for-distribution-2514872

## राजस्थान सरकार और एचपीसीएल में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में राजस्थान सरकार और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन (HPCL) के बीच बाड़मेर में रिफाइनरी (संयुक्त उपक्रम) की स्थापना हेतु समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस संयुक्त उपक्रम में राजस्थान सरकार की कितनी हिस्सेदारी होगी?**

(a) 74 प्रतिशत (b) 54 प्रतिशत (c) 48 प्रतिशत (d) 26 प्रतिशत

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अगस्त, 2017 को राजस्थान सरकार और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) के बीच बाड़मेर में रिफाइनरी (संयुक्त उपक्रम) की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।इस रिफाइनरी में एचपीसीएल की 74 प्रतिशत और राजस्थान सरकार की 26 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

- इस संयुक्त उपक्रम का नाम एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड होगा।
- राजस्थान रिफाइनरी परियोजना की लागत राशि 43 हजार 129 करोड़ रुपये है।
- यह रिफाइनरी बीएस-6 मानक के पेट्रो उत्पाद बनाने वाली देश की पहली रिफाइनरी परियोजना होगी।यह देश की पहली परियोजना होगी जहां रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स एक साथ होंगे।इसके निर्माण कार्य की पूर्णता अवधि 4 वर्ष है।

**संबंधित लिंक**

http://vasundhararaje.in/cm-rajashan-refinery-joint-venture-17082017.html

## भारत व स्वीडन के मध्य समझौता

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और स्वीडन के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई?**

(a)पर्यटन (b) कृषि

(c)बौद्धिक संपदा अधिकार (d)सूचना एवं प्रौद्योगिकी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और स्वीडन के बीच बौद्धिक संपदा अधिकारों के क्षेत्र में सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत दोनों देश बौद्धिक संपदा अधिकारों के विषय में जागरूकता बढ़ाने हेतु उत्कृष्ट पद्धतियों और प्रौद्योगिकी का आदान-प्रदान करेंगे तथा साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए मिलकर काम करेंगे।
- यह समझौता ज्ञापन भारत को बौद्धिक संपदा प्रणालियों में अनुभवों का आदान-प्रदान करने में सक्षम बनाएगा, जिससे दोनों पक्षों के उद्यमी, निवेशक और व्यवसायी पर्याप्त रूप से लाभान्वित होंगे।
- इस समझौते से राष्ट्रीय संपदा अधिकार नीति के लक्ष्यों को बढ़ावा मिलेगा।
- इस समझौता ज्ञापन के तहत एक संयुक्त समन्वय समिति गठित की जाएगी जो निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग गतिविधियों के विषय में निर्णय करेगी-

  (1) दोनों देशों के लोगों, व्यवसायों और शैक्षिक संस्थानों के मध्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के विषय में उत्कृष्ट पद्धतियों, अनुभवों और जानकारी का आदान-प्रदान।

  (2) प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग, विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, तकनीकी आदान-प्रदान और संपर्क गतिविधियां।(3) संयुक्त रूप से या किसी एक देश द्वारा आयोजित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से उद्योगों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान एवं विकास संगठनों और लघु और मध्यम उद्यमों के बीच बौद्धिक संपदा के संदर्भ में उत्कृष्ट पद्धतियों, अनुभवों एवं जानकारी का आदान-प्रदान।

  (4) पेटेंट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइनों, कॉपीराइट और भौगोलिक संकेतकों तथा साथ ही बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण, प्रवर्तन और उपयोग संबंधी आवेदनों के निपटान हेतु उत्कृष्ट पद्धतियों, अनुभवों और जानकारी का आदान-प्रदान।

  (5) बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में स्वचालन (Automation) और आधुनिकीरण परियोजनाओं के क्रियान्वयन, नव प्रलेखन और सूचना प्रणालियों और बौद्धिक संपदा के प्रबंधन की प्रक्रियाओं के विकास में सहयोग।(6) पारस्परिक ज्ञान को संरक्षित करने हेतु सहयोग और पारंपरिक ज्ञान संबंधी डेटाबेस मौजूदा बौद्धिक संपदा प्रणालियों के विषय में जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ ही उत्कृष्ट पद्धतियों का आदान-प्रदान।(7) डिजिटल वातावरण, मुख्यतः कॉपीराइट मुद्दों के संदर्भ

में बौद्धिक संपदा कानूनों के उल्लंघनों का आदान-प्रदान।

(8) अन्य सहयोगात्मक गतिविधियां जो दोनों पक्षों द्वारा पास्परिक समझ से निर्धारित की जा सकती हैं।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66599

## ईईएसएल और तीन तेल विपणन कंपनियों में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) और सार्वजनिक क्षेत्र की तीन तेल विपणन कंपनियों के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते के तहत विद्युत उपकरणों के वितरण की शुरूआत किन राज्यों से की जाएगी?**

(a) राजस्थान, हिमाचल प्रदेश (b) बिहार, मध्य प्रदेश

(c) उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र (d) कर्नाटक, गोवा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL-Energy Efficiency Services Limited) और तीन सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड) के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- यह समझौता उजाला योजना के तहत किया गया है।
- समझौते के तहत यह तेल विपणन कंपनियां अपने कुछ चुनिंदा खुदरा केंद्रों से एलईडी बल्ब, एलईडी ट्यूबलाइट और ऊर्जा कुशल पंखों का वितरण करेंगी।
- इन ऊर्जा कुशल उपकरणों का वितरण क्रमिक ढंग से होगा।
- प्रथम चरण में इन उपकरणों के वितरण की शुरूआत उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र राज्य से होगी।समझौते के अनुसार उर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड तेल विपणन कंपनियों के खुदरा विक्रय केंद्रों में उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु शत-प्रतिशत पूंजी निवेश करेगा।उपभोक्ता इन केंद्रों से उच्च गुणवत्ता वाले 9 वॉट एलईडी बल्बों को 70 रुपये, 20 वॉट की एलईडी ट्यूबलाइट 220 रुपये में खरीद सकते हैं।वर्तमान में देश में उजाला योजना के तहत 25.5 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब, 30.6 लाख से अधिक एलईडी ट्यूबलाइट और लगभग 11.5 लाख ऊर्जा कुशल पंखे वितरित किए जा चुके हैं।
- इससे वार्षिक ऊर्जा की बचत 3,340 करोड़ किलोवाट से अधिक तथा कार्बनडाई उत्सर्जन में प्रतिवर्ष लगभग 2.7 करोड़ टन की कमी हुई है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170037

## इंजेक्शन सुरक्षा कार्यक्रम

**प्रश्न-विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से इंजेक्शन सुरक्षा कार्यक्रम (Injection Safety Programme) शुरू करने वाला देश का पहला राज्य कौन है?**

(a) हरियाणा (b) पंजाब (c) मध्य प्रदेश (d) असम

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को पंजाब सरकार ने फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव न्यू डायग्नोस्टिक (FIND-Foundation for Innovative New Diagnostics) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- समझौते के तहत फाइंड पंजाब स्वास्थ्य विभाग को त्वरित परीक्षण किट मुहैया कराएगा।इससे एचआईवी रोगियों, नशा पीड़ितों और अन्य बीमारियों से पीड़ितों की हैपेटाइटिस की बीमारी के साथ संबंधित स्क्रीनिंग की जाएगी।
- यह समझौता विश्व हेपेटाइटिस दिवस (28 जुलाई) के अवसर पर पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री ब्रह्म मोहिन्द्रा की उपस्थिति में हुआ।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के सहयोग से राज्य स्वास्थ्य विभाग ने इंजेक्शन सुरक्षा कार्यक्रम (Injection safety Programme) के लिए कार्य योजना जारी की है।पंजाब देश का पहला राज्य है जहां विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से इंजेक्शन सुरक्षा कार्यक्रम लागू किया गया है।
- फाइंड चार जीन एक्सपर्ट मशीनें मुहैया कराएगा जो संगरूर, भटिंडा, तरनतारन और होशियारपुर में स्थापित की जाएगी।
- इन केंद्रों पर गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगियों का मेडिकल टेस्ट निःशुल्क होगा।
- शेष जिलों को गंभीर बीमारियों की जांच हेतु इन केंद्रों से जोड़ा जाएगा।
- इन मशीनों के संचालन हेतु फाइंड कर्मचारियों को निधि मुहैया कराएगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.business-standard.com/article/news-ians/punjab-first-state-to-implement-injection-safety-programme-117072801299_1.html

## महाराष्ट्र महिला आयोग और यूएनडीपी में समझौता

**प्रश्न-संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम का गठन किस वर्ष किया गया था?**

(a) 1956 (b) 1962 (c) 1965 (d) 1968

उत्तर-(c)

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को महाराष्ट्र महिला आयोग और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हेतु घोषणा की गई।
- इस समझौते पर हस्ताक्षर यौन उत्पीड़न, एसिड हमले और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के बचाव और पुनर्वास हेतु किया जाएगा।
- महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा विजया राहतकर हैं।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) का गठन 1965 में किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम राष्ट्र संघ का एक वैश्विक कार्यक्रम है जो गरीबी कम करने, आधारभूत ढांचे के विकास और प्रजातांत्रिक प्रशासन को प्रोत्साहित करने का कार्य करता है।
- इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क में स्थित है तथा इसेके वर्तमान प्रमुख अकीम स्टेनर हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.outlookindia.com/newsscroll/maharashtras-women-commission-to-ink-pact-with-undp/1111260

## भारत और सोमालिया में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में भारत और सोमालिया के बीच द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया है-**

(a) सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु

(b) सजायाफ्ता व्यक्तियों के हस्तांतरण हेतु

(c) दोनों देशों के मध्य पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु

(d) नवीनतम कृषि तकनीक हस्तांतरण हेतु

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को भारत और सोमालिया के बीच सजायाफ्ता व्यक्तियों के हस्तांतरण हेतु एक द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते पर विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और सोमालिया गणराज्य के विदेश मंत्री यूसूफ गराद उमर (Yusuf Garaad Omar) की उपस्थिति में हस्ताक्षर हुआ।
- इस समझौते से दोनों देशों के बीच मानवीय सहयोग को और बल मिलेगा।
- इससे सोमालिया की जेलों में सजा काट रहे भारतीयों को अपनी सजा की बाकी अवधि में परिवार के पास रहने का अवसर मिलेगा और उनका पुनर्वास भी संभव हो सकेगा।
- सोमालियाई विदेश मंत्री 31 जुलाई, 2017 को पांच दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचे।
- दोनों मंत्रियों के मध्य द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=164468

## भारत और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों के बीच एमओयू

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसके लिए भारत और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र (MoU) को अपनी पूर्वव्यापी मंजूरी दी?**

(a) ब्रिक्स चिकित्सा शोध प्लेटफार्म की स्थापना के लिए

(b) ब्रिक्स कृषि शोध प्लेटफार्म की स्थापना के लिए

(c) ब्रिक्स विज्ञान शोध प्लेटफार्म की स्थापना के लिए

(d) ब्रिक्स नवीकरणीय ऊर्जा शोध प्लेटफार्म की स्थापना के लिए

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रिक्स कृषि शोध प्लेटफार्म (BRICS-ARP) की स्थापना के लिए भारत और ब्रिक्स के अन्य सदस्य देशों के बीच हस्ताक्षरित सहमति पत्र (MoU) को अपनी पूर्वव्यापी (ex-post facto) मंजूरी दी।
- ज्ञातव्य है कि भारत के गोवा में 16 अक्टूबर, 2016 को आयोजित 8वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स देशों के मंत्रियों द्वारा इस प्लेटफार्म की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए थे।
- इसका उद्देश्य ब्रिक्स देशों में छोटे किसानों द्वारा की जाने वाली कृषि के लिए प्रौद्योगिकियों सहित कृषि अनुसंधान नीति, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्र में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को और अधिक बढ़ावा देना है।यह केंद्र ब्रिक्स के सदस्य देशों में खाद्य सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए कृषि क्षेत्र में नीतिगत सहयोग के जरिए सतत कृषि विकास एवं गरीबी उन्मूलन को बढ़ावा देना है।गौरतलब है कि रूस के उफा में 9 जुलाई, 2015

को आयोजित 7वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव रखा था।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66363

## बीएसएफ और एनएसडीसी में समझौता

**प्रश्न-भारत सरकार द्वारा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना किस वर्ष की गयी थी?**

(a) 1956 (b) 1957 (c) 1968 (d) 1975

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को सीमा सुरक्षा बल (BSF) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते के तहत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम सेवानिवृत्त और सेवानिवृत्त होने जा रहे बीएसएफ कर्मियों के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में निवासरत आबादी को कौशल प्रशिक्षण मुहैया कराएगा।भारत सरकार की सलाहकार संस्था राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT) द्वारा वर्ष 1956 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (ITI) को विनियमित किया गया।वर्तमान में आईटीआई द्वारा लगभग 23 लाख छात्रों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।राष्ट्रीय कौशल विकास निगम का उद्देश्य कुशल जन बल की मांग को पूरा करना है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169324

## दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संकुलों को मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किन दो राज्यों में दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संकुल की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गई?**

(a) कर्नाटक, तमिलनाडु (b) तेलंगाना, आंध्र प्रदेश

(c) केरल, असम (d) मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा तेलंगाना और आंध्र प्रदेश राज्य में दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संकुलों की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गयी।यह इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण शंकुल आंध्र प्रदेश में चित्तूर के एपीआईआईसी में 500 एकड़ क्षेत्र में स्थापित होगा।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि 340 करोड़ रुपये है।
- हैदराबाद के टीएसआईआईसी में 600 एकड़ क्षेत्रफल में इलेक्ट्रॉनिक्स संकुल की स्थापना की जाएगी।इस परियोजना की लागत राशि 667 करोड़ रुपये होगी।

**संबंधित लिंक**

http://airworldservice.org/hindi/archives/49431

## भारतीय विमानन प्राधिकरण एवं उत्तराखंड सरकार में समझौता

**प्रश्न-भारतीय विमानन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच हुए समझौते के तहत कार्य क्षेत्र में कौन-सा तथ्य शामिल नहीं है?**

(a) राज्य के विभिन्न हवाई अड्डों की व्यवसायिक संभावना का आकलन करना।

(b) नागर विमानन ढांचे के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की पहचान करना।

(c) उत्तराखंड में नागर विमान क्षेत्र के विकास हेतु शत प्रतिशत अनुदान राशि उपलब्ध कराना।

(d) परियोजनाओं के विकास हेतु तकनीकी और इंजीनियरिंग से जुड़े संस्थानों का मूल्यांकन करना।

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 में भारतीय विमानन प्राधिकरण और उत्तराखंड सरकार के बीच नागर विमानन क्षेत्र के विकास हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ।
- समझौता ज्ञापन के कार्य क्षेत्र में नागर विमानन ढांचे के विकास को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों की पहचान करना, राज्य के विभिन्न हवाई अड्डों की व्यवसायिक संभावना का आकलन करना, राज्य में हवाई अड्डों के संचालन हेतु तकनीकी आवश्यकताओं को ज्ञात करना तथा परियोजनाओं के विकास हेतु तकनीकी और इंजीनियरिंग मानदंडों से जुड़े स्थानों का मूल्यांकन करना शामिल है।
- इसके अतिरिक्त भविष्य की परियोजनाओं हेतु पूंजीगत खर्च का अनुमान लगाना और राज्य में वर्तमान तथा भविष्य के नागर विमानन ढांचों हेतु मास्टर प्लान बनाना भी इस कार्य क्षेत्र में शामिल है।
- भारतीय विमानन प्राधिकरण पिथौरागढ़ में अपग्रेड किए गए और बाद में चिनियाली-सौड़ में हवाई अड्डों का संचालन प्रारंभ करने हेतु आवश्यक क्लीयरेंस प्राप्त करने में उत्तराखंड नागर विमानन विकास प्राधिकरण की मदद करेगा।
- यह हवाई अड्डे क्षेत्रीय संपर्क योजना का भी हिस्सा होंगे।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168908

## इराक-ईरान में समझौता

**प्रश्न-23 जुलाई, 2017 को किस उद्देश्य के लिए इराक और ईरान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया?**

(a) आपसी व्यापार को बढ़ावा देने हेतु(b) रक्षा और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने हेतु

(c) दोनों देशों की संस्कृतियों के आदान-प्रदान हेतु(d) कच्चे तेल व्यापार में साझेदारी हेतु

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 जुलाई, 2017 को इराक और ईरान के बीच तेहरान में रक्षा और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौता ज्ञापन पर ईरानी रक्षा मंत्री ब्रिगेडियर जनरल होसेन देहकान (Hossein Dehqan) और ईराकी रक्षा मंत्री इरफान-अल- हियाली ने हस्ताक्षर किए।समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों देश आपसी सहयोग को मजबूती प्रदान करने के साथ ही आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ

लड़ाई में अनुभव का आदान-प्रदान व सीमा सुरक्षा में सुधार करेंगे तथा दोनों देश सैन्य बलों को प्रशिक्षण, सैन्य, तकनीकी और सैन्य सहयोग प्रदान करेंगे।

**संबंधित लिंक**

https://www.reuters.com/article/us-iran-iraq-military-idUSKBN1A80HJ

### भारत और बांग्लादेश में समझौता

**प्रश्न-वर्तमान में वर्ष 1972 से भारत और बांग्लादेश के बीच कितने अन्तरदेशीय जलमार्ग परिचालन में हैं?**

(a) 3 (b) 4 (c) 5 (d) 8

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 जुलाई, 2017 को केंद्रीय सड़क परिवहन, राजमार्ग एवं जहाजरानी राज्यमंत्री मनसुख लाल मांडविया के अनुसार भारत सरकार और बांग्लादेश की सरकार ने ब्रह्मपुत्र नदी के उपयोग से दोनों देशों के बीच जलमार्गों की स्थापना हेतु समझौते पर हस्ताक्षर है।भारत की प्राथमिकता में पूर्वोत्तर क्षेत्र में जल कनेक्टिविटी सहित मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी शामिल है।
- भारत ने पूर्व में 16 जलमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की है जिनमें अधिकांशतः परियोजनाओं में बांग्लादेश शामिल है।
- इन जलमार्गों से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों तथा पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बीच यात्रियों और सामानों के आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।
- आगामी 1 वर्ष के भीतर नए जलमार्ग में परिचालन शुरू होगा।
- भारत और बंाग्लादेश के बीच 2990 किमी. भूमि सीमा और 1116 किमी. नदी की सीमा साझा है।इसके अलावा दोनों देशों ने ब्रह्मपुत्र सहित 54 आम नदियों की भी साझेदारी की है।
- वर्तमान में वर्ष 1972 से भारत और बांग्लादेश के बीच 4 अंतरदेशीय जलमार्ग परिचालन में हैं। जो निम्न हैं- कोलकाता-पांडु (दक्षिणी असम में) वाया बांग्लादेश, कोलकाता-करीमगंज (दक्षिणी असम में) वाया बांग्लादेश, राजशाही (बांग्लादेश में)-धुलियन (दक्षिणी असम में) और करीमगंज-पांडु-करीमगंज वाया बांग्लादेश।

**संबंधित लिंक**

http://www.newsbharati.com/Encyc/2017/7/24/India-Bangladesh-waterway

# संघ/संगठन

### यूएसआईएसपीएफ की स्थापना

**प्रश्न-अमेरिका-भारत सामरिक भागीदारी फोरम के निदेशक मंडल का चेयरमैन किसे नियुक्त किया गया है?**

(a) एडवर्ड मॉन्सर (b) जॉन चेंबरर्स (c) पुनीत रेनजेन(d) अजय बंगा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंधों को और बढ़ाने हेतु एक नये प्रतिनिधि संगठन अमेरिका-भारत सामारिक भागीदारी फोरम

(USISPF-US-India Strategic Partnership) की स्थापना की जा रही है।यह एक गैर-लाभकारी निगम है।

- जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करने हेतु सार्थक अवसरों को बढ़ावा देना है।
- यूएसआईएसपीएफ के प्रमुख मुकेश अघी (Mukesh Aghi) और मुख्य परिचालन अधिकारी गौरव वर्मा होंगे।इस फोरम के निदेशक मंडल में चेयरमैन जॉन चेंबरर्स (कार्यकारी अध्यक्ष, सिस्को), उपाध्यक्ष, पुनीत रेनजेन (ग्लोबल सीईओ, डेलोइट एलएलपी), और एडवर्ड मॉन्सर (अध्यक्ष, इमर्सन इलेक्ट्रिक) तथा बोर्ड के सदस्य के रूप में इंद्रा नूयी (पेप्सिको की चेयरमैन और सीईओ) और अजय बंगा (अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मास्टरकार्ड) शामिल होंगे।
- बोर्ड के अन्य सदस्यों में सुसन एस्सार (पार्टनर, स्टेपोई एंड जॉनसन), विलियम कोहेन (अध्यक्ष और सीईओ, कोहेन ग्रुप), पूरन सागुर्ती (ग्लोबल कॉरपोरेट और निवेश बैंकिंग के अध्यक्ष, बैंक ऑफ अमेरिका मेरिल लिंच) और फ्रैंक विस्नर (अंतरराष्ट्रीय मामलों के सलाहकार, स्क्वायर पैटन बोग्स) हैं।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/usispforum

## केंद्र सरकार द्वारा एनसीआरबी का बीपीआरडी के साथ विलय

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) का पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPRD) के साथ विलय किया गया। एनसीआरबी की स्थापना कब हुई थी?**

(a) वर्ष 1970 (b) वर्ष 1986 (c) वर्ष 1982 (d) वर्ष 1973

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अगस्त, 2017 को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) का पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (BPRD) के साथ विलय किया गया।
- इससे दोनों संगठनों के अपराध डेटा संग्रह और शोध प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा।
- इसके अलावा इससे पुलिस से संबंधित विकास कार्यों की दक्षता में सुधार एवं संसाधन के सर्वोच्च उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि एनसीआरबी की स्थापना वर्ष 1986 में केंद्रीय पुलिस संगठन के रूप में देश के सभी राज्यों से विभिन्न मापदंडों पर अपराध आंकड़ों को इकट्ठा करने के लिए हुई थी।
- इसके अलावा यह महत्वाकांक्षी अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क (CCTNS) भी लागू कर रहा है।
- बीपीआरडी की स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी।
- यह एक राष्ट्रीय पुलिस संगठन है जो पुलिस से संबंधित विषयों एवं मुद्दों पर अनुसंधान और विकास एवं अध्ययन करता है।
- ये दोनों ही संगठन गृह मंत्रालय के अधीनस्थ हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.ptinews.com/news/8959024_Govt-merges-NCRB-with-BPRD-.html

# विधि/न्याय

## राज्यसभा चुनाव में नोटा विकल्प के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय

**प्रश्न-हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने किस राज्य में होने वाले राज्यसभा चुनावों में नोटा का प्रावधान लागू करने संबंधी निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया?**

(a) महाराष्ट्र(b) गुजरात(c) असम (d) कर्नाटक

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अगस्त, 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात राज्य में होने वाले राज्यसभा चुनावों में नोटा का प्रावधान लागू करने संबंधी निर्वाचन आयोग की अधिसूचना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया।
- यह निर्णय जस्टिस दीपक मिश्रा और एएएम खानिवलकर की पीठ ने दिया।
- ध्यातव्य है कि निर्वाचन आयोग ने 1 अगस्त, 2017 को गुजरात के राज्यसभा चुनावों में नोटा का प्रावधान लागू करने संबंधी अधिसूचना जारी की थी।
- इस मामले से संदर्भित याचिका अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने दायर की थी।
- दायर याचिका के अनुसार इस विकल्प के प्रयोग से जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 और चुनाव संचालन नियम, 1961 का उल्लंघन होता है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णय के बाद से निर्वाचन आयोग चुनावों में नोटा का प्रावधान मतदाताओं को उपलब्ध करा रहा है।

**संबंधित लिंक**

http://www.livemint.com/Politics/6GfOL5m1ztNl480H8ZnjdN/Supreme-Court-refuses-to-stay-NOTA-for-Gujarat-Rajya-Sabha-e.html

## वक्फ अधिनियम में संसोधन

**प्रश्न-वक्फ अधिनियम, 1995 यथा संसोधित 2013 की किस धारा के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में वक्फ न्यायाधिकरण के गठन का प्राविधान है?**

(a) धारा-82 (b) धारा-83 (c) धारा-84 (d) धारा-85

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल द्वारा वक्फ अधिनियम में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत जनपद रामपुर में गठित वक्फ न्यायाधिकरण को समाप्त कर दिया गया।इस न्यायाधिकरण के अधिकार क्षेत्र को जनपद लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में समायोजित किया गया है।
- वक्फ अधिनियम, 1995 यथा संशोधित 2013 की धारा-83 के अंतर्गत प्रदेश में वक्फ न्यायाधिकरण गठित किए जाने का प्राविधान है।
- उक्त प्राविधानों के तहत मार्च, 2014 में प्रदेश में लखनऊ एवं रामपुर में वक्फ न्यायाधिकरणों का गठन किया गया था।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/CMOfficeUP/status/900041956604039169

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) विधेयक, 2017

**प्रश्न-हाल ही में संसद द्वारा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ( सार्वजनिक निजी भागीदारी) विधेयक, 2017 को मंजूरी प्रदान की गई। इस मंजूरी के तहत कितने संस्थानों को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा और अपने छात्रों को डिग्री देने का अधिकार प्राप्त होगा?**

(a) 12 (b) 13 (c) 15 (d) 18

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (सार्वजनिक निजी भागीदारी) विधेयक, 2017 को संसद द्वारा मंजूरी प्रदान की गई।
- राज्यसभा में यह विधेयक ध्वनिमत से पारित किया गया।
- लोकसभा द्वारा यह विधेयक 19 जुलाई, 2017 को पारित किया गया था।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169181

## उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (तैतालीसवां संशोधन) नियमावली, 2017

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (तैतालीसवां संशोधन नियमावली, 2017 के संदर्भ में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) इस नियमावली उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा 2 अगस्त, 2017 को मंजूरी प्रदान की गई।

(b) नई नीति के अनुसार पट्टों का नवीनीकरण नहीं होगा।

(c) नदी तल के क्षेत्रों के पट्टे की अवधि 5 वर्ष किए जाने का प्रस्ताव है।

(d) नदी तल में प्राप्त उपखनिजों से भिन्न उपखनिजों हेतु राज्य सरकार के विशेषाधिकार के तहत खनन पट्टा की अवधि 10 वर्ष से अधिक किन्तु 15 वर्ष से अनधिक किया जाना प्रस्तावित है।

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) (तैतालीसवां संशोधन) नियमावली, 2017 के प्राख्यापन को मंजूरी प्रदान की गई।
- उत्तर प्रदेश खनन नीति, 2017 के अनुसार प्रदेश में ई-निविदा/ई-नीलामी/ई-निविदा सह ई-नीलामी के माध्यम से उपखनिजों को 5 वर्ष की अवधि या उससे अधिक अवधि हेतु परिहार पर स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है।
- नई नीति के अनुसार पट्टों का नवीनीकरण नहीं होगा।
- नदी तल में प्राप्त उपखनिजों से भिन्न उपखनिजों हेतु राज्य सरकार के विशेषाधिकार के तहत खनन पट्टा की अवधि 10 वर्ष से अधिक किन्तु 15 वर्ष से अनधिक किया जाना प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित संशोधन द्वारा नीलाम/ई-निविदा/नीलाम एवं निविदा या ई-निविदा के स्थान पर 'ई-निविदा/ई-नीलामी/ई-निविदा सह ई-नीलामी' किया गया है।
- नदी तल के क्षेत्रों के पट्टे की अवधि 5 वर्ष की निश्चित अवधि हेतु तथा स्वस्थानें चट्टान किस्म के इमारती पत्थर क्षेत्रों के लिए अधिकतम 20 वर्ष की पट्टा अवधि तक दिए जाने का प्रस्ताव है।

- इसके अतिरिक्त मुख्य खनिज के रूप में परिभाषित, जिसे भारत सरकार द्वारा दिनांक 10.2.2015 को जारी अधिसूचना के अनुसार उपखनिज के रूप में घोषित किया गया है, के क्षेत्रों के लिए 32 वर्ष (02 वर्ष का पूर्व सर्वेक्षण तथा 30 वर्ष का खनन पट्टा) की अवधि हेतु खनन पट्टा दिया जाना प्रस्तावित है।

**संबंधित लिंक**

http://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-e-secretariat-will-work-in-uttar-pradesh-from-october-16473591.html

## भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान विधेयक, 2017

**प्रश्न-4 अगस्त, 2017 को लोकसभा ने भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान विधेयक, 2017 पारित किया। इस संस्थान की स्थापना कहां की जाएगी?**

(a) पुणे (b) विशाखापत्तनम (c) रांची (d) भिलाई

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अगस्त, 2017 को लोकसभा ने भारतीय पेट्रोलियम एवं ऊर्जा संस्थान विधेयक, 2017 पारित किया।इसे राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित किया गया है।
- इस संस्थान का निर्माण विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश में किया जाएगा।
- इस संस्थान का उद्देश्य पेट्रोलियम, हाइड्रोकार्बन व ऊर्जा के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता शिक्षा व अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

**संबंधित लिंक**

http://www.aninews.in/newsdetail-MTA/MzI4MTMw/lok-sabha-passes-indian-institute-of-petroleum-and-energy-bill.html

## उच्चतम न्यायालय द्वारा दहेज उत्पीड़न मामले में पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तारी से रोक पर दिशा-निर्देश

**प्रश्न-हाल ही में उच्चतम न्यायालय ने भारतीय दंड संहिता की किस धारा के तहत दहेज उत्पीड़न मामले में पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तारी पर रोक लगाई?**

(a) धारा 198-ए (b) धारा 398-ए (c) धारा 218-ए (d) धारा 498-ए

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 1983 में बने दहेज प्रताड़ना निरोधक कानून तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 498-ए का दुरुपयोग रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए।
- यह निर्देश न्यायमूर्ति ए.के. गोयल और न्यायमूर्ति यू.यू. ललित की पीठ ने दिया।
- इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय ने आईपीसी की धारा 498-ए के तहत दायर दहेज उत्पीड़न के मामलों में पति और उनके परिवार के सदस्यों की तत्काल गिरफ्तारी को समाप्त कर दिया।
- अब आईपीसी की धारा 498-ए के तहत मामलों को प्रत्येक जिले में गठित परिवार कल्याण समिति (FWC) के समक्ष भेजा जाएगा।
- समिति अपनी रिपोर्ट एक माह में मजिस्ट्रेट या पुलिस को भेजेगी।
- समिति की रिपोर्ट के बाद ही जांच अधिकारी (IO) या मजिस्ट्रेट देखेगा कि कार्यवाही की जाए या नहीं।
- अर्थात समिति की रिपोर्ट मिलने तक पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं करेगी।

- हालांकि, इन समिति के सदस्यों को गवाह के रूप में नहीं माना जाएगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.supremecourtofindia.nic.in/supremecourt/2017/6593/6593_2017_Order_27-Jul-2017.pdf

## मंत्रिमंडल द्वारा संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) आदेश, 1954 में संशोधन को पूर्वव्यापी मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस संविधान संशोधन आदेश के माध्यम से संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) आदेश, 1954 में संशोधन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की ?**

(a) संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 1956

(b) संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 1975

(c) संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 2016

(d) संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 2017

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2117 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 2017 के माध्यम से संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) आदेश, 1954 में संशोधन को पूर्वव्यापी मंजूरी प्रदान की।
- इस मंजूरी के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य में वस्तु एवं सेवा कर (GST) व्यवस्था को लागू करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है|6 जुलाई, 2017 को संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) संशोधन आदेश, 2017 को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी प्रदान किए जाने के उपरान्त भारत के राजपत्र में अधिसूचित कर दिया गया है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=66261

## आर्किटेक्ट्स (संशोधन) विधेयक, 2010

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किस विधेयक में संशोधन करने लिए राज्यसभा में प्रस्तुत किए जाने के पश्चात वापस ले लिया?**

(a) आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1972(b) आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1973

(c) आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1974(d) आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1975

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को केंद्र सरकार ने आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1972 में संशोधन करने के लिए राज्य सभा में पेश किए गए विधेयक को वापस ले लिया।
- 31 अगस्त, 2010 को तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने आर्किटेक्ट्स (संशोधन) विधेयक, 2010 राज्य सभा में पेश किया था।
- यह विधेयक मानव संसाधन विकास की स्थायी समिति को भेजा गया था जिसे 2 माह की निर्धारित अवधि के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करना था किन्तु समिति ने अभी तक रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।

**संबंधित लिंक**

http://www.prsindia.org/billtrack/the-architects-amendment-bill-2010-1327/

# वर्ष/दिवस/सप्ताह

## राष्ट्रीय खेल दिवस-2017

**प्रश्न-'राष्ट्रीय खेल दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 28 अगस्त (b) 26 अगस्त (c) 30 अगस्त (d) 29 अगस्त

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अगस्त, 2017 को देश भर में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' (National Sports Day) मनाया गया।उल्लेखनीय है कि यह दिवस 'हॉकी के जादूगर' के नाम से प्रसिद्ध महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है।
- इन्होंने तीन ओलंपिक खेलों क्रमशः वर्ष 1928, 1932 तथा 1936 में भारत का प्रतिनिधित्व कर 3 स्वर्ण पदक देश को दिलाया।
- इनका जन्म 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में हुआ था।
- इसी दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति, खेलों में विशेष योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों से सम्मानित करते हैं।इनमें राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कारों के अलावा अर्जुन पुरस्कार प्रमुख है।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/narendramodi/status/902378912742641664

## परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस

**प्रश्न-'परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 29 अगस्त (b) 23 अगस्त (c) 26 अगस्त (d) 28 अगस्त

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'परमाणु परीक्षणों के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day Against Nucler Tests) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 2 दिसंबर, 2009 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 29 अगस्त को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि 16 जुलाई, 1945 से शुरू परमाणु परीक्षण अबतक लगभग 2050 बार हो चुके हैं।
- सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों को समाप्त करने के लिए वर्ष 1996 में अंतरराष्ट्रीय लेख-पत्र (संधि) (International Instrument) सीटीबीटी (CTBT: Comprehensive Nuclear-Test Ban Treaty) लायी गई।

  **संबंधित लिंक**

  http://www.un.org/en/events/againstnucleartestsday/

## संस्कृत दिवस

**प्रश्न-हाल ही में कब संपूर्ण देश में 'संस्कृत दिवस' मनाया गया?**

(a) 8 अगस्त (b) 9 अगस्त (c) 7 अगस्त (d) 6 अगस्त




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 अगस्त, 2017 को संपूर्ण देश में 'संस्कृत दिवस' मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1969 से प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।इस दिवस का उद्देश्य विश्व की सबसे प्राचीन भाषा संस्कृत को फिर से लोकप्रिय बनाना है।
- गौरतलब है कि विश्व की अनेक भाषाओं की जननी संस्कृत को माना जाता है।
- इंग्लैंड, फ्रांस और जर्मनी सहित कई देशों के विश्वविद्यालयों में संस्कृत शिक्षा दी जा रही है।

**संबंधित लिंक**

http://www.speakingtree.in/allslides/world-sanskrit-day

## विश्व मानवतावादी दिवस

**प्रश्न-'विश्व मानवतावादी दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 20 अगस्त (b) 19 अगस्त (c) 18 अगस्त (d) 15 अगस्त

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मानवतावादी दिवस' (World Humanitarian Day) मनाया गया।
- यह दिवस उन लोगों की स्मृतियों में मनाया जाता है जिन्होंने मानवीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिये।

## राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कब 'राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' के दूसरे चरण की शुरूआत की?**

(a) 8 अगस्त (b) 10 अगस्त (c) 11 अगस्त (d) 12 अगस्त

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अगस्त, 2017 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश भर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस' (National Deworming Day) के दूसरे चरण की शुरूआत की।
- गौरतलब है कि केवल राजस्थान एवं मध्य प्रदेश राज्य को छोड़कर पूरे देश में यह दिवस प्रत्येक वर्ष दो चरणों में आयोजित किया जाता है।
- इसका पहला चरण 10 फरवरी, 2017 में आयोजित किया गया था।
- इस दूसरे चरण के तहत 10 अगस्त से 17 अगस्त, 2017 तक 1-19 वर्ष आयु वर्ग के 31 करोड़ बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।यह सबसे बड़े जन स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक है।
- ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ वर्ष 2015 में हुआ था, जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह आकलन किया था कि भारत में 14 वर्ष से कम उम्र के 220

मिलियन बच्चों में मिट्टी संचारित कृमि (HTH) संक्रमण का जोखिम है।कृमि मनुष्य की आंतों में रहते हैं और शरीर के लिए जरूरी पोषण तत्वों को नष्ट कर देते है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169771

## विश्व अंगदान दिवस

**प्रश्न-'विश्व अंगदान दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 14 अगस्त (b) 13 अगस्त (c) 12 अगस्त (d) 11 अगस्त

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व अंगदान दिवस' (World Organ Donation Day) मनाया गया।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य सामान्य मनुष्य को मृत्यु के बाद अंगदान करने की प्रतिज्ञा दिलाने के लिए प्रोत्साहित करना है।
- अंगदान में अंगदाता के अंगों जैसे कि हृदय, लीवर (यकृत), गुर्दे, आंत, फेफड़े, और अग्न्याशय का दान उसकी मृत्यु के पश्चात जरूरतमंद व्यक्ति में प्रत्यारोपित करने के लिए किया जाता है।भारत में संपन्न एक सर्वेक्षण के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 5 लाख व्यक्तियों की मृत्यु अंगों की अनुपलब्धता के कारण हो जाती है।
- जिनमें से 2 लाख व्यक्ति लीवर (यकृत) की बीमारी और 50 हजार व्यक्ति हृदय की बीमारी के कारण मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।
- इसके अलावा 1 लाख 50 हजार व्यक्ति गुर्दा प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा करते हैं, जिनमें से केवल 5 हजार व्यक्तियों को ही गुर्दा प्रत्यारोपण का लाभ प्राप्त होता है।

**संबंधित लिंक**

https://www.nhp.gov.in/Organ-Donation-Day_pg

## विश्व हाथी दिवस

**प्रश्न-'विश्व हाथी दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 13 अगस्त (b) 11 अगस्त (c) 12 अगस्त (d) 9 अगस्त

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हाथी दिवस' (World Elephant Day) मनाया गया।
- यह दिवस हाथियों के संरक्षण, गैर-कानूनी शिकार और तस्करी रोकने, उनके बेहतर इलाज और पकड़े गए हाथियों को अभ्यारण्यों में भेजे जाने के लिए जागरूकता प्रदान करने के लिए मनाया जाता है।
- इसके अतिरिक्त इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य जंगली हाथियों की संख्या, उनकी बेहतरी और प्रबंधन के बारे में जानकारी मुहैया कराना है।
- आईयूसीएन की रेड लिस्ट में अफ्रीकन हाथी, 'कमजोर हाथी' एवं एशियन हाथी 'लुप्त प्राय' श्रेणी में दिखाए गए हैं।
- हाथियों की जनसंख्या के बारे में प्राप्त आकलन के अनुसार विश्व भर में 4,00,000 अफ्रीकन हाथी और 40,000 एशियन हाथी हैं।

- विश्व हाथी दिवस की शुरूआत कनाडा की फिल्म निर्माता पेक्ट्रीका सिम्स और केनाज वेस्ट पिक्चर्स के माइकल क्लार्क, थाइलैंड के एलिफेंट की इन्ट्रोडक्शन फाउंडेशन के महासचिव सिवापॉर्न पिक्चर्स दरदारेन्डा द्वारा वर्ष 2011 में की गई थी।आधिकारिक रूप से इसका शुभारंभ 12 अगस्त, 2012 को सिम्स और एलिफेंट की इंट्रोडक्शन फाउंडेशन ने किया था।वर्तमान में विश्व के 65 से भी अधिक वन्य जीव संगठन, कई व्यक्ति और बहुत से देश इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं।
- इस अवसर पर केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाथियों के संरक्षण के लिए राष्ट्रव्यापी अभियान 'गज यात्रा' का उद्घाटन किया।

## विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस

**प्रश्न-'विश्व के स्थानीय लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 10 अगस्त (b) 9 अगस्त (c) 8 अगस्त (d) 11 अगस्त

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व के स्वदेशी लोगों का अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day of the World's Indigenous Peoples)
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) - "10th Anniversary of the UN Declaration on the Rights of Indigenous Peoples" है।
- उल्लेखनीय है कि 10 वर्ष पूर्व 13 सितंबर, 2007 को महासभा ने स्थानीय लोगों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र (United Nations Declaration on the Rights of Indigenous Peoples) को अपनाया था।
- जो कि स्थानीय लोगों और सदस्य राज्यों के बीच सहयोग एवं एक जुटता के संबंध में एक मील का पत्थर है।
- विश्व में अनुमानित 370 मिलियन स्थानीय लोग हैं, जो 90 देशों में रह रहे हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.un.org/en/events/indigenousday/

## अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 11 अगस्त (b) 13 अगस्त (c) 12 अगस्त (d) 10 अगस्त

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस (International Youth Day) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय "युवा शांति स्थापित करें" (Youth Building Peace) है।इसका उद्देश्य गरीबी उन्मूलन एवं सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए युवा लोगों की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करना है।
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसम्बर 1999 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 12 अगस्त को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।

**संबंधित लिंक**

http://www.un.org/en/events/youthday/

## विश्व जैवईंधन दिवस

**प्रश्न-'विश्व जैवईंधन दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 8 अगस्त (b) 10 अगस्त (c) 6 अगस्त (d) 7 अगस्त

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अगस्त, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व जैवईंधन दिवस' (World Biofuel Day) मनाया गया।
- यह दिवस लोगों में गैर जीवाश्म ईंधन (Non Fossil fuels) (ग्रीन फ्यूल्स) के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।
- जैवईंधन नवीकरणीय, जैव निम्नीकरणीय, टिकाउ और पर्यावरण अनुकूल है।
- ज्ञातव्य है कि 10 अगस्त, 1893 में डीजल इंजन के आविष्कारक सर रूडोल्फ डीजल ने सफलतापूर्वक मूंगफली के तेल से मैकेनिकल इंजन चलाया था।
- इसी असाधारण उपलब्धि की समृति में प्रतिवर्ष 10 अगस्त को यह दिवस मनाया जाता है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169802

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

**प्रश्न-'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 5 अगस्त (b) 8 अगस्त (c) 7 अगस्त (d) 9 अगस्त

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 अगस्त, 2017 को संपूर्ण देश में तीसरा राष्ट्रीय हथकरघा दिवस (National Handloom Day) मनाया गया।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हथकरघा उद्योग के महत्व एवं आमतौर पर देश के सामाजिक आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- गौरतलब है कि 7 अगस्त, 1905 को कोलकाता के टाउनहाल में एक जनसभा में स्वदेशी आंदोलन की औपचारिक शुरूआत की गई थी।
- इस आंदोलन में घरेलू उत्पादों और उत्पादन प्रक्रियाओं का पुनरोत्थान शामिल था।
- भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई, 2015 को इस आंदोलन की याद में प्रतिवर्ष 7 अगस्त, को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में मानने की घोषणा की गई थी।
- वर्ष 2017 में इस दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन गुवाहाटी असम में किया गया।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx?relid=66437

## विश्व स्तनपान सप्ताह

**प्रश्न-वर्ष 2017 में संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' (WBW) कब से कब तक मनाया जा रहा है?**

(a) 1-6 अगस्त(b) 1-5 अगस्त(c) 1-7 अगस्त(d) 1-8 अगस्त

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1-7 अगस्त, 2017 के दौरान संपूर्ण विश्व में 'विश्व स्तनपान सप्ताह' (World Breastfeeding Week) मनाया जा रहा है।
- वर्ष 2017 में विश्व स्तनपान सप्ताह का मुख्य विषय (Theme)- 'Sustaining Breastfeeding Together' है।
- उल्लेखनीय है कि स्तनपान को प्रोत्साहन तथा समर्थन देने के लिए प्रति वर्ष अगस्त के प्रथम सप्ताह में इसे मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'एमएएः मां का पूर्ण स्नेह' (MAA: Mother's Absolute Affection) कार्यक्रम प्रारंभ किया है।
- जिससे स्तनपान को प्रोत्साहन दिया जा सके और स्तनपान को समर्थन देने के लिए विभिन्न प्रावधानों/सेवाओं को लागू किया जा सके।इसके अलावा, ''सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में लैक्टेशन प्रबंध केंद्र पर राष्ट्रीय दिशा-निर्देश'' हाल ही में जारी किए गए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बीमार और समय पूर्व जन्म लिए बच्चों को सुरक्षित स्तनपान उपलब्ध हो सके।

**संबंधित लिंक**

http://www.who.int/life-course/news/events/2017-breastfeeding-week/en/

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस

**प्रश्न-'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 26 जुलाई (b) 27 जुलाई (c) 28 जुलाई (d) 22 जुलाई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' (World Hepatitis Day) मनाया गया।
- वर्ष 2017 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) - 'हेपेटाइटिस को हटाना' (Eliminate Hepatitis) है।यह दिवस हेपेटाइटिस रोग की रोकथाम परीक्षण और उपचार के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2010 में 63वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में हेपेटाइटिस-बी वायरस के खोजकर्ता व नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. बारूच सैमुएल ब्लूमबर्ग के जन्म दिवस (28 जुलाई) को 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित किया गया था।विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) के अनुसार वर्ष 2015 में विश्व भर के 325 मिलियन लोग हेपेटाइटिस संक्रमण से पीड़ित थे।
- वर्ष 2015 में विश्व भर में 1.34 मिलियन लोग हेपेटाइटिस संक्रमण से मरे।
- इसके अनुसार हेपेटाइटिस 'सी' से संक्रमित 95 प्रतिशत लोग 2-3 माह के अंदर पूरी तरह से ठीक हो सकते हैं।

**संबंधित लिंक**

http://www.who.int/mediacentre/news/releases/2017/eliminate-hepatitis/en/

# विविध

## ओबीसी क्रीमिलेयर आय सीमा में वृद्धि

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने ओबीसी क्रीमीलेयर की सीमा बढ़ाकर कर दी है-**

(a) 6 लाख रुपये (b) 7.5 लाख रुपये

(c) 8 लाख रुपये (d) 9 लाख रुपये

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अगस्त, 2017 को केंद्र सरकार द्वारा ओबीसी क्रीमीलेयर की सीमा 6 लाख रुपये से बढ़ाकर 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दी गयी।
- वर्ष 1993 में पहली बार ओबीसी श्रेणी के लिए क्रीमीलेयर की सीमा 1 लाख रुपये निर्धारित की गयी थी।ओबीसी क्रीमीलेयर सीमा में पांचवी बार यह वृद्धि हुई है।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इसी तिथि को ओबीसी के उप-वर्गीकरण के मुद्दे पर विचार हेतु एक आयोग के गठन से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गयी।
- अध्यक्ष की नियुक्ति की तिथि से 12 सप्ताह के भीतर यह आयोग अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।आयोग का उद्देश्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के उपवर्गीकरण हेतु वैज्ञानिक तरीके से तंत्र, प्रक्रिया, मानदंड और खाका तैयार करना है, जो संघ सूची में दर्ज ओबीसी के समतुल्य संबंधित जातियों, समुदायों एवं उपजातियों को पहचान कर उन्हें वर्गीकृत कर सके।

**संबंधित लिंक**

http://indianexpress.com/article/india/obc-creamy-layer-limit-increased-from-rs-6-lakh-to-rs-8-lakh-4810714/

## खेल प्रतिभा खोज पोर्टल का शुभारंभ

**प्रश्न-हाल ही में किसने खेल प्रतिभा खोज पोर्टल का शुभारंभ किया?**

(a) विजय गोयल (b) नरेंद्र मोदी (c) डॉ. हर्षवर्धन (d) वेंकैया नायडू

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 अगस्त, 2017 को युवा एवं खेल मंत्रालय ने देश के युवाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा की तलाश के लिए 'खेल प्रतिभा खोज' पोर्टल आरंभ किया।
- इस पोर्टल को नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू द्वारा लांच किया गया।यह पोर्टल देश में उपलब्ध खेल प्रतिभाओं को खेल के प्रति आकर्षित करने में मदद करेगा।इसके अलावा, यह सही खिलाड़ी का चयन करने के लिए एक तीव्र पारदर्शी तंत्र प्रदान करेगा।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170270

## सदी का सबसे बड़ा सूर्यग्रहण

**प्रश्न-21 अगस्त, 2017 को सदी का सबसे बड़ा सूर्यग्रहण लगा। इस सूर्यग्रहण को क्या नाम दिया गया?**

(a) अमेरिकन 99 एक्लिप्स (b) ग्रेट सन डीप

(c) ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स (d) ग्रेट अमेरिकन एलिक्स

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अगस्त, 2017 को सदी का सबसे बड़ा सूर्यग्रहण लगा।
- यह मुख्यतः अमेरिका और कनाडा में देखा गया।
- इस सूर्यग्रहण को 'ग्रेट अमेरिकन एक्लिप्स' नाम दिया गया है।
- यह 99 वर्षों बाद अमेरिकी महाद्वीप में दिखाई देने वाला पूर्ण सूर्यग्रहण था।
- वह खगोलीय स्थिति जब चंद्रमा पृथ्वी और सूर्य के बीच में आ जाता है और उसकी छाया पृथ्वी पर पड़ती है तब सूर्यग्रहण लगता है।

**संबंधित लिंक**

https://eclipse2017.nasa.gov/eclipse-who-what-where-when-and-how

## 37वीं इंडिया डे परेड

**प्रश्न-37वीं इंडिया डे परेड कहां आयोजित हुई?**

(a) पेरिस (b) न्यूयार्क (c) वाशिंगटन (d) हैम्बर्ग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 अगस्त, 2017 को भारत के 71वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यूयार्क में 37वीं इंडिया डे परेड आयोजित हुई।इसमें भारतीय मूल के हजारों लोगों ने भागीदारी की।इस परेड का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडिया एसोसिएशन्स-न्यूयार्क, न्यूजर्सी, केनेक्टीकट ने किया।

## शगुन का डिजिटल संस्करण 'पोस्टकार्ड' लांच

**प्रश्न-हाल ही में किस मोबाइल भुगतान कंपनी ने शगुन का डिजिटल 'पोस्टकार्ड' लांच किया?**

(a) मोबीक्विक (b) पेटीएम (c) फ्रीचार्ज (d) जियोनी

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अगस्त, 2017 को मोबाइल भुगतान कपंनी पेटीएम ने शगुन का डिजिटल संस्करण 'पेटीएम पोस्टकार्ड' लांच किया।
- यह ग्राहकों को अपने विशेष अवसरों के दौरान कैशलेस होने में सक्षम बनाता है।
- इस पोस्टकार्ड को विभिन्न अवसरों पर आधारित संदेशों के साथ कस्टमाइज किया जा सकता है और देश भर में पेटीएम उपयोगकर्ताओं को तुरंत भेजा जा सकता है।
- भारत में विभिन्न शुभ अवसरों पर परिजनों को धन या उपहार देना शगुन कहा जाता है।

**संबंधित लिंक**

http://hindi.oneindia.com/news/business/paytm-launches-shagun-postcard-on-rakshabandhan-418254.html

## होंडा का विश्व का सबसे बड़ा दुपहिया वाहन संयंत्र

**प्रश्न-होंडा का कौन-सा संयंत्र विश्व का सबसे बड़ा दुपहिया वाहन उत्पादन संयंत्र है?**

(a) होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का नरसापुरा संयंत्र
(b) होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का मनेसर संयंत्र
(c) होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का टपुकरा संयंत्र
(d) होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया का विट्ठलपुर संयंत्र

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अगस्त, 2017 को जापान की दिग्गज ऑटो कंपनी होंडा (Honda) के भारतीय दुपहिया उपक्रम होंडा मोटर साइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने बेंगलुरू के पास स्थित अपने नरसापुरा संयंत्र की चौथी एसेम्बली लाइन का उद्घाटन किया।
- जिससे इस संयंत्र की वार्षिक उत्पादन क्षमता में 6 लाख वाहन की वृद्धि हुई है।
- क्षमता में इस वृद्धि के साथ इस संयंत्र की कुल वार्षिक उत्पादन क्षमता 24 लाख वाहन हो गयी है जिससे यह संयंत्र होंडा का विश्व में सबसे बड़ा दुपहिया वाहन उत्पादन संयंत्र बन गया है।
- इस विस्तार से कंपनी के चारों भारतीय संयंत्रों से वर्ष 2017-18 की वार्षिक उत्पादन क्षमता 58 लाख से बढ़कर 64 लाख हो गयी है।
- कंपनी के अन्य संयंत्र मनेसर (हरियाणा), टपुकरा (राजस्थान), और विट्ठलपुर (गुजरात) में स्थित हैं।जापान की होंडा मोटर कंपनी लिमि. विश्व की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी है।वर्ष 1999 में कंपनी ने होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमि. के माध्यम से भारत में प्रवेश किया।

**संबंधित लिंक**

http://www.hindustantimes.com/autos/india-becomes-honda-s-largest-2-wheeler-manufacturing-base/story-AIhSwYtfATFGbCKbbu48BP.html

## महिलाओं हेतु मुफ्त यात्रा की घोषणा

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार ने रक्षाबंधन पर्व पर महिलाओं हेतु परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की?**

(a) राजस्थान (b) उत्तर प्रदेश (c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा बंधन पर्व पर महिलाओं हेतु परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा की घोषणा की।
- इसी दिन मुख्यमंत्री ने बरेली एवं कानपुर नगर में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक और वाराणसी, इलाहाबाद, मेरठ एवं गाजियाबाद में सारथी भवन तथा परिवहन निगम के 7 बस स्टेशनों का लोकार्पण किया।
- मुख्यमंत्री द्वारा 10 बस स्टेशनों (गाजियाबाद, मुरादाबाद, वाराणसी, इलाहाबाद, आगरा, मथुरा, हरदोई, आजमगढ़, इटावा और रामपुर) में शुद्ध पेयजल हेतु वाटर ए.टी.एम. का शुभारंभ किया गया।इसके अलावा मुख्यमंत्री ने 66 जिला मुख्यालय के 75 बस स्टेशनों में मुफ्त वाई-फाई सुविधा का भी शुभारंभ किया।
- मुफ्त वाई-फाई सुविधा टी.जी. कनेक्ट एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**संबंधित लिंक**

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=477

## उत्तर प्रदेश सचिवालय में पत्रावलियों के रख-रखाव हेतु ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने का निर्णय

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश सचिवालय में पत्रावलियों के रख-रखाव हेतु ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने की प्रस्तावित तिथि है-**

(a) 1 अगस्त, 2017(b) 1 सितंबर, 2017(c) 1 अक्टूबर, 2017(d) 1 नवंबर, 2017

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद की संपन्न बैठक में उत्तर प्रदेश सचिवालय में पत्रावलियों के रख-रखाव हेतु ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने का निर्णय किया गया।
- इसका उद्देश्य फिजिकल रूप से प्रचलित पत्रावलियों के स्थान पर पत्रावलियों को डिजिटल रूप में व्यवहृत करना है।
- ई-ऑफिस व्यवस्था को लागू करने हेतु सचिवालय प्रशासन विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है।आई.टी. एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग इस व्यवस्था को लागू करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करेगा।नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर को इस कार्य के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- यह व्यवस्था 1 अक्टूबर, 2017 से लागू की जानी प्रस्तावित है।
- सचिवालय प्रशासन के सभी अनुभागों से लेकर मा. मंत्रीगण के कार्यालय भी इस व्यवस्था से आच्छादित होंगे।ई-ऑफिस परियोजना पर लगभग 57 करोड़ रुपये का व्यय भार अनुमानित है।इस व्यवस्था को लागू करने में मार्गदर्शन और अनुश्रवण करने हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय प्रोजेक्ट स्टीरियरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा।प्रोजेक्ट क्रियान्वयन हेतु प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग की अध्यक्षता में एक प्रोजेक्ट क्रियान्वयन समिति गठित होगी।
- इस व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु प्रोजेक्ट सपोर्ट टीम की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

**संबंधित लिंक**

http://information.up.nic.in/View_Hindinews.aspx?id=473

## सकल घरेलू उत्पादन में पर्यटन क्षेत्र का योगदान

**प्रश्न-देश में घरेलू पर्यटकों की संख्या में वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2016 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई?**

(a) 10.5 प्रतिशत(b) 11.2 प्रतिशत(c) 12.7 प्रतिशत(d) 13.8 प्रतिशत

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. महेश शर्मा ने सकल घरेलू उत्पादन में पर्यटन क्षेत्र के योगदान के संदर्भ में लोकसभा में जानकारी दी।
- देश में घरेलू पर्यटकों की संख्या में वर्ष 2015 के सापेक्ष वर्ष 2016 में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।इसमें धार्मिक उद्देश्यों के साथ ही चिकित्सा के लिए भी सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में घरेलू पर्यटकों की यात्राएं भी शामिल हैं।

- वर्ष 2015 में 143.2 करोड़ लोगों की तुलना में वर्ष 2016 में 161.4 करोड़ लोगों ने एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा की।वर्ष 2016 में भारत में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या 2.5 करोड़ है जबकि 2015 में यह संख्या 2.3 करोड़ थी।
- वर्ष 2016 में वर्ष 2015 की तुलना में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें धार्मिक एवं चिकित्सा पर्यटन दोनों शामिल हैं।
- वर्ष 2017 में जनवरी से जून के मध्य 48.8 लाख पर्यटकों का आगमन हुआ।
- यह विगत वर्ष इसी अवधि में आने वाले पर्यटकों की तुलना में 17.2 प्रतिशत अधिक है।
- भारत के दूसरे पर्यटन सेटेलाइट अकाउंट के अनुसार पर्यटन क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद में 2009-2010, 2010- 2011, 2011-2012, और 2012-2013 में कुल अनुमानित योगदान क्रमशः 6.77, 6.76, 6.76 और 6.88 प्रतिशत रहा।
- देश में पर्यटन को बढ़ावा देने और प्रोत्साहन हेतु पर्यटन मंत्रालय द्वारा संचालित प्रमुख योजनाएं निम्न हैं-स्वदेश दर्शन-विशिष्ट विषयों पर पर्यटन परिपथों का समन्वित विकास, तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) के लिए राष्ट्रीय मिशन, बाजार के विकास में सहायता और विदेशों में प्रचार-प्रसार, आईएचएम/एफसीआई/आईआईटीटीएम व एनसीएचएमसीटी को सहायता, आतिथ्य क्षेत्र सहित देश में प्रचार और प्रसार, सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम और कंप्यूटरीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी।पर्यटन के क्षेत्र में वायु, रेल, सड़क होटल और रेस्टोरेंट आदि जैसी सेवायें शामिल हैं।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/mbErel.aspx?relid=169291

## हैटांग तूफान

**प्रश्न-जुलाई, 2017 में उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'हैटांग तूफान' (Typhoon Haitang) से प्रभावित होने वाले देश हैं-**

(a) चीन एवं ताइवान (b) लाओस एवं कंबोडिया

(c) म्यांमार एवं वियतनाम (d) जापान एवं दक्षिण कोरिया

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 30 जुलाई, 2017 को उष्णकटिबंधीय चक्रवात 'टाइफून हैटांग' ने ताइवान की पिंगटुंग (Pingtung) में दस्तक दी।यह तूफान 31 जुलाई, 2017 को पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के फुकिंग शहर में पहुंचा।
- तूफान के कारण चीन में 2 लाख से अधिक लोगों को विस्थापित होना पड़ा।
- तूफान की अधिकतम गति 18 मीटर प्रति सेकंड थी।
- तूफान के कारण चीन एवं ताइवान में भारी वर्षा का सामना करना पड़ा।
- हैटांग तूफान वर्ष 2017 में चीन एवं ताइवान में आने वाला 10वां तूफान है।
- गौरतलब है कि 29 जुलाई, 2017 को तूफान नेसात (Typhoon Nesat) चीन एवं ताइवान में आया था।

**संबंधित लिंक**

http://news.xinhuanet.com/english/2017-07/30/c_136486073.htm

## व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है?**

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश (c) असम (d) बिहार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 जुलाई, 2017 को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में व्यापारियों की सुरक्षा हेतु व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया गया।
- प्रत्येक जिले में एक अपर पुलिस अधीक्षक या वरिष्ठ क्षेत्राधिकारी को इस प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी नामित किया गया है।
- यह प्रकोष्ठ थानों में व्यापारियों से संबंधित शिकायतों का ब्यौरा तैयार कर उनका निस्तारण करेगा।एसपी प्रत्येक माह अपराध उन्मूलन गोष्ठी करके व्यापारियों से संबंधित शिकायतों, अभियोगों एवं सुरक्षा की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

**संबंधित लिंक**

http://www.jagran.com/uttar-pradesh/gorakhpur-city-16480246.html

## सोवरन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के दिशा-निर्देशों में संशोधन को स्वीकृति

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सोवरन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को और अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने हेतु इसके दिशा-निर्देशों में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इस मंजूरी के तहत निवेश की सीमा व्यक्तियों हेतु प्रतिवर्ष कितनी निर्धारित की गयी है?**

(a) 3 किग्रा. (b) 4 किग्रा. (c) 5 किग्रा. (d) 7 किग्रा.

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सोवरन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को और अधिक उद्देश्यपूर्ण बनाने हेतु इसके दिशा-निर्देशों में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई।स्कीम को और अधिक आकर्षक बनाने, लक्ष्य के अनुसार वित्तीय संसाधन जुटाने, सोने के आयात से उत्पन्न आर्थिक दबावों को कम करने तथा चालू खाता घाटा कम करने हेतु इसकी विशेषताओं में परिवर्तन किया गया है।
- संशोधन के तहत विभिन्न ब्याज दरों और जोखिम प्रतिरक्षा/चुकता वाले विभिन्न एसजीबी डिजाइन करने एवं शुरू करने हेतु वित्त मंत्रालय को पूर्व की अपेक्षा कुछ राहत प्रदान की गई है।
- वित्त मंत्रालय विभिन्न श्रेणी के निवेशकों को निवेश का विकल्प प्रदान करेगा।
- वित्त मंत्रालय को वित्त मंत्री की स्वीकृति से स्कीम की विशेषताओं में संशोधन/जुड़ाव करने की शक्ति प्रदत्त की गई है। जिससे एक विशेष भाग की विशेषताओं को अंतिम रूप देने और इसकी अधिसूचना के बीच समय-अंतराल को कम किया जा सके।
- **इस स्कीम में निम्नलिखित विशेष परिवर्तनों को मंजूरी दी गई है-**

  1. निवेश की सीमा व्यक्तियों हेतु प्रतिवर्ष 4 किग्रा., हिन्दू अविभाजित परिवार तथा न्यासों तथा समय-समय पर सरकार द्वारा सूचित अस्तित्वों हेतु 20 किग्रा. बढ़ा दी गई है।2. सीमा की गणना वित्तीय वर्ष के आधार पर होगी और इसमें अनुषंगी बाजार में कारोबार के दौरान क्रय किए गए सोबरन स्वर्ण बॉन्ड शामिल होंगे।3. बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के जमानती हिस्से निवेश सीमा में शामिल नहीं होगा।4. यह बॉन्ड मांग के आधार पर उपलब्ध होगा।5. एनएसई, बीएसी, बैंकों तथा डाक विभाग की सलाह के आधार पर वित्त मंत्रालय द्वारा मांग के आधार

पर उत्पाद की विशेषताएं निर्धारित होंगी।6. इस बॉन्ड की तरलता और कारोबारी सक्षमता में सुधार हेतु उचित बाजारोन्मुखी पहल की जाएगी।

- 7. वाणिज्यिक बैंक तथा एमएमटीसी जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कोई कंपनी या सरकार द्वारा निर्धारित कोई कंपनी बाजार निर्माता होगी।

  8. सरकार आवश्यकतानुसार एजेन्टों को अधिक कमीशन की अनुमति प्रदान कर सकती है।
- उल्लेखनीय है कि सोवरन बॉन्ड स्कीम 5 नवंबर 2015 को सरकार द्वारा अधिसूचित की गई थी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169103

## 'इंडिया क्वेक' और 'सागरवाणी ऐप' लांच

**प्रश्न-'इंडिया क्वेक' ऐप संबंधित है-**

(a) वर्षा से (b) भूकंप से (c) परिवहन से (d) कृषि से

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान, पर्यावरण, वन तथा जलवायु मंत्री हर्षवर्धन ने नई दिल्ली में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की स्थापना दिवस के अवसर पर 'इंडिया क्वेक' ऐप लांच किया।
- भूकंप आने के बाद यह ऐप स्वचालित रूप से भूकंप के स्थान, समय और उसकी तीव्रता (मापदंडों) के संदेश का प्रसार करेगा।
- राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के वर्तमान 84 स्टेशन हैं जिससे भूकंपीय नेटवर्क संचालित होता है।यह स्टेशन वास्तविक समय में डाटा संचार हेतु री-सैट के माध्यम से राष्ट्रीय भूकंप केंद्र से संलग्न है।
- इसी दिन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की स्थापना दिवस के अवसर पर डॉ. हर्षवर्धन ने 'सागरवाणी' ऐप का भी शुभारंभ किया।
- परामर्शों का प्रभावी और समय पर प्रयोगशाला से सीधे प्रसार करने हेतु एकीकृत सूचना प्रसार प्रणाली सागरवाणी विकसित की गई है।
- सागरवाणी तटीय समुदाय मुख्यतः मछुआरों को उनकी आजीविका और समुद्र में सुरक्षा के संबंध में परामर्श और चेतावनी देने में मददगार होगा।

## सीआरपीएफ की 78वीं वर्षगांठ

**प्रश्न-किस वर्ष क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस बल का गठन किया गया था?**

(a) वर्ष 1936 (b) वर्ष 1938 (c) वर्ष 1939 (d) वर्ष 1946

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 जुलाई, 2017 को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) ने मुख्यालय, नई दिल्ली में अपना 78वां वर्षगांठ मनाया।
- यह सबसे पुराने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों (वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र बल) में से एक है जिसे 27 जुलाई, 1939 में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के रूप में गठित किया गया था।आजादी के बाद 28 दिसंबर, 1949 को संसद के एक अधिनियम द्वारा इस बल का नाम केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कर दिया गया।

- इस बल ने विभिन्न अभियानों में अपनी भूमिका का निर्वहन सफलतापूर्वक किया है।केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भारत के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे बड़ा है।
- यह बल भारत सरकार के गृह मंत्रालय से संबद्ध है।
- वर्तमान में सीआरपीएफ के निदेशक राजीव राय भटनागर हैं।

**संबंधित लिंक**

http://crpf.nic.in/writereaddata/Portal/News/438_1_9370717.pdf

## माइक्रोसॉफ्ट 'कैजाला' (Kaizala)

**प्रश्न-माइक्रोसॉफ्ट 'कैजाला' क्या है?**

(a) मोबाइल ऐप(b) ऑनलाइन प्लेटफॉर्म(c) ब्राउजर(d) ऑपरेटिंग सिस्टम

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने माइक्रोसॉफ्ट कैजाला (Kaizala) मोबाइल ऐप लांच किया।
- यह बड़े पैमाने पर समूह संचार और कार्य प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है।
- एक समूह पर लाखों लोगों को भेजे जाने वाले संदेशों को एक साथ प्रेषित करने में यह सक्षम है।
- माइक्रोसॉफ्ट कैजाला ऐप 2जी नेटवर्क के लिए अनुकूलित किया गया है जिससे दूरस्थ स्थानों में कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके।
- यह ऑफलाइन समर्थन के साथ सुविधाओं की पेशकश करता है।
- यह संगठनों को अपने संगठन के अंदर और बाहर बड़ी संख्या में लोगों से जुड़ने में सहायता करता है।
- इसके उपयोगकर्त्ता अपने मोबाइल फोन नंबरों का उपयोग अपने प्राथमिक आईडी के रूप में कर सकते हैं।
- माइक्रोसॉफ्ट कैजाला माइक्रोसॉफ्ट एज्यूर (Azure), क्लाउड प्लेटफार्म द्वारा संचालित है।कैजाला संगठनों को एक कुशल तरीके से संवाद सहयोग और कार्य पूरा करने में मदद प्रदान करेगा।माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने अपने उद्यमी संस्करण कैजाला प्रो के शुभारंभ की घोषणा की जो संगठनों को अपने समूहों के पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण की अनुमति प्रदान करता है।

**संबंधित लिंक**

https://www.microsoft.com/en-us/garage/profiles/kaizala/

## 'राष्ट्रीय गीत' के संदर्भ में मद्रास हाईकोर्ट का निर्णय

**प्रश्न-राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम' के संदर्भ में मद्रास हाईकोर्ट के निर्णय के संबंध में प्रश्न में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) मद्रास न्यायालय ने यह फैसला 27 जुलाई, 2017 को सुनाया।

(b) तमिलनाडु के स्कूलों, कॉलेजों तथा अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का गायन अनिवार्य किए जाने का फैसला सुनाया।

(c) तमिलनाडु के शिक्षण संस्थानों में सप्ताह में एक दिन अवश्य सामूहिक गायन कराया जाए।

(d) इसके लिए न्यायालय द्वारा सोमवार या शुक्रवार का दिन सुझाया गया है।

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के स्कूलों, कॉलेजों तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में राष्ट्रीय गीत 'वंदेमातरम' का गायन अनिवार्य किए जाने का फैसला सुनाया।
- निर्णय के अनुसार राज्य के शिक्षण संस्थानों में सप्ताह में कम से कम एक बार तथा सरकारी एवं गैर- सरकारी कार्यालयों में महीने में कम से कम एक बार इसका गायन अवश्य किया जाये।न्यायालय के इस निर्णय का उद्देश्य राष्ट्र के नागरिकों को देश के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ना है।
- न्यायालय ने इसके लिए सोमवार या शुक्रवार का दिन सुझाया है।
- न्यायाधीश एमवी मुरलीधरन ने कहा कि इस कार्यक्रम हेतु यदि कोई व्यक्ति या संगठन राष्ट्रीय गीत के गायन में असमर्थता व्यक्त करता है तो उसे गायन हेतु मजबूर नहीं किया जाएगा यद्यपि उन्हें इसके लिए वैध कारण बताना होगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.thehindu.com/news/national/tamil-nadu/national-song-should-be-sung-at-least-once-a-week-rules-madras-high-court/article19357794.ece

## सिडबी द्वारा मर्चेंट बैंकिंग परिचालन की शुरूआत

**प्रश्न-भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की स्थापना कब हुई थी?**

(a) 15 मार्च, 1945 (b) 5 अप्रैल, 1985 (c) 2 अप्रैल, 1990(d) 10 अगस्त, 1991

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 जुलाई, 2017 को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI- Small Industries development bank of India) द्वारा विकासोन्मुख सूक्ष्म, लघु और मध्यम (MSME) इकाइयां जिनके पास सशक्त प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेषी संपन्नता है, की संख्या में वृद्धि हेतु पूर्ण विकसित स्वरूप में व्यापारिक बैंकिंग परिचालन शुरू किया गया।
- इस पहल का उद्देश्य पूंजी बाजारों में एसएमई ट्रेडिंग प्लेटफार्म और संस्थागत ट्रेडिंग प्लेटफार्म सहित एमएसएमई ईकाईयों तक पहुंच बढ़ाना है।
- सिडबी ने लगभग 125 उद्यम पूंजी निधियों को सहायता प्रदान की है, जो कि निवेशक कंपनियों के लिए विस्तारित सेवा हैं। जिससे वे एसएमई एक्सचेंज द्वारा मर्चेन्ट बैंकिंग परिचालन हेतु खुद को सूचीबद्ध करा सकें।
- यह बैंक लगभग दो दशकों से एमएसएमई ईकाईयों को क्रेडिट सहायता में सहयोग प्रदान कर रहा है।
- सिडबी की स्थापना 2 अप्रैल, 1990 को संसद के एक अधिनियम के तहत की गई थी।इसका मुख्यालय लखनऊ में स्थित है।
- वर्तमान में छत्रपति शिवाजी इसके अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.sidbi.in/show_news.php?q=hi&&w=ODY=

## चाय बैग में स्टेपलर पिन पर प्रतिबंध

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय खाद्य एवं नियामक प्राधिकरण द्वारा चाय बैग (Tea bag) में स्टेपलर पिन के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया। यह प्रतिबंध कब से प्रभावी होगा?**

(a) अगस्त, 2017 (b) नवंबर, 2017 (c) दिसंबर, 2017 (d) जनवरी, 2018

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 जुलाई, 2017 को भारतीय खाद्य एवं नियामक प्राधिकरण (FSSAI- Food Safety and Standards Authority of India) द्वारा चाय बैग (Tea bag) में स्टेपलर पिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया।
- यह प्रतिबंध जनवरी, 2018 से प्रभावी होगा।
- यह आदेश चाय के बैग के बढ़ते विक्रय प्रचलन को देखते हुए लगाया गया है क्योंकि यदि यह पिन चाय में गिर जाए और इसका सेवन किया जाए तो इससे जान को खतरा हो सकता है।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की स्थापना खाद्य सुरक्षा तथा मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत किया गया है।
- इसका उद्देश्य खाद्य सामग्री हेतु विज्ञान आधारित मानकों का निर्माण करना तथा खाद्य पदार्थों के विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री तथा आयात आदि को नियन्त्रित करना है।इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

**संबंधित लिंक**

http://www.teajunction.in/show/content/teajunction_news/FSSAI-bans-stapler-pins-in-tea-bags-from-January-2018_1

## प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निजी भूमि पर सस्ते आवासों के निर्माण को मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत किस स्थल पर निजी भूमि पर शहरी गरीबों हेतु 30,000 सस्ते आवासों के निर्माण हेतु मंजूरी प्रदान की गई?**

(a) झज्जर (b) शहडोल (c) शोलापुर (d) लातूर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- जुलाई, 2017 में केंद्रीय गृह मंत्रालय और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निजी भूमि पर शहरी गरीबों हेतु सस्ते आवासों के निर्माण को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत शोलापुर, महाराष्ट्र में 30,000 सस्ते आवासों का निर्माण किया जाएगा।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निजी जमीन पर बनने वाली यह पहली परियोजना है।
- यह प्रस्ताव अंतर मंत्रालय केंद्रीय और निगरानी समिति द्वारा महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों से विचार विमर्श के बाद अनुमोदित किया गया।
- इससे पूर्व प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत अनुमोदित परियोजनाएं राज्य सरकार या नगर निगमों से संबंधित भूमि पर बनाई गई थीं।
- आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा परियोजना हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 450 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता की मंजूरी भी प्रदान की गई।

**संबंधित लिंक**

http://www.moneycontrol.com/news/business/economy/govt-approves-construction-of-30000-affordable-houses-on-pvt-land-2334641.html

## मेट्रो में मुफ्त पानी और शौचालय की सुविधा

**प्रश्न-किस शहर की मेट्रो द्वारा देश में पहली बार अपने सभी स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल एवं शौचालयों की सुविधा और वाई-फाई की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध करायी जाएगी?**

(a) दिल्ली मेट्रो (b) लखनऊ मेट्रो (c) कोच्चि मेट्रो (d) कोलकाता मेट्रो

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- जुलाई, 2017 में प्रकाशित खबरों के अनुसार लखनऊ मेट्रो के सभी 21 स्टेशनों पर स्वच्छ पेयजल और आधुनिक शौचालयों की सुविधा मुफ्त में प्रदान की जाएगी।
- इसके अलावा वह सभी स्टेशनों पर निःशुल्क वाई-फाई की सुविधा भी प्रदान करेगी।इस प्रकार की सुविधा प्रदान करने वाली यह देश की पहली मेट्रो होगी।
- स्टेशन पर ठंडा और प्यूरिफाइड पानी मिलेगा।
- यह सुविधा केवल उन्हीं लोगों को प्रदत्त होगी जिन्होंने टोकन या गो-स्मार्ट कार्ड से भुगतान किया है।टिकट खरीदने के बाद ही पानी की सुविधा मिलेगी।
- लखनऊ मेट्रो रेल कार्पोरेशन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।
- लखनऊ मेट्रो भारत का पहला मेट्रो बनने वाला है जिसके पास अपना एफएम रेडियो स्टेशन होगा जो मेट्रो सुरक्षा पर मनोरंजन और सूचना उपलब्ध कराएगा।

**संबंधित लिंक**

http://timesofindia.indiatimes.com/city/lucknow/free-water-toilets-first-at-lucknow-metro-stations/articleshow/59690778.cms

## द्वीप विकास एजेंसी (IDA) की पहली बैठक

**प्रश्न-द्वीपों के विकास हेतु द्वीप विकास एजेंसी (IDA) की स्थापना हुई थी-**

(a) 1 अप्रैल, 2015 को (b) 20 जुलाई, 2015 को

(c) 1 जून, 2016 को (d) 1 जून, 2017 को

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को नवगठित द्वीप विकास एजेंसी (IDA- Islands Development Agency) की पहली बैठक नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- ध्यातव्य है कि प्रधानमंत्री के द्वीपों के विकास हेतु समीक्षा बैठक के पश्चात 1 जून, 2017 को आईडीए की स्थापना हुई थी।
- इस बैठक के दौरान समन्वित मास्टर प्लानों और द्वीप विकास से जुड़े अन्य मामलों को अमल में लाने हेतु हुई प्रगति की समीक्षा की गई।
- बैठक में अंडमान निकोबार के उपराज्यपाल और लक्षद्वीप के प्रशासक को आईडीए के सदस्य के रूप में शामिल करने का निर्णय किया गया।
- प्रमुख साझेदारों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात पहले चरण में 10 द्वीपों अंडमान और निकोबार एवं मिनीकॉय में स्मिथ, रोस, एव्स, लोंग एंड लिटिल अंडमान तथा लक्षद्वीप में बंगाराम, सुहेली चेरियम और टिन्नाकारा का समग्र विकास करने हेतु चिन्हित किया गया।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168895

## मल्टी करेंसी फोरेक्स कार्ड

**प्रश्न-हाल ही में किस बैंक द्वारा विदेशी यात्रियों हेतु एक मल्टी करेंसी फोरेक्स कार्ड लांच किया गया?**

(a) भारतीय स्टेट बैंक (b) स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक

(c) बैंक ऑफ अमेरिका (d) आईसीआईसीआई बैंक

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 जुलाई, 2017 को स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने विदेशी यात्रियों हेतु एक मल्टी-करेंसी फोरेक्स कार्ड (Multicurrency Forex Card) लांच किया।
- यह कार्ड ग्राहकों को एक कार्ड पर 20 मुद्राओं को लोड करने की सुविधा प्रदान करेगा।इसमें विदेशी यात्रा के दौरान ऑनलाइन पुनः लोड सुविधा भी शामिल है।
- यह कार्ड मुद्रा विनिमय दर में लॉक करके निरंतर मुद्रा में उतार-चढ़ाव से यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करेगा।इस सुविधा से यात्रियों को हर बार जब वे कार्ड का उपयोग करेंगे तो अलग-अलग दरों का भगुतान नहीं करना पड़ेगा।
- इस सुविधा के अतरिक्त यह कार्ड बीमा सुविधा भी यात्रियों को प्रदान करेगा-
- दुर्घटना बीमा-50 लाख का तक
- स्कार्ड के खोने या चोरी होने पर उसका गलत उपयोग होने पर 5 लाख तक का बीचातथा समान या व्यक्तिगत दस्तावेज के खोने पर 1 लाख तक का बीमा होगा।
- स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक वर्ष 1858 में स्थापित हुआ था जिसका मुख्यालय लंदन, इंग्लैंड में है।इसके वर्तमान अध्यक्ष जोस विनल्स हैं।

**संबंधित लिंक**

https://www.sc.com/global/av/in-multicurrency-forex-card.pdf

## विश्व का सबसे छोटा अंतरिक्षयान

**प्रश्न-जून, 2017 में प्रक्षेपित विश्व के सबसे छोटे अंतरिक्षयान का नाम है-**

(a) स्प्राइट (b) ब्राइट (c) काइट (d) फ्लाइट

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 जून, 2017 को 'ब्रेकथ्रू स्टारशाट' (Breakthrough Starshot) कार्यक्रम के छः अंतरिक्षयानों को पृथ्वी की निम्न कक्षा में प्रक्षेपित किया गया।
- विश्व के सबसे छोटे इन अंतरिक्ष यानों को 'स्प्राइट' (Sprites) नाम दिया गया है।
- ये अंतरिक्षयान 'इसरो' (ISRO) के पीएसएलवी-सी 38 द्वारा प्रक्षेपित इटली के उपग्रह 'मैक्स वेलियर' (Max Valier) और लाटविया के उपग्रह वेन्टा-1 (Venta-1) पर संलग्न किया गया था।
- केवल 4 ग्राम वजनी प्रत्येक अंतरिक्षयान की लंबाई × चौड़ाई 3.5 सेमी. × 3.5 सेमी. है और इसमें सौर ऊर्जा संचालित रेडियो, सेंसर, सोलर सेल्स, मैग्नोमीटर, माइक्रोकंट्रोलर आदि संलग्न है।गौरतलब है कि 'ब्रेकथ्रू स्टारशॉट कार्यक्रम, 12 अप्रैल, 2016 को रूस के उद्यमी यूरी मिलनर (Yuri Milner) और स्टीफन हॉकिंग (Stephen Hawking) द्वारा घोषित 100 मिलियन डॉलर का अनुसंधान एवं अभियांत्रिकी कार्यक्रम है।

**संबंधित लिंक**

https://www.theguardian.com/science/2017/jul/28/breakthrough-starshot-successfully-launch-worlds-smallest-spacecraft

## राष्ट्रीय जांच एजेंसी के कार्यालय व परिसर का उद्घाटन

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी के नवनिर्मित कार्यालय और आवासीय परिसर का कहां उद्घाटन किया?**

(a) नई दिल्ली (b) लखनऊ (c) भोपाल (d) देहरादून

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 अगस्त, 2017 को केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA-National Investigation Agency) के नवनिर्मित कार्यालय और आवासीय परिसर का उद्घाटन किया।
- यह इस एजेंसी का पहला निजी कार्यालय तथा आवासीय परिसर है।
- इस परिसर के अधिकार क्षेत्र में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और बिहार राज्य शामिल हैं।इस एजेंसी का गठन एन.आई.ए. अधिनियम, 2008 के तहत दिसंबर, 2008 में हुआ था।
- जनवरी, 2009 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने अपना कार्य प्रारंभ किया।
- यह आतंकवादी घटनाओं, आतंकवाद को धन उपलब्ध कराने और आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जांच हेतु गठित एक संघीय जांच एजेंसी है।
- यह एक स्वायत्तशासी संस्था है।ध्यातव्य है कि -इस एजेंसी की स्थापना वर्ष 2008 में मुंबई हमले के पश्चात हुई थी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=170113

## शौर्य पुरस्कार विजेताओं हेतु वेबसाइट लांच

**प्रश्न-प्रथम परमवीर चक्र पुरस्कार किसे मिला था?**

(a) लांसनायक करम सिंह (b) राम राधोबा राने

(c) मेजर सोमनाथ शर्मा (d) धन सिंह थापा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 अगस्त, 2017 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के बाद से अब तक के समस्त शौर्य पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में समर्पित एक ऑनलाइन पोर्टल (http://gallantryawards.gov.in) का शुभारंभ किया।
- यह पोर्टल हमारे सैन्य-असैन्य दोनों ही क्षेत्रों के शूरवीर पुरुषों और महिलाओं की गाथाओं को संरक्षित रखेगा और उसे लोगों को उपलब्ध कराएगा।
- इस पोर्टल पर चक्र शृंखला के पुरस्कार विजेताओं यथा परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र विजेताओं के नाम, यूनिट, वर्ष, प्रशस्ति पत्र एवं फोटो जैसी सूचनाएं उपलब्ध हैं।
- यदि आपके पास इनसे संबंधित कोई महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध है तो इसमें और सुधार हेतु इस विषय में कोई सुझाव फीडबैक इस पोर्टल के माध्यम से रक्षा मंत्रालय को प्रेषित कर सकते हैं।

- ध्यातव्य है कि प्रथम परमवीर चक्र पुरस्कार मेजर सोमनाथ शर्मा (चौथी बटालियन, कुमायूं रेजीमेंट) को दिया गया था।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169991

## सरल बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट योजना की राशि स्वीकृत

**प्रश्न-रूरल बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट योजना वित्त पोषित है-**

(a) राज्य सरकार द्वारा (b) केंद्र सरकार द्वारा

(c) राज्य व केंद्र सरकार द्वारा (d) नाबार्ड द्वारा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अगस्त, 2017 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुक्कुट विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत संचालित रूरल बैकयार्ड पोल्ट्री डेवलपमेंट योजना हेतु 19 करोड़ 60 लाख 80 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गयी है।
- यह योजना राज्य और केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है।
- योजना का मुख्य उद्देश्य कुक्कुट विकास कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाना, ग्रामीण क्षेत्रों में बैक्यार्ड पोल्ट्री को विकसित करना और निजी क्षेत्र के बड़े कुक्कुट उद्यमियों को आकर्षित करना है।चालू वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का आहरण/व्यय भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना और दिशा-निर्देश के अनुरूप ही होगा।

**संबंधित लिंक**

http://www.univarta.com/news/states/story/962009.html

## नमामि गंगे जागृति यात्रा

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नमामि गंगे जागृति यात्रा' का शुभारंभ किया। यह यात्रा किसके द्वारा आयोजित की गई है?**

(a) उत्तर प्रदेश पुलिस संगठन (b) होमगार्ड्स संगठन

(c) गंगा चेतना समूह (d) ग्रामीण विकास विभाग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अगस्त, 2017 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'नमामि गंगे जागृति यात्रा' का शुभारंभ किया।
- होमगार्ड्स संगठन द्वारा यह यात्रा आयोजित की जा रही है।
- यह यात्रा बिजनौर से बलिया तक प्रस्तावित है।इस यात्रा के दौरान प्रदेश में गंगा प्रवाह क्षेत्र के 25 जनपदों में एक लाख से अधिक होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के माध्यम से सभाएं आयोजित कर जनचेतना जागृति करने का प्रयास किया जाएगा।
- 6 सितंबर, 2017 को इस यात्रा का समापन होगा।

**संबंधित लिंक**

https://twitter.com/myogiadityanath/status/895210600976064513

## विश्व की पहली ग्रीन मेट्रो

**प्रश्न-ग्रीन प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली विश्व की पहली मेट्रो है-**

(a) मुंबई मेट्रो (b) हांगकांग मेट्रो (c) दिल्ली मेट्रो (d) सिंगापुर मेट्रो

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को भारतीय ग्रीन बिल्डिंग परिषद (IGBC) द्वारा ग्रीन बिल्डिंग मानदंडों के अनुपालन हेतु दिल्ली मेट्रो को ग्रीन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।
- दिल्ली मेट्रो विश्व की पहली मेट्रो है जिसकी प्रमुख इमारतों और प्रतिष्ठानों के लिए ग्रीन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है।
- तीसरे चरण में इसके तीन स्टेशन, डिपो और उप स्टेशनों तथा 10 आवासीय कालोनियों को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ने प्लेटिनम रेटिंग प्रदान की।
- यह प्रमाण पत्र मेट्रो भवन में आयोजित द्वितीय ग्रीन मेट्रो सिस्टम सम्मेलन के दौरान दिया गया।इस सम्मेलन का आयोजन इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल और भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।
- दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड मेट्रो नेटवर्क में 2.6 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन को जोड़कर वर्ष 2017 तक 20 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।देश में पिछले चार दशकों में ऊर्जा की खपत में 700 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और वर्ष 2030 तक यह तीन गुना हो जाएगी।
- दिल्ली मेट्रो ने 25 दिसंबर, 2002 को अपना पहला परिचालन शाहदरा और तीस हजारी के बीच शुरू किया था।

## नाइट्रोजन वाले ड्रिंक पर रोक

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य की सरकार द्वारा पेय एवं खाद्य पदार्थों में तरल नाइट्रोजन के उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई?**

(a) हिमाचल प्रदेश (b) पश्चिम बंगाल (c) हरियाणा (d) छत्तीसगढ़

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 जुलाई, 2017 को हरियाणा सरकार द्वारा पेय एवं खाद्य पदार्थों में तरल नाइट्रोजन के उपयोग पर पाबंदी लगा दी गई।
- खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 की धारा 34 ( 2006 के केंद्रीय अधिनियम 34) के तहत यह आदेश जारी किया गया।
- गुड़गांव के एक पब में एक व्यवसायी द्वारा तरल नाइट्रोजन वाला पेय पदार्थ पीने के बाद उसके पेट में सुराख हो गया था, इस घटना के दृष्टिगत हरियाणा सरकार ने यह फैसला किया।
- तरल नाइट्रोजन का प्रयोग शीघ्र ठंडा करने, द्रव्य को जमाने या पेय पदार्थों में थोड़ा धुएं जैसा प्रभाव (गैस उत्पन्न करने) पैदा करने के लिए होता है।
- तरल नाइट्रोजन मिश्रित किसी भी पेय या खाद्य पदार्थों का उपयोग मनुष्य के लिए हानिकारक है।

**संबंधित लिंक**

http://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/haryana-bans-liquid-nitrogen-with-drinks-food/articleshow/59815425.cms

## 'ग्लोबल टाइगर डे' कार्यक्रम

**प्रश्न-हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित 'ग्लोबल टाइगर डे' कार्यक्रम में किस राज्य को देश का पहला बाघ संरक्षण मानदंड (सीए/टीएस) प्रमाणन पुरस्कार प्रदान किया गया?**

(a) मध्य प्रदेश (b) पश्चिम बंगाल (c) उत्तराखंड (d) राजस्थान

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 जुलाई, 2017 को नई दिल्ली में 'ग्लोबल टाइगर डे' कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- इस कार्यक्रम में देश का पहला बाघ संरक्षण मानदंड (सीए/टीएस) पुरस्कार (CATS-Conservation Assured Tiger Standerd Accrediation Award) उत्तराखंड लेन्सडाउन वन मंडल को प्रदान किया गया।
- बाघों की गणना (वर्ष 2016-17) के जारी किए गये आंकड़ों के अनुसार कार्बेट टाइगर रिजर्व में न्यूनतम 208 विशिष्ट बाघ तथा राजा जी टाइगर रिजर्व में न्यूनतम 34 विशिष्ट बाघों की पहचान की गई है।
- विगत वर्ष कार्बेट टाइगर रिजर्व में यह संख्या 163 और राजाजी टाइगर रिजर्व में 16 थी।यह पुरस्कार लेन्सडाउन की डिवीजन को बाघों की सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु प्रदान किया गया है।
- सीए/टीएस डब्लूडब्लूएफ द्वारा विकसित बाघों के प्रभावी संरक्षण का प्रबंधकीय मानक है।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169257

## सांकेतिक भाषा में बना भारतीय राष्ट्रगान वीडियो लांच

**प्रश्न-हाल ही में किसने सांकेतिक भाषा में बना भारतीय राष्ट्रगान वीडियो लांच किया?**

(a) स्मृति जुबिन ईरानी (b) डॉ. महेंद्र नाथ पांडे

(c) प्रकाश जावड़ेकर (d) डॉ. हर्षवर्धन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अगस्त, 2017 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने नई दिल्ली स्थित फिल्म प्रभाग ऑडीटोरियम में सांकेतिक भाषा में बना भारतीय राष्ट्रगान वीडियो लांच किया।
- इस वीडियो फिल्म की संकल्पना वी केयर फिल्म फेस्टिवल (We Care Film Festival) के संस्थापक निदेशक सतीश कपूर ने की है।
- वी केयर फिल्म फेस्टिवल ने स्वयंसेवी संगठन ब्रदरहुड के अंतर्गत वीडियो फिल्म निर्माण किया।इसका निर्देशन गोविंद निहलानी ने किया है और संगीत स्वर्गीय आदेश श्रीवास्तव का है।
- इस वीडियो में दिल्ली स्थित लाल किले में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन दिव्यांग बच्चों के साथ सांकेतिक भाषा में राष्ट्रगान कर रहे हैं।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=169844

## मृत्यु पंजीकरण हेतु 'आधार संख्या' अनिवार्य

**प्रश्न-हाल ही में भारत के महापंजीयक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कब से मृत्यु पंजीकरण हेतु 'आधार संख्या' अनिवार्य होगा?**

(a) 1 सितंबर, 2017 से (b) 1 जनवरी, 2018 से

(c) 1 दिसंबर, 2017 से (d) 1 अक्टूबर, 2017 से

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अगस्त, 2017 को भारत के महापंजीयक द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, 1 अक्टूबर, 2017 से मृत्यु पंजीकरण हेतु आधार संख्या अनिवार्य होगी।
- मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन के समय आधार के प्रयोग से मृतक के बारे में उनके परिजनों से सटीक जानकारी मिल सकेगी।
- इससे पहचान संबंधी धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी।
- आधार संख्या मृतक की पहचान से जुड़ी जानकारियों को प्राप्त करने में भी मददगार साबित होगी।
- साथ ही मृतक की पहचान के लिए कई दस्तावेजों को पेश करने की अनिवार्यता से भी छुटकारा मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर, असम और मेघालय के लिए इसे बाद में लागू किया जाएगा।मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को मृतक की आधार कार्ड संख्या बतानी होगी।
- अगर किसी आवेदक के पास मृतक का आधार था, पंजीकरण संख्या नहीं है तो उसे मृतक की आधार संख्या ज्ञात न होने का शपथ पत्र देना होगा।

## सैनिक रेस्ट हाउस का उद्घाटन

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय रक्षा मंत्री अरुण जेटली ने किस स्थल पर 315वें सैनिक रेस्ट हाउस का उद्घाटन किया?**

(a) नई दिल्ली (b) बंगलुरू (c) जैसलमेर (d) ईटानगर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 जुलाई, 2017 को रक्षा मंत्री अरुण जेटली ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के 315वें सैनिक रेस्ट हाउस का नई दिल्ली में उद्घाटन किया।
- लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत राशि से यह रेस्ट हाउस पश्चिमी दिल्ली में दिल्ली छावनी क्षेत्र के निकट नारायण त्रिकोणीय जंक्शन पर निर्मित किया गया है।
- इस रेस्ट हाउस की बुकिंग ऑनलाइन की जा सकती है। इससे पूर्व सैनिकों को लाभ होगा।
- इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने सैनिक विश्राम गृह का नया पोर्टल भी लांच किया।
- केंद्रीय सैनिक बोर्ड पोर्टल रेस्ट हाउस के उपयोग के लिए विवरण, सुविधाएं और प्रतिबंधों की सूची मुहैया कराएगा और शीघ्र ही इसके माध्यम से ऑनलाइन भुगतान की सुविधा भी प्रदत्त होगी।

**संबंधित लिंक**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=168863